कवि-श्रीसोमनाथव्यास-विरचितं
राष्ट्रभाषानुवादभूषितं

राघवाह्निकम्

गेयकाव्यम्



प्रकाशनस्थलम्
श्रीलालबहादुरशास्त्रीकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
नईदिल्ली-२१
१९७३-७४ ई०

संस्कृत-विद्यापीठ-प्रकाशनमालायाः सप्तदशं पुष्पम्

कवि-श्रीसोमनाथ-व्यास-विरचितं राष्ट्रभाषानुवाद-भूषितं च

श्रीराघवाह्निकम्

गेयकाव्यम्



प्रधान-सम्पादकः —

डॉ० पुष्पेन्द्रकुमारशर्मा, प्राचार्यः

मूलकाव्यसम्पादकः —

प्रो. बाबूलालशुक्लः शास्त्री एम. ए., साहित्याचार्यः
प्राध्यापकः संस्कृत-विभागाध्यक्षश्च—शासकीयमहाविद्यालयः, मन्दसौर (म. प्र.)

सम्पादकोऽनुवादको भूमिकालेखकश्च—

डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी साहित्य-साङ्ख्ययोगाचार्यः
एम० ए० (संस्कृत-हिन्दी), पी-एच० डी०, साहित्यरत्नम्
प्रवाचको विभागाध्यक्षश्च— अनुसन्धान–प्रकाशन–विभागस्य



श्रीलालबहादुरशास्त्री-केन्द्रीय-संस्कृत-विद्यापीठम्
नई दिल्ली-२१
सन् १९७३-७४ ई०

प्रधान-सम्पादकीयम्

अथेदं कविवर-श्रीसोमनाथ-व्यासविरचितं भाव-पेशलं मृदु-मृदुल-गिरा-गुम्फितं श्रीराघवेन्द्र-भक्ति-भरितं गीति-रीति-विजृम्भितं जयदेव-कवे'र्गीत-गोविन्द' काव्यानुकारि सरलं **'श्रीराघवाह्निकम्'** गेयकाव्यं राष्ट्रभाषानुवाद-समन्वितं सम्मुद्रच पाठकानां कर-सरसिजेषु पुरस्कुर्वतो मम मनसि कोऽपि हर्ष-प्रकर्षः समुदेति ।

प्रथमतया काव्यमिदं विद्यापीठेनैव प्रकाशितम् । **'श्रीलालबहादुरशास्त्री-केन्द्रीय-संस्कृत-विद्यापीठ'**स्य कल्याणेषु विविधासु प्रवृत्तिषु **'अनुसन्धानप्रकाशन'**प्रवृत्तिरपि साधीयसी । प्रतिवर्षं **'अध्ययन-माला'** नाम्नाऽनुसन्धानरतानां विदुषां शोधच्छात्राणाञ्च लेखा अत्र प्रकाश्येरन्निति गते वत्सरे (१९७२-७३ ई.) **'राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थान'**-निदेशकैः स्वीकृतायां योजनायां प्रथमोऽङ्कः प्रकाशितः । परं च तस्या एव द्वितीयतृतीयाङ्कतया **'म. म. श्रीपरमेश्वरानन्दशास्त्रि-स्मृतिग्रन्थ-**रूपेण प्रकाशिते विशिष्टाङ्के काव्यमिदमपि मुद्रितं पृथक् च ग्रन्थरूपेणापि प्रकाशितम् ।

अस्य मूलकाव्यस्य सुसम्पादित-पाण्डुलिपि-प्रदानाय प्राध्यापकवर्य-श्रीबाबूलालशुक्ल-शास्त्रिणः, एम. ए. साहित्याचार्या अस्माकं नितरां धन्यवादार्हाः । विद्यापीठे चानुसन्धान-प्रकाशन-विभागाध्यक्षः प्रवाचकपदमधिष्ठितः डॉ० रुद्रदेव-त्रिपाठी काव्यमिदं राष्ट्रभाषयाऽनूद्य सारगर्भया भूमिकया च सम्भूष्य सुसमपादयदिति तस्मा अपि धन्यवादं वितीर्य—

'सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम्'

इत्यभिलषन् काव्यस्यास्य परिशीलनाय च प्रार्थयन् पल्लवितेन विरमामि ।

श्री ला. ब. शास्त्री सं. वि.
नई दिल्ली २१-५-७४

डॉ० पुष्पेन्द्रकुमारशर्मा
प्राचार्यः

श्रीराघवाह्निक-गेयकाव्यमधिकृत्य

कवि-काव्य-विषयकं निवेदनम्

कविवरश्रीसोमनाथव्यास—प्रणीतस्यास्य '**राघवाह्निक-गेयकाव्य**'स्य संस्करणमिदं संस्कृत-विदुषां पुरः [स्था]पयतो मम मनसि महती मुत्परम्परा वर्धते यतो ह्यस्येदं प्रकाशनं प्राथमिकमेव । अस्य सम्पादने मया द्वे पाण्डुलिपी [प्रा]प्ते । ते च क्रमश इत्थं स्तः —

[पा]ण्डुलिपि-परिचयः—

(१) प्रथमा पाण्डुलिपिः 'सिन्धिया (ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट) प्राच्यग्रन्थागार-विक्रम-विश्वविद्यालय-उज्जयि-[न]ीतः सम्बद्धाऽस्ति । प्रतिरियं पूर्णा । १० × ४½ इञ्चमाना तथा ७ सप्तावलनवति देश्यपत्रे लिखिता विद्यते । प्रतिपृष्ठं [१]४ चतुर्दश पङ्क्तयः सन्ति तथा ४० चत्वारिंशद् वर्णाश्च । देवनागर्यामियमङ्किताऽस्ति ।

(२) द्वितीया पाडुलिपिरपि अस्यैव ग्रन्थागारस्यास्ति । इयमूर्ध्वभागादधोभागं यावत् ७¾ इञ्चमिता तथाऽऽव-[ल]नशालिषु देश्यपत्रेषु लिखिता वर्तते । प्रतिपृष्ठमत्र १२ द्वादश पङ्क्तयः प्रतिपङ्क्ति च ३० त्रिंशद् वर्णाः सन्ति । [अ]स्यामपि देवनागराक्षराणामेव प्रयोगः ।

कवि-परिचयः — कवेरस्य परिचयस्तु तदीयान्यग्रन्थ—**आर्यावरवर्णिनी**—नामकस्य पुष्पिकायां[1] स्वयं [ग्र]न्थकर्त्रा प्रस्तुताया आत्मकथाया ज्ञायते । यत्र कविरयं '**सोमनाथ-व्यास**'—नाम्ना प्रसिद्धः । आर्यावरवर्णिन्या एव '**भाव-[प्र]काशिनी-सहचरी**' ति नाम्न्याः स्वोपज्ञटीकायास्तथा '**राम-सभा-नाटक**'मित्यभिधानवतो नाटकाच्च परिचयो लभ्यते[2] [त]दस्य पितुर्नाम '**श्रीओम्प्रकाशव्यास**' (ओङ्कारद्विज) इत्यासीत् । अस्य कवेर्ज्यायान् सहोदरः '**श्रीभोलानाथ**' इत्यभूत् । '**श्रीहरिनारायण-भागीरथ**'-नामानौ चास्य पुत्रावभूताम् । जात्या चायं **गुर्जर-गौड़-ब्राह्मणः**, मध्यप्रदेशान्तर्गतोज्जयिन्या निकटस्थ-'**शाजापुर**'-ग्राम-वास्तव्योऽयं तत्रत्ये 'हरराय-पुर'नामके स्थाने वसति स्म । तत्रैव कालस्थितिरपि ताभ्यामेव [ग्र]न्थाभ्यां टीकातश्चाष्टादशशत्या अन्त्यभाग इति ज्ञायते तदनुसारञ्च साहित्यरचनाकालः १८५०-१९०० वैक्रमसंवत्सरो-ऽथवा १७९३-१८४२ खीस्तसंवत्सरो निश्चीयते ।

गेयकाव्य-परिचयः—

'**राघवाह्निकं गेयकाव्य**'-मिदं गीतिकाव्यस्यैकं रमणीयं निदर्शनम् । यद्यप्यस्मिन्नद्वितीयानामसाधारणानां वा

---

१. श्रीमदोङ्कारद्विजसूनु-भोलानाथानुजेन **सोमनाथाख्य**-कविकुलसेवकेन विरचिता'**ऽऽर्यावरवर्णिनी**' समाप्ता ।

२. श्रीमद्रघुनाथपदपङ्कज-मरन्दानन्दायितचेतसा सोमनाथेन रचितायां '**वरवर्णिनी-भावप्रकाशिकायां**' वरवर्णिनी-भावप्रकाशिनी-सहचरी चरितार्थतामगमत् । संवत् १८८६ माघमासे शुक्लपक्षे नृसिंहजयन्त्यां भानुमति वासरे स्वातिभे ।

श्रीराघवाह्निक-गेयकाव्यमधिकृत्य

कवि-काव्य-विषयकं निवेदनम्

कविवरश्रीसोमनाथव्यास—प्रणीतस्यास्य '**राघवाह्निक-गेयकाव्य**'स्य संस्करणमिदं संस्कृत-विदुषां पुरः स्थापयतो मम मनसि महती मुत्परम्परा वर्धते यतो ह्यस्येदं प्रकाशनं प्राथमिकमेव । अस्य सम्पादने मया द्वे पाण्डुलिपी प्राप्ते । ते च क्रमश इत्थं स्तः —

पाण्डुलिपि-परिचयः—

(१) प्रथमा पाण्डुलिपिः 'सिन्धिया (ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट) प्राच्यग्रन्थागार-विक्रम-विश्वविद्यालय-उज्जयिनीतः सम्बद्धाऽस्ति । प्रतिरियं पूर्णा । १० × ४½ इञ्चमाना तथा ७ सप्तावलनवति देश्यपत्रे लिखिता विद्यते । प्रतिपृष्ठं १४ चतुर्दश पङ्क्तयः सन्ति तथा ४० चत्वारिंशद् वर्णाश्च । देवनागर्यामियमङ्किताऽस्ति ।

(२) द्वितीया पाडुलिपिरपि अस्यैव ग्रन्थागारस्यास्ति । इयमूर्ध्वभागादधोभागं यावत् ७¾ इञ्चमिता तथाऽऽवलनशालिषु देश्यपत्रेषु लिखिता वर्तते । प्रतिपृष्ठमत्र १२ द्वादश पङ्क्तयः प्रतिपङ्क्ति च ३० त्रिंशद् वर्णाः सन्ति । अस्यामपि देवनागराक्षराणामेव प्रयोगः ।

कवि-परिचयः — कवेरस्य परिचयस्तु तदीयान्यग्रन्थ—**आर्यावरवर्णिनी**—नामकस्य पुष्पिकायां[1] स्वयं ग्रन्थकर्त्रा प्रस्तुताया आत्मकथाया ज्ञायते । यत्र कविरयं '**सोमनाथ-व्यास**'—नाम्ना प्रसिद्धः । आर्यावरवर्णिन्या एव '**भाव-प्रकाशिनी-सहचरी**' ति नाम्न्याः स्वोपज्ञटीकायास्तथा '**राम-सभा-नाटक**'मित्यभिधानवतो नाटकाच्च परिचयो लभ्यते[2] यदस्य पितुर्नाम '**श्रीओम्प्रकाशव्यास**' (ओङ्कारद्विज) इत्यासीत् । अस्य कवेर्ज्यायान् सहोदरः '**श्रीभोलानाथ**' इत्यभूत् । '**श्रीहरिनारायण-भागीरथ**'-नामानौ चास्य पुत्रावभूताम् । जात्या चायं **गुर्जर-गौड़-ब्राह्मणः**, मध्यप्रदेशान्तर्गतोज्जयिन्या निकटस्थ-'**शाजापुर**'-ग्राम-वास्तव्योऽयं तत्रत्ये 'हरराय-पुर'नामके स्थाने वसति स्म । तत्रैव कालस्थितिरपि ताभ्यामेव ग्रन्थाभ्यां टीकातश्चाष्टादशशत्या अन्त्यभाग इति ज्ञायते तदनुसारञ्च साहित्यरचनाकालः १८५०-१९०० वैक्रमसंवत्सरोऽथवा १७९३-१८४२ खीस्तसंवत्सरो निश्चीयते ।

गेयकाव्य-परिचयः—

'**राघवाह्निकं गेयकाव्य**'-मिदं गीतिकाव्यस्यैकं रमणीयं निदर्शनम् । यद्यप्यस्मिन्नद्वितीयानामसाधारणानां वा

---

१. श्रीमदोङ्कारद्विजसूनु-**भोलानाथानुजेन सोमनाथाख्य**-कविकुलसेवकेन विरचिता'**ऽऽर्यावरवर्णिनी**' समाप्ता ।

२. श्रीमद्रघुनाथपदपङ्कज-मरन्दानन्दायितचेतसा सोमनाथेन रचितायां '**वरवर्णिनी-भावप्रकाशिकायां**' वरवर्णिनी-भावप्रकाशिनी-सहचरी चरितार्थतामगमत् । **संवत्** १८८६ माघमासे **शुक्लपक्षे** नृसिंहजयन्त्यां भानुमति **वासरे** स्वातिभे ।

तथ्यानां नास्ति प्रकाशनं तथापि ग्रन्थकारोऽत्रालङ्कारशास्त्रस्य, व्याकरणस्य सङ्गीतस्य च प्रावीण्यं प्राचीकटदिति वक्तुं पार्यते । श्रीजयदेवकवेः **'गीतगोविन्द'**-काव्यस्य तथा श्रीरूपगोस्वामिनः **'स्तवमाला'**न्तर्गत-गेयकाव्यस्यात्र साफल्येनानुकरणं प्रतीयते । रुचिरा शैली, प्रौढ़ा दोषमुक्ता च पदरचना गेयकाव्यस्यास्य प्रशस्ये । सरसा भूयस्यः पङ्क्तयोऽत्र कण्ठस्थीकरणाय रसिकानावर्जयन्ति ।

कवेरन्या रचनाः —

श्रीसोमनाथव्यासस्यान्यासु रचनासु तत्रैव सिन्धिया-प्राच्यग्रन्थागारेऽद्यावध्युपलब्धा अप्रकाशिताश्चेमाः सन्ति—

(१) **आर्यावरवर्णिनी** । (२) **आर्यावरवर्णिनीव्याख्या भाव**प्रकाशिनी-**सहचरी** तथा (३) **रामसभानाटकम्** (अपूर्णम्) । सति सौविध्ये रचनानामेतासामपि सम्पादनं प्रकाशनं च क्रियेतेति मनीषितम् । अस्यैवान्या अपि काश्चन रचनाः सन्तीति श्रूयते ।

आभार-दर्शनम् —

अहं '**सिन्धिया-प्राच्यग्रन्थागार—विक्रम-विश्वविद्यालय**-स्याधिकारिभ्यो धन्यवादान् वितरामि यैरेतस्याप्रकाशितस्य राघवाह्निकगेयकाव्यस्य पाण्डुलिप्योः प्रयोगायानुमतिः प्रदत्ता । विक्रमविश्वविद्यालयस्योपकुलपतयः **श्रीशिवमङ्गलसिंह**'सुमन'-महोदया अपि धन्यवादार्हा यैर्ममास्मिन् कर्मण्युत्साहो वर्द्धितः । अस्य ग्रन्थागारस्य निर्देशकाः पद्मभूषण-विद्यावाचस्पति—**डॉ० सूर्यनारायणव्यास**महोदयास्तथा डॉ० रमेशचन्द्र-पुरोहित-प्रभृतयः सुहृद्वरा अपि नैकशो धन्यवादानर्हन्ति यैरस्य काव्यस्य सम्पूर्तये साहाय्यमाचरितम् ।

गेयकाव्यमिदं श्रीलालबहादुरशास्त्रीकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठस्य अनुसन्धानविभागे प्रवाचक-विभागाध्यक्षपदमधिष्ठितस्य **डॉ. रुद्रदेवत्रिपाठिनो** राष्ट्रभाषानुवादेन विस्तृत-भूमिकया च समन्वितं तस्यैव सुहृद्वरस्य प्रयासेन प्रकाश्यत इति महते प्रमोदाय ।

अत्र विषये सहर्षमनुमन्वानानां विद्यापीठप्राचार्याणां **डॉ. पुष्पेन्द्रकुमारशर्मणां** हार्दिकमाभारमुररीकृत्य प्रान्ते पाठकेभ्योऽस्यानन्दसन्ततेः सङ्गतये सम्प्रेरयन् विरमामि ।

चैत्रशुक्ला रामनवमी २०३१ वि०

शासकीय-महाविद्यालयः,
मन्दसौर (मध्यप्रदेशः)

विद्वद्वशंवदः
प्रा. बाबूलालशुक्लः शास्त्री
(मूलकाव्यसम्पादकः)

भूमिका

'गान-सरस्वती-महिमा'

भगवती सरस्वती के 'सङ्गीत' और 'साहित्य' ऐसे दो स्तन हैं जिनका पान कर समस्त प्राणि-वर्ग रस-विभोर होता है। सङ्गीत श्रवणामृत है और साहित्य लोचनामृत।[1] वैसे सङ्गीत के तत्त्व साहित्य से रहित नहीं होते हैं और साहित्य सङ्गीत-तत्त्व से शून्य नहीं। समग्र विश्व इस लोकोत्तर चमत्कार-सम्पन्न रस-सम्पदा से आमूल-चूल आप्यायित है। 'नृत्य, गीत एवं वाद्य' ये तीनों सङ्गीत में अन्तर्भूत हैं और सभी वाग्व्यापार का साहित्य में अन्तर्भाव है। यह वाग्व्यापार नादात्मक तत्त्व के आश्रय से सङ्गीत में परिणत होता है तथा इसी नादरूपा सृष्टि का शब्ददेह साहित्य बनता है। इस प्रकार परम्पराश्लिष्ट वाग्रूप की ज्योति अहर्निश प्रकाश फैलाती रहती है।[2] वैसे नादब्रह्मोपासक तो सभी विश्वप्रपञ्च की सृष्टि नाद से ही मानते हैं तथा नाद से वर्णाभिव्यक्ति, पदाभिव्यक्ति एवं वाग्व्यवहार-मयी सृष्टि का कथन करते हैं।[3] तान्त्रिक सम्प्रदाय भी नाद से ही निखिल वाङ्मय की उत्पत्ति मानता आया है।[4] इस दृष्टि से 'गान-सरस्वती' की महिमा सर्वोपरि है; तभी तो कहा गया है—

> **त्रिषु लोकेषु तन्नास्ति यद्गीतेन न लभ्यते। गानप्रियाः सुराः सर्वे भवन्ति वरदाः सदा॥**[5]

तथा—

> **यथा नयति कैलासं नगं गान-सरस्वती। तथाऽऽनयति कैलासं न गङ्गा न सरस्वती॥**

'गेयकाव्य-लक्षण-विमर्श'

सामान्यतः समस्त छन्दोमयी वाणी 'गेयकाव्य' में आवर्जित हो जाती है। आजकल तो 'पद्यबन्ध' ही नहीं 'गद्यबन्ध' भी गेयता के रूप में प्रस्तुत किये जाकर 'गीति' की संज्ञा को प्राप्त हो रहे हैं। अतः 'गीतियोग्यत्वं गेयकाव्यम्' ऐसा लक्षण बनाया जा सकता है। वैसे 'अभिव्यञ्जना-कौशल, शब्दों की ध्वनि तथा तथा अर्थ का सुन्दर सामञ्जस्य, भाषा की कोमलता एवं भावों की तीव्रता' से पूर्ण रचना 'गेयकाव्य' कहलाती है। अन्यत्र आचार्यों का कथन है कि—

---

१. सङ्गीतमथ साहित्यं सरस्वत्याः स्तनद्वयम्। एकमापातमधुरमन्यदालोचनामृतम्॥ इति प्रसिद्धा सूक्तिः।

२. 'अस्तमिते आदित्ये अस्तमिते चन्द्रे किं ज्योतिः पुरुषः याज्ञवल्क्य! इति प्रश्नस्योत्तरे—'वाग्ज्योतिरिति होवाच' (याज्ञवल्क्यः, बृहदारण्यकोपनिषदि।)

३. नादेन व्यज्यते वर्णः पदं वर्णात् पदाद् वचः। वचसो व्यवहारोऽयं नादाधीनमतो जगत्॥ इति।

४. नादरूपा पराशक्तिर्नादरूपो महेश्वरः। यदुक्तं ब्रह्मणः स्थानं ब्रह्मग्रन्थिश्च यः स्मृतः॥
तन्मध्ये संस्थितः प्राणः प्राणाद् बह्निसमुद्भवः। बह्निमारुत:-संयोगान् नादः समुपजायते॥
नादादुत्पद्यते बिन्दुस्ततः सर्वं च वाङ्मयम्। (इत्यादि मतङ्गस्य बृहद्देश्याम्।)

५. गीतगोविन्द उपोद्घात पद्य-६७, श्रीगोपाल, दीपिका टीकाकार।

स्वर-ताल-ग्राम-भेद-राग-रागाङ्ग-भूषितम् ।
संस्कृतं वा प्राकृतं वा गीतं गीतविदो विदुः ॥

इसके अनुसार 'स्वर, ताल और ग्रामादि भेद से युक्त राग-रागिनियों वाली संस्कृत अथवा प्राकृत में की गई रचना को गीतविदों ने 'गीत' कहा है।

संस्कृत-वाङ्मय में यद्यपि 'सामवेद' की ऋचाएँ स्पष्टतः गेय हैं और उनकी गान-पद्धति भी प्राचीन काल से ही सुनिश्चित है तथापि स्वतन्त्र 'गीति-काव्य' का लक्षण संस्कृत के काव्यलक्षणकारों ने नहीं दिया है। 'लक्ष्यानुसारी लक्षण बनते हैं' इस दृष्टि से भिन्न-भिन्न विद्वानों ने गेयकाव्यों के लक्षण देने का प्रयास किया है। डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री ने अपने 'संस्कृत-गीतिकाव्यानुचिन्तन'[१] में ऐसे लक्षणों का एकीकरण इस रूप में प्रस्तुत किया है—

१—आत्मनिष्ठता अथवा अन्तर्वृत्ति की प्रधानता ।
२—सङ्गीतात्मकता ।
३—निरपेक्षता अथवा पूर्वापर-सम्बन्धविहीनता ;
४—रसात्मकता अथवा रञ्जकता ।
५—भावातिरेकता अथवा रागात्मक अनुभूतियों की सान्द्रता ।
६—भावसान्द्रता ।
७—चित्रात्मकता ।
८—समाहित-प्रभाव ।
९—मार्मिकता ।
१०—संक्षिप्तता ।
११—सरलता और स्वाभाविक अभिव्यक्ति ।
१२—सहज अन्तः प्रेरणा ।

इन बारह गीतितत्त्वों अथवा इनमें से कुछ तत्त्वों के समावेश से युक्त रचना 'गेयकाव्य' कहलाती है। वस्तुतः इन तत्त्वों की काव्य में अभिव्यक्ति आपाततः हो जाती है तथा रस-प्रधान रचनाओं में तो ये और भी निखर उठते हैं। अतः व्यापक होते हुए भी इन तत्त्वों के आधार पर एक लक्षण बनाना आवश्यक है।

'संस्कृत गेय काव्य-धारा'

संस्कृत-साहित्य में रचना की दृष्टि से यदि छन्दों से निबद्ध रचनाओं को 'गीतिकाव्य' मानते हैं, तब तो उनके दो भेद हो जाते हैं—**१—प्रबन्धात्मक गेयकाव्य** और **२—मुक्तक गेयकाव्य**। प्रथम प्रन्बधात्मक रचनाओं में मेघदूत, ऋतुसंहार, अमरुशतक, स्तोत्र-लहरियाँ आदि आते हैं तथा ऐसी रचनाओं के स्वतन्त्र रसाभिव्यञ्जक परपद्यानपेक्षी पद्य 'मुक्तक' कहलाते हैं। इस साहित्य की वेदों से लेकर विशिष्ट कवियों की रचनाओं में सर्वत्र उपलब्धि होती है।

इनके अतिरिक्त **'तालबद्ध गेयता'** का आश्रय लेकर की गई रचनाओं को ही 'गेयकाव्य' मानें तो उसके भी **१—प्रबन्धमय** तथा **२—मुक्तकरूप** ऐसे दो भेद होंगे। इनमें गीतगोविन्दादि प्रबन्धमय हैं तथा अन्य स्वतन्त्ररूप से प्रयुक्त

---

१. द्रष्टव्य-गीतिकाव्यस्य प्रमुखतत्त्वानि । पृ. ५ ।

गेय पद मुक्तक की कोटि में आते हैं। ऐसी रचनाओं को 'शुद्ध गेयकाव्य' भी कह सकते हैं यद्यपि ऐसे ग्रन्थों में भी पद्य तो हैं ही, किन्तु अधिकता और महत्ता गेय-पदों की होने से 'शुद्ध गेयकाव्य'[1] कहा जा सकता है। यह संस्कृत गेय-काव्यधारा अतिप्राचीन है और इसमे उत्तरोत्तर विकास होता जा रहा है जिसका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

आद्य गेयकाव्य—'दशावतार-चरितम्'

यदि वैदिक वाङ्मय पर दृष्टि डालते हैं तो **'सामवेद'** प्रथम गेयकाव्य की कोटि में आएगा और यदि लौकिक वाङ्मय पर दृष्टि डालते हैं तो—'गीतगोविन्द' से पूर्व क्षेमेन्द्र का **'दशावतार-चरित'** आद्य गेयकाव्य कहा जाएगा।

क्षेमेन्द्र ने ग्यारहवीं शताब्दी के मध्यकाल में 'दशावतार-चरित' की रचना की है। ये कश्मीर के राजा अनन्त (१०२८ से १०६३ ई०) तथा कलश (१०६३ से १०८९ ई०) के काल में विद्यमान थे।[2] इन्होंने लगभग १०६३ ई. में भगवान् विष्णु के दस अवतारों का वर्णन करते हुए उक्त ग्रन्थ की रचना की थी। इसी काव्य में श्रीकृष्णावतार का वर्णन आया है, वहाँ उनके रूप, शौर्य, ऐश्वर्य आदि का वर्णन करते हुए एक पद आया है, जिसमें कोमल-कान्त-पदावली के प्रयोग के साथ ही भाषा में प्रसाद गुण का अति उत्तम ढंग से गठन हुआ है। अत एव सम्पूर्ण-पद अपनी सरस पदावली की मसृणता में अत्यधिक गीतात्मक बन पाया है। इसी में गेयकाव्य का स्वरूप सर्वथा नवीन रूप में हमें दिखाई पड़ता है। यथा—

ललित-विलास-कला-सुख-खेलन—
ललना-लोभन-शोभन-यौवन—
मानित-नवमदने ।
अलिकुलकोकिल-कुवलयकज्जल—
कालकलिन्दसुताविवलज्जल—
कालिय-कुल-दमने ।
केशि-किशोर-महासुर-मारण—
दारुण-गोकुल-दुरित-विदारण—
गोवर्द्धन-धरणे ।
कस्य न नयन-युगल रति-रङ्गे,
मज्जति मनसिज-तरल-तरङ्गे
वर-रमणी-रमणे ? ॥८।१७३ ॥[3]

क्षेमेन्द्र कृत 'दशावतारचरित' में श्रीकृष्ण के वर्णन में ही यह पद्य के रूप में आया है और सम्भवतः इसी रचना से प्रेरित होकर जयदेव ने 'गीत-गोविन्द' में ऐसे पदों को तालबद्ध गेयकाव्य के रूप में निर्मित करने की प्रेरणा

---

१. 'शुद्धगीतिकाव्ये गीतगोविन्दकाव्यं तदीया परम्परा च' इस विषय पर लेखक के निर्देशन में 'विद्यावारिधि' के लिए शोध-प्रबन्ध लिखा जा रहा है, विस्तृत विवेचन वहीं द्रष्टव्य है।

२. संस्कृत साहित्य का इतिहास—बलदेव उपाध्याय पृ० १७१

३. दशावतार-चरितम्—काव्य माला भाग २६,, सं० १९०१, बम्बई।

प्राप्त की है। इसे हम जयदेव द्वारा प्रारब्ध गीतिकाव्य-परम्परा का बीजारोपण मान सकते हैं।

इसी दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी में बौद्ध-सम्प्रदाय तथा जैन-सम्प्रदाय के आचार्य अपने-अपने धर्म-प्रचार के लिये अपभ्रंश में अनेक पदों की रचना कर उन्हें राग-रागिनियों में प्रस्तुत कर रहे थे। अतः ऐसे समय में संस्कृत-कवियों ने भी नाटकों में प्रयुक्त प्राकृत-पदावलियों के समान ही संस्कृत में स्वतन्त्र पदरचना प्रारम्भ की, यह भी नितान्त सत्य है।

इस दृष्टि से जयदेव से पूर्ववर्ती अज्ञात कविद्वारा रचित तथा 'प्राकृत-पिङ्गल-सूत्र' में उद्धृत उदाहरणों में गीतगोविन्द के **'वेदानुद्धरते जगन्निवहते'** आदि पद्य के भावों से साम्य लिये हुए तथा **'गीतिपद्धति'** के लिये पथदर्शक एक उदाहरण इस प्रकार है—

जिणि वेअ धरिज्जे महिअल लिज्जे पिट्ठिहि दंतहि ठाउ धरा,
रिउवच्छ विआरे छल तणु धारे बंधिअ सत्तु पआल धरा।
कुल खत्तिअ कंपे दहमुह कट्ठे कंस अकेसि विणास करा,
करुणे पछले मेच्छह विअले सो देउ णरा अणु तुम्ह वरा॥

(प्रा. पि. सूत्र परि.५, छन्द २७२)

इस पद्य की नादात्मकता और लयात्मकता गीतितत्त्व के प्रति प्रेरणा देने में सर्वथा सक्षम है और लोक-साहित्य-मूलक गति-यति होने से गीति-विशेष की सृष्टि में सहायक भी।

गीत अथवा 'गेय काव्य'[1] की एक यह भी विशेषता है कि ऐसे प्रत्येक गीत में 'ध्रुवक' का अस्तित्व अत्यन्त आवश्यक माना गया है। इसी ध्रुवक को 'टेक' कहा जाता है। **'रागार्णव'** नामक संगीत-ग्रंथ में कहा गया है कि—

न विवेकं विना ज्ञानं, ध्यानं नात्र रसं विना।
श्रद्धया न विना दानं, न गानं ध्रुवकं विना॥ (हिन्दी साहित्य कोष, पृ० २७५)

अतः यह ध्रुवक मेघदूतादि काव्यों में तो प्रयुक्त है नहीं, तब उन्हें गेय-काव्य कहना कहाँ तक सङ्गत है ? यह विद्वज्जन स्वयं विचार करें।

वैसे अभिनव गुप्त ने गीत-पद्धति से लिखित काव्यों को 'राग-काव्य' की संज्ञा देते हुए उदाहरणार्थ **'राघव-विजय'** तथा 'मारीच-वध' नामक रागकाव्यों का उल्लेख भी किया है। इन काव्यों का गान अभिनय के साथ किया जाता था अतः जयदेव से पूर्व ऐसे राग-काव्यों की भी स्वतन्त्र-परम्परा रही होगी यह कहा जा सका है।

महाकवि जयदेव और उनका 'गीत-गोविन्द' काव्य

बारहवीं शताब्दी में जयदेव कवि ने 'गीतगोविन्द' काव्य की रचना की। 'गीत-गोविन्द' संस्कृत का सर्वोत्कृष्ट 'गेयकाव्य' है। श्रीकृष्ण तथा राधा की लीलाओं में जो रससिक्त गेयता उभरी है वह वस्तुतः अभिनव प्रतिभा की परिचायक है। भावों की मधुरिमा, सङ्गीतमयता, अभिव्यक्ति-नैपुण्य तथा निजी मौलिकता से ओतप्रोत इस काव्य में जयदेव ने राग-रागिनियों के आधार पर 'अष्टपदी' के रूप में प्रबन्ध नाम से गेय-काव्य की सृष्टि की है। क्षेमेन्द्र से जहाँ

१. गीयत इति गीतं काव्यम्।' अभिनव भारती/अध्याय ४ /पृष्ठ १८०।

कोमल पदावली की प्रेरणा जयदेव ने ली वहीं सिद्धों की धार्मिक सिद्धान्त-प्रतिपादक राग-रागिनी-युक्त गीतों की परम्परा भी उनके लिये सहायक सिद्ध हुई। इसके साथ-साथ लोकगीतों की पद्धति से भी वे परिचित थे, अतः इन सभी आधारों को अपने रंग में रंगते हुए एक नवीन परम्परा को जन्म देकर 'संस्कृत गेयकाव्य' की धारा को उन्मुक्त कर दिया। इस काव्य में नाटकीय तत्त्वों का समावेश होने से कुछ आलोचकों इसे नाटक और काव्य के बीच की एक कड़ी मानकर 'सङ्गीत-नाटक' की संज्ञा भी दी है किन्तु यह कथन इसलिये उचित नहीं प्रतीत होता कि इसमें गीत एवं पद्यों की बहुलता है तथा कथोपकथन-संवाद नहीं के बराबर हैं। अतः हमारी दृष्टि से इसे ताल-लयबद्ध, शुद्ध 'सङ्गीत-काव्य' की संज्ञा देना उचित होगा।

प्रस्तुत काव्य का कलेवर १२ सर्ग तथा २० प्रबन्धों से निर्मित है। मङ्गलाचरण, प्रस्तावना और कवि-परिचय ४ पद्यों में देकर दशावतार-स्तुति-गीत दिया है। परम्परामुक्त रचना-प्रणाली का अनुसरण करते हुए इसमें श्लोक, गद्य और गीत इन तीनों का मिश्रित प्रयोग इसकी अपनी विशेषता है। श्लोकों का प्रयोग अवस्था-विशेष के चित्रण, दृश्य-वर्णन तथा कथासूत्र-निर्वाह के लिये हुआ है जबकि गीतों का प्रयोग भावानुभूति की अभिव्यक्ति के लिये हुआ हैं जिसमें वर्णन, गीत और संवाद मिले हुए हैं।

गीत-गोविन्द-परम्परा

संस्कृत-साहित्य में महाकवि कालिदास का **'मेघदूत'** काव्य इस दृष्टि से भी परम सौभाग्यशाली है कि इसके अब तक सौ से भी अधिक अनुकरण हुए हैं और ऐसे अनुकृति-मूलक दूतकाव्यों में मेघदूत जैसी ही रसधारा बहाने का प्रयास हुआ है।[1] इससे कुछ कम किन्तु उसी प्रकार से 'गीत-गोविन्द' के अनुकरण पर भी कतिपय काव्य लिखे गए हैं, जिन का संक्षिप्त परिचय देना यहाँ अप्रासङ्गिक न होगा।

१. अभिनव-गीतगोविन्दम्

पन्द्रहवीं शती के आरम्भ में उत्पन्न उत्कलीय **'गजपति पुरुषोत्तम देव'** की यह रचना है। श्री पुरुषोत्तमदेव ने 'मुक्ताचिन्तामणि, गोपालार्चन-पद्धति, नाममालिका, जानकीप्रमोदानन्द-विलास, कुवलयाश्वचरित, अभिनव वेणी-संहार, विष्णुभक्तिकल्पद्रुम, त्रिकाण्डकोष, भुवनेश्वरी-पूजापटल और दुर्गोत्सव' आदि ग्रन्थों की भी रचना की है। ये सूर्यवंशी कपिलेन्द्र के पुत्र उत्कल के महाराजा थे तथा इनका राज्याभिषेक १४६६ ई० में हुआ तथा १५१७ ई० में देह-त्याग किया था।[2] कुछ ऐसी भी किंवदन्ती है कि भारतामृतमहाकाव्य' के रचयिता श्रीकवीन्द्रमिश्र जो कि महाराजा पुरुषोत्तमदेव के राजपण्डित थे—उन्होंने इस ललित काव्य की रचना कर महाराजा के नाम से प्रसिद्ध किया। किन्तु यह अनेक ग्रन्थनिर्माता के लिये उचित नहीं प्रतीत होती।

प्रस्तुत गीतकाव्य १० सर्गों में विभाजित है तथा राधा के विरह से आरम्भ कर मिलन तक का वर्णन हुआ

---

१. 'मेघदूत' के अनुकरण पर लिखे गए काव्यों के विवेचन के लिए देखिए, लेखक का निबन्ध—**'मेघदूतस्य संस्कृत-हिन्दी-साहित्ययोः प्रभावः'**। अध्ययनमाला प्रथम कुसुम, मई—१९७३, पृ० ५९-८८।

२. इसी ग्रन्थ की प्रशस्ति के आधार पर इस ग्रन्थ की पूर्ति-वैशाखमास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा सूर्यवार राज्य-वर्ष ३४ (अर्थात् १४९० ई० में) को यह पूर्ण हुआ था "महाराजाधिराजश्रीपुरुषोत्तमदेवगजपतेरस्यैव वर्द्धमानविजयराज्ये चतुस्त्रिंशदङ्के वैशाखशुक्लप्रतिपदि भानुवासरे समाप्तमिदं पुस्तकम्।

(ताडपत्रप्रति म. म. हरप्रसादशास्त्री सूचित रिपोर्ट के आधार पर)

है। जयदेव की रचना से इस काव्य में अनेकविध साम्य है और प्रतीत होता है कि श्रीपुरुषोत्तमदेव ने गीत-गोविन्द को समक्ष रखकर ही इस 'अभिनव गीत-गोविन्द' की रचना की है। इसके गीतों की रचना भी परम्परागत शास्त्रीय संङ्गीत-पद्धति से ओत-प्रोत है। उदाहरण के लिए कुछ पङ्क्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

'वारिपूरित-गगन-कन्दर-जलधि-मग्न-महासुरम् ।
'शङ्ख' नामकमाशु जित्वा कलितवेदनातुरम् ॥

इन पंक्तियों से 'दशावतार-वर्णन' की परम्परा को निभाया गया है। अन्यत्र नायक अपनी प्रेमगर्भ वाणी में कहता है—

"मृदुल-किसलय-कोमलं तव लोलयामि सुलोचने !
तदधुना विनिधेहि शयने चरणमिह रतिलोचने !"

माधव द्वारा राधिका के अनुनय में कहीं गई ये पङ्क्तियां हृदयग्राही हैं—

न कुरु सुधाकर-रुचिमददमनं वदनमुदञ्चदरुणिम-पदम्,
पदजितमपि तव धृतमुखशोभं, मुदमुपगच्छति कोकनदम् ।
परिहर रुषमुरीकुरु तोषं प्रणयिनि! पूरय मम कामम्,
कामयसे कियदनुभावयितुं विरहं दारुण-परिणामम् ॥ ८ । ३ । १॥

श्री पुरुषोत्तमदेव नृपति की रचना गीतों में जहाँ सरस-माधुर्य में पूर्ण है वहीं पद्यों में उत्कृष्ट शब्दघटा के नटन में भी पीछे नहीं रही है। यथा—

उद्यत्फुल्लकदम्बडम्बरसटाटोपः स्फुटत्कन्दली—
पुञ्छः केतकपुष्पतीक्ष्णनखरः कुन्दप्रसूनश्रुतिः ।
जातीकुडमलदन्तसन्ततिरयं पञ्चास्य-लीलायितं,
धत्ते सम्प्रति पान्थ मत्तकरिणो हन्तुं पयोदागमः ॥ ७ । २ ॥

इस प्रकार यह काव्य एक मधुर एवं ओजःपूर्ण पदावली से विभूषित होकर 'गीत-गोविन्द' की परम्परा में अपने-आपको मुखर बनाये हुए है।

२. **रामगीत-गोविन्द-काव्यम्**—यह काव्य भी महाकवि जयदेव के नाम से ही प्रख्यात है। कहा जाता है कि संस्कृत-कवियों में मुख्यतः चार जयदेव कवि हुए हैं—१—आद्य गीतकाव्यकार किन्दुबिल्व निवासी जयदेव, २—'प्रसन्न-राघव' नाटककार कौण्डिन्यगोत्रीय सुमित्रा एवं महादेव के पुत्र जयदेव ३—शृङ्गारमाधवीयचम्पूप्रणेता अज्ञात पितृनाम-धामादिक जयदेव और ४—तार्किक पक्षधर बङ्गीय विद्वान् जयदेव। इनमें चतुर्थ जयदेव (सोलहवीं शती) मिथिलानिवासी की यह रचना है। रस-प्रधान रामकथा को छह सर्गों में चौबीस प्रबन्धों द्वारा प्रस्तुत करते हुए कवि ने गीत-गोविन्द के समान ही मीन-कूर्मादि अवतारों की स्तुति की है। द्वितीय गीत में आराध्य की स्तुति है। तृतीय गीत में राम का बालरूप अङ्कित है जो हमारे प्रतिपाद्य 'राघवाह्निक' के विशेषणों से बहुधा साम्य रखता है। अयोध्या की गलियों में राम का विचरण, विश्वामित्रागमन, यज्ञरक्षार्थ राम-लक्ष्मण-गमन, ताटिका-संहार आदि रामकथा के प्रमुख अङ्गों का चयन भी विभिन्न गीतों में हुआ हैं। प्रायः रावण-वध एवं पुनः अयोध्या आगमन तक का वर्णन

अति मनोरम पद्धति से किया गया है। सङ्गीतत्त्व का प्रयोग भी गीत-गोविन्द के अनुकरण पर ही है। उदाहरणार्थ निम्न पङ्क्तियाँ द्रष्टव्य हैं।

यदि रामपदाम्बुजे रतिर्यदि वा काव्य-कलासु कौतुकम्।
पठनीयमिदं तदौजसा रुचिरं श्रीजयदेवनिर्मितम् ॥ ४ ॥

तृतीय सर्ग में राम के रमणीय बालरूप का वर्णन—

इन्द्रनीलाभतनुमतनु-शतकोटि-रुचिमिन्दुमुखचन्द्रमुरुहारम्।
कौस्तुभामुक्तकन्धरमरुणफणिपदमम्बुरुह-नयनभक्ति-तारम् ॥ ३। २ ॥

रामावतार का ज्ञान होने पर परशुरामजी द्वारा स्तुति—

जय रामचन्द्र कमला-विहार। जय कौशलेश करुणावतार। ध्रु०
रघुवंश-कमल-कानन-दिनेश। कन्दर्प-कोटि-कमनीयवेश ॥ ६। २ ॥
कालाग्निसदृशकोपातिरेक। गन्धर्व-गीतपूरित-विवेक ॥ ६। ३ ॥

राम के द्वारा रावण की भर्त्सना—

तिष्ठ विमूढमते समरे दशकण्ठमिति-प्रवदन्तम्।
प्रस्फुरिताधर-पल्लवयुग-प्रविभासि-मनोहरदन्तम् ॥ २१।७ ॥

और सरयूकूल पर बिहार—

विहरति हरिरिह सरयूकूले,
पद्मरागचामीकर-मरकत-बद्ध-विविध-तरुमूले ॥ १२।१ ॥
सादरमज्जदमित-युवती-कुच-कुङ्कुम-पिङ्गलनीरे।
शम-दमादि-साधन-विवेकवश-मुनिजनसङ्कुलतीरे ॥ १२ ॥ २ ॥

इसी प्रकार विरह वर्णन की ये पङ्क्तियाँ—

विरहतया विदधाति न हासम्। जनयति वह्निविषम-निःश्वासम् ॥१८।६।
कृशशरीरगतिरतिशयदीना। भूमिशयासन-सलिलविहीना ॥ १८। ७ ॥ आदि।

इन पङ्क्तियों के आस्वादन से स्पष्ट हो जाता है कि 'रामगीतगोविन्द' काव्य अनुकरणमूलक होते हुए भी। प्रसाद, माधुर्य तथा ओजोगुणविशेष की प्रासङ्गिक शब्दयोजना एवं वर्ण्यविषय के अनुरूप सङ्गीततत्त्व के समावेश से अत्युत्तम बन पाया है।

३. **गीत-गिरीशम्**—ईसा की सोलहवीं शती में उत्पन्न पं० श्रीनाथभट्ट के पुत्र **'श्रीरामभट्ट'** की यह कृति है, कहीं-कहीं इस कवि का नाम **'रामजीभट्ट'** उद्धृत है। इसी कवि ने धर्मशास्त्र-सम्बन्धी पुस्तक के **'धनविभाग-विवेक'** की टीका भी लिखी थी। वैसे संस्कृतभाषा के ग्रन्थकारों में रामभट्ट नामक सोलह विद्वान् हुए हैं। उक्त कवि सम्भवतः गुजराती अथवा महाराष्ट्रीय-ब्राह्मण था। इस काव्य पर 'आत्माराम' नामक किसी विद्वान् ने टीका भी लिखी है इससे यह स्पष्ट होता है कि 'गीतगोविन्द' की तरह इस काव्य का भी तत्कालीन समाज में प्रचार-प्रसार था।

प्रस्तुत काव्य में १२ सर्ग हैं। कवि ने मङ्गलाचरण के पश्चात् बड़े आदरपूर्वक श्रीहर्ष, भारवि तथा कालिदास का स्मरण किया है और साथ ही यह भी सूचित कर दिया है कि मैं इस काव्य की रचना जयदेव कवि के 'गीत-गोविन्द' के अनुकरण पर कर रहा हूँ। यथा—

हर्यक्षं कपिमनुवर्तते यथाऽयं, खद्योतो रविमपि निर्धनो यथाऽऽढ्यम्।
औत्सुक्यादहमधुना तथाऽनुकुर्वे, लालित्यं कविजयदेवभारतीनाम्॥ गीतगिरीश सर्ग-१, श्लो. ३।

तदनन्तर गणेशवन्दना द्वारा कथा का सूत्रपात किया गया है जो प्रणय के वियोग से आरम्भ होकर संयोग में जाकर पूर्ण हुआ है। 'शिव, पार्वती, गङ्गा, जया और विजया' नामक पाँच पात्रों के आधार पर काव्य का सम्पूर्ण कलेवर निर्मित है। इसमें स्थिति का समस्त वर्णन 'वसन्त-विलासः' से 'सुप्रीत-पार्वतीपतिः' नामक सर्गों में काव्यगत सभी शास्त्रों का पालन तथा रमणीय शब्दविन्यास, अलङ्कार-योजना एवं कथा-निर्वाह से नितान्त हृदयग्राही है। गीत-गोविन्द के दशावतार वर्णन के समान भगवान् शिव के अष्टमूर्तिमय रूपवर्णन की ये पंक्तियाँ दर्शनीय हैं—

वहसि शिरसि सुभगे सकलं जनभारम्,
श्रमजलवरहितमस्वेदमपारम्,
शङ्कर धृतधरणीरूप ! विरचय शर्म जने॥ १। ध्रुवपदम्॥

और 'विहरति हरिरिह सरस वसन्ते' का अनुकरण इस प्रकार है—

सरस-साल-कुसुम-मञ्जरिका-मधु-पिञ्जरितदिगन्ते,
स्मर-सृणिकिंशुकलग्नविरहिजनकालखण्डनिभवृन्ते॥
विहरति पुररिपुरिह मधुमासे।
रमयति सुररमणीरधिकं प्रतितरुकृतकुसुमविकासे॥ ध्रुवपदम्॥

कविवर भट्ट ने अष्टपदियों के बीच २ में पद्यों की योजना भी बड़ी मनोरम की है तथा उनमें दशावर्णन आदि में पूर्ण सफलता प्राप्त की है। पार्वती की विरहावस्था-वर्णन का यह पद्य आस्वाद्य है—

याति स्विद्यति खिद्यति प्रलपति प्रत्येति रोमाञ्चति,
ध्यायत्यप्यथ मूर्च्छति प्रपतति भ्राम्यत्यलं ताम्यति।
उच्चैर्निःश्वसिति प्रमीलिति पुनः सङ्कम्पते सीत्करो—
त्येवं शर्व ! वियोगिनी न लभते कां कामवस्थां शिवा॥ ४। ३॥

कवि ने अष्टपदी के अन्तिम चरण में अपना नामाङ्कन भी प्रायः सर्वत्र किया है—

इति कविरामजितः कृतिरतिरसिकजनेषु तनोतुविनोदम्।
हरचरणस्मरणामृतमज्जनजनितमपि च हृदि मोदम्॥ २। ८॥[1]

४. गीत-गौरीशम् अथवा गीत-गौरीपतिः—नामक काव्य की रचना मैथिल कवि भानुदत्त (१४५०-१५०० ई०) ने की है। कवि के पिता का नाम गणेश्वर अथवा गणनाथ था। 'रसमञ्जरी' और 'रस-तरंगिणी' के कर्तृत्व से उक्त कवि ने पर्याप्त ख्याति प्राप्त की है। रसमञ्जरी में ही कवि ने अपना परिचय—'तातो यस्य गणेश्वरः कविकुलालङ्कारचूडामणिर्देशो यस्य विदेहभूः सुरसरित्कल्लोलकिर्मीरितः।' इत्यादि पद्य से दिया है। यह काव्य गीत-गोविन्द के

---

१. इस 'रागकाव्य' का सम्पादन-प्रकाशन 'श्री प्रभातशास्त्री साहित्याचार्य' ने 'देवभाषा प्रकाशन, दारागंज, प्रयाग' से २०२७ वि. में किया है। —सम्पादक

अनुकरण पर बनाया गया है। इन प्रकरणों में गौरी का शिव के प्रति अनुराग वर्णित है। इसमें अष्टपदियों के—असावरी, कर्नाटक, केदार, भूपाल, भरैव तथा मालव आदि रागिनियों में गेय होने का निर्देश है। इस ग्रन्थ का प्रकाशन १८७७ ई० में बम्बई 'ग्रन्थरत्नमाला' में हुआ था किन्तु अभी यह दुर्लभ है।

५. **स्तवमाला**—श्रीरूप गोस्वामी (१४७०-१५५४ई०) ने भगवान् श्रीकृष्ण, राधा, वृन्दावन, यमुनातीर आदि का रसमय वर्णन अनेक स्तुतियों में किया है। इन स्तुतियों का संग्रह श्रीजीव गोस्वामी के भाष्य के साथ **'स्तवमाला'** में प्रकाशित हुआ है। इस माला में अनेक अष्टपदियाँ हैं जिनपर गीतगोविन्द का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। श्रीरूपगोस्वामी प्रतिभा सम्पन्न वैष्णव कवि थे और उनका अन्तस्तल श्रीराधाकृष्ण की विमल भक्ति से परिपूर्ण था। फलतः राधाकृष्ण-परक स्तुतियों में गीतकाव्य का मनोरम रूप उपस्थित हुआ है। गीतों की भाषा तथा शैली दोनों रस से स्निग्ध हैं। सम्भवतः मूल बंगभाषा के छन्दों का प्रयोग भी इन गीतों में हुआ है। कवि ने गीत के अन्त में अपना नाम न देकर अपने अग्रज 'सनातन' का नाम दिया है जिससे इनकी रचना मानने में भी विद्वज्जन संशय-संकोच करते हैं। एक गीत की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं—

अनधिगताकस्मिक-गद-कारणमर्पितमन्त्रौषधि-निकुरम्बम्।
अविरत-रुदित-विलोहित-लोचनमनुशोचति तामखिलकुटुम्बम्॥
देव हरे! भव करुणाशाली।
सा तव निशितकटाक्ष-शराहत-हृदया जीवति कृशतनुराली॥
हृदि वलदविरल-संज्वर-पटली-स्फुटदुज्ज्वल-मौक्तिक-समुदाया।
शीतल-भूतल-निश्चल-तनुरियमवसीदति सम्प्रति निरुपाया॥ इत्यादि।

इसमें राधा की सखी कृष्ण के समक्ष विरहिणी राधा की दयनीय-दशा का वर्णन कर रही है। इसी प्रकार अनेकविध मात्रिक छन्दों का आश्रय लेकर गद्यगीतों की जैसी सृष्टि स्तवमाला में उपलब्ध होती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

६. **'पीयूषलहरी' नाटिका**—कवि डिण्डिम श्रीजीवदेवाचार्य के पुत्र **श्रीजयदेवाचार्य** ने एक अङ्कवाली इस नाटिका का प्रणयन किया है। इसमें राधा और कृष्ण की **'वसन्तोत्सव-रासलीला'** का स्वभावसुन्दर एवं मधुर पदावली में वर्णन किया गया है। १५२५ ई० में इस नाटिका की रचना हुई है तथा कहा जाता है कि यह नाटिका 'गीत-गोविन्द-काव्य' की 'उपक्रमणिका' के समान है। इसी कवि ने **'वैष्णवामृतनाटक'** की भी रचना की थी।

जिस प्रकार कुछ कवियों ने 'मेघदूत' से पूर्व की घटनाओं की संयोजना करके, अथवा यक्ष को सन्देश देने के बाद उसकी पत्नी द्वारा पुनः सन्देश किंवा पुनर्मिलन की कल्पना आदि की है, उसी प्रकार इस नाटिका की योजना भी हुई है। अतः यह रचना भी गीतगोविन्द काव्य के अनुकरण की कुछ अंशों में पूर्ति करती है।

७. **'मुकुन्द-विलासम्'**—पुरुषोत्तम क्षेत्र (जगन्नाथ पुरी) निवासी यतीन्द्र रघुनाथ ने सन् १६२० में इस काव्य की रचना की है। यह काव्य **'गीत-गोविन्द'** तथा **'अभिनव-गीत-गोविन्द'** से पूर्णतः प्रभावित है। जिस प्रकार की राग-रागिनियों का प्रयोग इन काव्यों में हुआ है वैसा ही प्रयोग प्रस्तुत काव्य में भी किया गया है।

८. **गोपगोविन्दम्'**—इसके रचयिता का परिचय प्राप्त नहीं है। किन्तु यह गीतकाव्य भी गीत-गोविन्द की शैली से अनुप्राणित है।

९. **गीत-वीतरागम्**—इस काव्य की रचना अभिनव पण्डिताचार्य चारुकीर्ति ने की है। ये दक्षिण भारत में

स्थित 'श्रवण बेलगोला' नामक जैनमठ के भट्टारक थे। चारुकीर्ति इनकी उपाधि थी। काव्यान्त में अङ्कित प्रशस्ति के आधार पर यह ज्ञात होता है कि—यह रचना पूज्य गोम्मट स्वामी के चरणों में बैठकर की गई है। विभिन्न प्रमाणों के आधार पर लेखक का काल १४००—१७५८ के बीच है।

कवि ने अपने आराध्य श्रीऋषभदेव के दस जन्मों का आख्यान गीतरूप में प्रस्तुत करते हुए चौबीस प्रबन्धों की रचना की है। महाबल की प्रशंसा, महाबल की वैराग्योत्पत्ति, ललिताङ्ग का वनविहार, श्रीमती का जातिस्मरण, वज्रजङ्घ का पट्टक के लिये विवरण, वज्रजङ्घ और श्रीमती के सौन्दर्य का वर्णन, श्रीमती का विरहवर्णन भोगभूमि-वर्णन, आर्य का गुरुगुणस्मरण, श्रीधर के स्वर्गवैद्य का वर्णन, सुविधिपुत्रसम्बोधन, अच्युतेन्द्र के दिव्यशरीर का वर्णन, वज्रनाभि का सौन्दर्यवर्णन एवं अन्य विभिन्न वर्णन से यह ओत-प्रोत है।

'गीतगोविन्द' के अनुकरण में यहाँ राजा जयवर्मा आदि का गीतात्मक निरूपण है। काव्यशास्त्रीय दृष्टि से प्रबन्ध काव्योचित सौन्दर्य, गीतिकाव्योचित माधुर्य और स्तोत्रकाव्योचित तन्मयता के साथ ही प्रेम, भक्ति और ज्ञान का समन्वय प्रस्तुत है। भाषा प्राञ्जल तथा भावपूर्ण है। यथा —

चन्दनलिप्तसुवर्णशरीरसुधौतवसनवनधीरम्।
मन्दरशिखरनिभामलमणियुतसन्नुतमुकुटमुदारम्।
कथमिह लप्स्ये दिविजवरं मानिनि मन्मथकेलिपरम्॥ ध्रुवपदम्॥

(प्रथमाष्टक चतुर्थ प्रबन्ध)

संयोग-शृङ्गार के चित्रण-प्रसङ्ग में मरुदेवी के अङ्ग-प्रत्यङ्ग तथा आभूषणों का सरस एवं सजीव वर्णन किया गया है। उदाहरणार्थ निम्न पङ्क्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

अलिकुलकुन्तलभरनिटिलेन विलसितशशिदलसमकुटिलेन।
सा वनिता सुविराजिता सुभगा वनितासु विराजिता॥ १०।८॥

आलङ्कारिक दृष्टि से बिम्बग्रहण में भी कवि ने पूर्ण सफलता प्राप्त की है। ललितवाणी, नयनयुगल, श्रवणयुगल तथा मुख की शोभा का वर्णन करते हुए कवि ने लिखा है—

सुललितवाणी क्रीडाचलनिभमिलितसुषमनिटिलेरम्।
अलियुतकमलजलदनिभताराकलितनयनयुगधारम्॥
चण्डकिरणविधिमण्डलवियदिव कुण्डलश्रवयुगभासम्।
पीडितशशिसरसिजसमशुभमण्डितवदनविलासम्॥ (१९ वाँ प्रबन्ध)॥

गीतितत्त्व की दृष्टि से गीतगोविन्द के समान ही इस काव्य में भी-गुर्जरी, देशी, वसन्त, रामक्रिया, मालवगौड़ी, कन्नड, आसावरी, देश-वराली, गुणकरी आदि रागों का तथा अष्टपताका, यति, ताल आदि तालों की योजना करके प्रबन्ध को पूर्णरूपेण गेय बनाने का प्रयास किया गया है।

१०. गीत-गोपालम्—मैसूर के नरेश चिक्कदेवराय ने १६७२ ई० से १७०४ ई० के बीच गीत-गोविन्द के आदर्श पर इस काव्य की रचना की है। यह कन्नड़ देश में अत्यन्त लोकप्रिय है।

११. 'पदामृत-समुद्र'—श्रीनिवास आचार्य के वंशज **राधामोहन ठाकुर** (१६६८-१७७८ ई०) के भी ४ संस्कृत गीत उपलब्ध होते हैं जो बंगला गीतों के साथ संगृहीत हैं। इन पदों के उदाहरण— के. बी. पाठक के लेख 'कमेयोरेशन वालूम', पूना १६३४, पृ. ४१७-४२७ में द्रष्टव्य हैं।

१२. गीत-राघव-काव्यम्—(१) भूधर के पुत्र प्रभाकर ने गीतगोविन्द के अनुकरण पर १६१८ ई० में इस काव्य की रचना की है। इसके पश्चात् इसी नाम से तीन अन्य काव्यों की भी रचना हुई है जो इस प्रकार है—

१३. गीत-राघवम्—(२) रामाष्टपदी के अमर नाम से युक्त इस काव्य के कर्ता मैसूर निवासी रामकवि हैं। यह गीतगोविन्द के अनुकरण पर ही निर्मित है।

१४. गीत-राघवम्—(३) श्री हरिशङ्कर कवि ने ७ सर्गों में इस काव्य की रचना की है।

१५. गीत-राघवम्—(४) पौलस्त्यसंहिता के आधार पर वेणीमिश्र ने इस काव्य का संकलन किया है।

१६. मुकुन्दविलासम्—पुरुषोत्तम क्षेत्र (पुरी-उड़ीसा) के निवासी यतीन्द्र रघुनाथ ने १६२० ई० में इसकी रचना की है।

१७. मुदित-माधवम्—इसके रचयिता 'श्री शतञ्जीव मिश्र' हैं तथा रचना काल १६५० ई० अनुमानित है।

१८. गीत-दिगम्बरम्—श्रीरामचन्द्र के पुत्र वंशमणि (१६५५ ई०) ने इस काव्य का निर्माण किया है। इसमें सूत्रधार तथा प्रस्तावना के अतिरिक्त गीत-गोविन्द का ही अनुकरण है। कुछ विद्वान् इसे सङ्गीत नाटक की संज्ञा देते हैं।

१९. गीत-महेश्वरम्—इस काव्य की सूचना 'सीताराम-विहार काव्य' में प्राप्य है।

२०. गीत-भागवतम्—रामदुर्ग नृपति ने १६६२ ई० में इस काव्य का निर्माण किया था। सरस्वती भवन पुस्तकालय-वाराणसी में इसकी एक अपूर्ण प्रति है।

२१. 'पदकल्पतरु'—गौडीय वैष्णव कवियों ने प्रायः बंगला-पदों की ही रचना की है जिनका विशाल संग्रह इस संग्रह में सङ्कलित है। इनमें कहीं-कहीं संस्कृत-गीत भी संगृहीत हैं। जिनमें १६वीं शती के उत्तरार्ध में उत्पन्न कविराज श्रीगोविन्ददास के संस्कृत गीत गीतगोविन्द की पद्धति पर लिखे प्रतीत होते हैं।

२२. क्षणदागीत-'चिन्तामणि'—विश्वनाथ चक्रवर्ती (१६६४ ई०) ने बंगला के वैष्णव-पदों का सब से प्राचीन संग्रह तैयार किया था। इसमें कुल ३१४ पद संगृहीत हैं, इसी में श्रीचक्रवर्ती के पाँच संस्कृतगीत भी हैं। ये 'हरिवल्लभ, हरिवल्लभदास अथवा वल्लभ' नाम से गीत लिखा करते थे।

२३. शिवलीलामृत-महाकाव्यम्—किसी अज्ञातनामा कवि ने महाकवि जयदेव के गीतगोविन्द का अनुकरण करते हुए इस काव्य का सर्ग विधान भी उसी प्रकार किया है तथा राधा-माधव के स्थान पर शिव-पार्वती की लीलाओं का वर्णन उसी मधुरिमा के साथ गीतों में किया है।

२४. गीत-रत्नाकरः—वृत्तरत्नाकर के टीकाकार श्रीकण्ठ कवि ने इस काव्य की रचना की है।

२५. राम-गीत-रत्नाकरः—उपनिषद् ब्रह्मयोगिन् इसके कर्ता हैं।

२६. **गीतरामम्**—श्रीरामपणिवाद ने (१७०७-१७८१ ई०) इस काव्य की रचना की है। इसमें श्रीराम के चरित्र एवं गुणों का गीतिमय वर्णन है। यह नृत्य-प्रधान काव्य है किन्तु अब तक अप्रकाशित है। इसी कवि ने 'शिवा-गीतिः' नामक एक अन्य काव्य की भी रचना की है जिसमें दक्षिण केरल में स्थित कुक्कोल-क्षेत्र की भगवती की स्तुति है। कवि को केरल का क्षेमेन्द्र कहा जाता है। इनके अन्य २६ ग्रन्थ प्राप्त होते हैं (देखिए आधुनिक संस्कृत-साहित्य-डॉ० हीरालाल शुक्ल पृ० १६१-१६७)

२७. **गीत-रासः**—सीताराम-विहार-काव्य के आधार से ही यह ज्ञात होता है कि यह लक्ष्मणसोमयाजिन् द्वारा रचित अनुकरणमूलक गीतिकाव्य है।

२८. **गीत-शङ्कर-काव्यम्**—(१) अनन्तनारायण पञ्चरत्न की यह अनुकरणात्मक रचना है।

२९. **गीत-शङ्करकाव्यम्**—(२) भीष्म मिश्र मैथिल (हीर कवि) की यह अनुकरणात्मक रचना है।

३०. **गीत-सीतापति-काव्यम्**—अच्युतराय मोडक ने इसकी रचना की है।

३१. **गीत-सुन्दर-काव्यम्**—मदुरा के सुन्दरेश की स्तुति में श्रीसदाशिव दीक्षित ने १७२९-१७३४ ई० में इस काव्य की रचना की है।

३२. **श्रीकृष्ण-लीलामृत-महाकाव्यम्**—इसके रचयिता का नाम अज्ञात है। रचना में माधुर्यादि गीतगोविन्द के अनुरूप ही है।

३३. **नरहरि-चरितम्**—'रामचन्द्र खड्गराय' ने इस काव्य की रचना १७३० ई० के लगभग की है। यह भी गीतियों से मण्डित होकर गीत-गोविन्द का अनुकरण करता है।

३४. **गीत-गङ्गाधरम्**—(१) कल्याण कवि (समय अज्ञात) ने शिव तथा पार्वती की केलि-क्रीड़ा के भक्ति-परक गीतों से युक्त १२ सर्ग वाले इस काव्य की रचना की है।

३५. **गीत-गङ्गाधरम्**—(२) गङ्गाधर नामक किसी अन्य कवि द्वारा रचित यह काव्य उज्जयिनी के प्राच्य ग्रन्थ-संग्रहालय में संगृहीत है।

३६. **गीत-गङ्गाधरम्**—(३) श्रीनञ्जराज (१७३६-१७७३ ई०) ने शिवाष्टपदीरूप ६ सर्गों से युक्त २४ गीतमस इस काव्य की रचना की है। यह कवि वीरराज का पुत्र और मैसूर का निवासी था।

३७. **गीत-गिरीशम्**—श्रीहर्ष के नाम से यह गीतकाव्य आफ्रेक्ट के केटलाग में अङ्कित है।

३८. **गीत-गोपालम्**—वहीं १३ सर्ग वाले इस काव्य के निर्माता श्री चतुर्भुज कवि का उल्लेख है।

३९. **राधाविलासमहाकाव्यम्**—'हरेकृष्ण कविराज' की यह कृति प्रायः १७६० ई० में निर्मित है।

४०. **समृद्धमाधवनाटकम्**—कटक जिला के अन्तर्गत 'वाँकी' ग्रामनिवासी 'कविभूषण गोविन्द सामन्तराय' ने इस नाटक की रचना प्रायः १७७० ई. में की है। इस रचना का आदर्श गीतगोविन्द है। गीतों की अधिकता के साथ-साथ नाटकीय तत्त्वों का समावेश होने से इसे नाटक कहा गया है।

४१-४२-४३ **व्रजयुव-विलासम्, गीतमुकुन्दम्** तथा **सङ्गीत(कीर्तन)चिन्तामणिः**—इन तीनों ग्रन्थों के रचयिता श्री कमललोचन खड्गराय कवि हैं। इनका रचना काल १७८० से १८८० ई. माना जाता है।

४४. **सङ्गीत-रघुनन्दनम्**—रीवा (मध्यप्रदेश) नरेश (१७८१-१८४५ ई.) ने इस काव्य की रचना की है। इसमें कृष्णलीलापरक गीतगोविन्दानुकारी पद अति मधुर हैं। उदाहरणार्थ कुछ पङ्क्तियाँ अनुशीलनीय हैं—

मृदुमुरली-रवकारित गोपीमोहन ए।
रसिकशिरोमणिकान्त, जय गोपीश हरे॥
विविधविलासविशालिक वनमालिक ए।
मदन-मद-मथनरूप, जय गोपीश हरे॥

यह काव्य अमुद्रित है। कवि ने अपने जीवनकाल में प्रायः २५ रचनाओं का निर्माण किया जिनमें स्तोत्र, आखेटशास्त्र, कथा, मन्त्रशास्त्र, दर्शन, टीका आदि की विषयगत विविधता है।

४५-४६. **प्रसन्नमाधवम्**—तथा—**सङ्गीतराघवम्**—इन दोनों काव्यों की रचना नागपुर के श्रीगङ्गाधर शास्त्री मंगरूलकर (जन्म १७६० ई०) ने की है जिनमें क्रमशः कृष्ण तथा राम का वर्णन किया गया है। इनकी प्रायः १२ कृतियाँ हैं जिनमें **चित्रमञ्जूषा** चित्रकाव्यमय भी प्रसिद्ध है।

४७. **गोप-गोविन्दम्**—इस काव्य के रचयिता का नाम अज्ञात है।

४८. **गीतमाधवम्**—बाबू रेवाराम कायस्थ (१८६२-१८७३ ई.) ने इस महाकाव्य की रचना की है। ये रतनपुर जिला विलासपुर (म. प्र.) के निवासी थे। इनके पिता जगतराय तथा माता सीता थीं। प्रस्तुत काव्य में १७ सर्ग हैं। ग्रन्थ अमुद्रित है। राग वसन्त में निर्मित एक गीति की कुछ पङ्क्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

गायति युवतिजनोऽपि निकुञ्जे समुदित-मदन-विलास-घने।
चिरमुखरित कोकिलपुञ्जे॥ गायति०॥
विकसित-कुसुम-विविध-लतिकाभर-विलसित-विटपि-कलापे।
स्मर-चररङ्गचमूनिवसित इव कलित-शिलीमुख-चापे॥

इस प्रकार कवि की रचना में गीतितत्त्व उचित मात्रा में विद्यमान प्रतीत होते हैं। इसके अतिरिक्त इनकी चार रचनाएँ और प्राप्त हैं।

४९. **अमृत-मथनम्**—पण्डित श्रीनिवासाचार्य (१८४८-१७१४ ई०) ने गीत-गोविन्द पर आधारित इस काव्य की रचना की है। ये दक्षिण अर्काट के निवासी थे। कुम्भकोणम् के गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज में प्राध्यापक के रूप में कार्य करते हुए आपने अन्य ८ ग्रन्थों की भी रचना की।

५०. **राधा-माधवमु**—परीक्षित रामवर्म राजा (१८७०-१९६५ ई.) ने इस काव्य की रचना की है। इसका प्रथम पद्य इस प्रकार है—

अन्योन्यप्रणयावबोधजनितानन्दार्णवे मग्नयो—
रप्याश्लेषमुखेषुकर्मसुचिरादुत्कण्ठया ताम्यतोः।
मन्दान्दोलितवल्लरीपरिलसत्पुष्पे प्रदोषावधौ,
राधामाधवयोरसीमगुणयोरासीन्नवः सङ्गमः॥

यह गीतगोविन्द के प्रथम पद्य की अनुकृति ही है।

५१. गीत-गोपीपति-काव्यम्—श्रीभावेश झा के पुत्र श्री कृष्णदत्त झा ने १८८२ ई. में इस काव्य की रचना की है। इसकी टीका श्री हर्षनाथ झा ने की है।

५२. गीत-गौरीवरम्—श्रीतिरुमल भट्ट ने इस काव्य की १३ सर्गों में रचना की है।

५३. गीत-दामोदरकाव्यम्—इसके रचयिता श्रीशम्भुनाथ हैं। विशेष परिचय अज्ञात है।

५४. चण्डिका-चरित-चन्द्रिका—गीतगोविन्द के अनुकरण पर लिखे गये इस काव्य के लेखक का परिचय अज्ञात है। बंगाल के राजकीय पुस्तक सग्रहालय-परिचय ग्रन्थों के चौथे भाग में २००८ ग्रन्थ संख्या पर इसका उल्लेख है। इस काव्य का मंगलाचरण-पद्य इस प्रकार है।

चन्द्रचूडां चिदानन्दचुञ्चुं चन्दन-चर्चिताम्।
चञ्चन्तीं चपलां चारु चिन्तये चण्डिकां चिरम्॥

इसके पश्चात् ११ सर्गों में चण्डिका के चरित्र-चित्रणमय गीतादि अङ्कित हैं।

५५. गीतकाशीपतिकाव्यम्—मिथिला निवासी श्रीचन्द्रदत्त झा ने इस काव्य की रचना की है। गीतगोविन्द का अनुकरण इसमें स्पष्टतः स्वीकृत है। स्वयं कवि ने कहा है कि—

विरचितं जयदेवकवेस्तु यद् भगवतो भुवि मानवरूपिणः।
विलसितं किल तद्भववृत्ततः सममहं शिवकाशिगुणान् ब्रुवे॥ १।५॥

तथा 'प्रलय-पयोधिजले धृतवानसि वेदम्' का अनुकरण 'उपरि निजस्य विभो धृतवानसि लोकम्' इत्यादि गीत से किया है, जिसमें शिव के अष्टमूर्ति-विग्रह का वर्णन है। रागों के नाम भी गीतगोविन्द के समान वे ही रखे गये हैं। प्रथम सर्ग के तृतीय प्रबन्ध की कुछ पङ्क्तियाँ इस प्रकार हैं—

ललित-वलित-वरुणासि-नदी-युगमध्यम-सुरधुनितीरे।
मुनिसुर निकर-गतागत-सुन्दर-तापस-चित्त-कुटीरे॥ ६॥
विलसति पुररिपुपदमिह काशी,
न भवति यत्र निवासि-जनेन समोऽपि सुरालयवासी॥ ध्रुवम्॥

इस प्रकार कवि ने काशी और विश्वनाथ के वर्णन को लक्ष्य में रखकर इस काव्य की पूर्ति की है। इसका प्रथम सर्ग 'संस्कृत रत्नाकरः' दिल्ली के १७वें वर्ष के ४-५ अङ्क वि० सं० २०२४ में मुद्रित है। कवि की भाषा एवं रचना-शैली से ज्ञात होता है कि ये बीसवीं शती के विद्वान् रहे होंगे।

इनके अतिरिक्त ऐसे प्रायः ५० से अधिक काव्य उत्कलवासी कवियों ने बनाये हैं जिनका मूलाधार 'गीत-गोविन्द' ही रहा है।

जैन-गीतिकाव्य—

१. **'शान्त-सुधारस'**—इस गेयकाव्य का निर्माण वैयाकरण 'श्री विनयविजयगणि' (१६७० ई.) ने गुजरात में प्रचलित देशी रागिनियों में किया है।

२. **चतुर्विंशति-जिन-स्तुतिः**—खरतर गच्छ के मुनि पुण्यशील (१८०२ ई०) ने इस स्तुति की रचना की है। स्तुतिकार ने **'गौतमीय-महाकाव्य'** की रचना की थी। इस कृति में ऋषभदेवादि २४ तीर्थङ्कारों की पृथक्-पृथक् स्तुतियाँ तथा एक सामूहिक स्तुति, इस तरह २५ स्तुतियाँ हैं। सभी मिलाकर प्रायः २०० पद्य हैं किन्तु इन स्तुतियों की यह

बिशेषता है कि इसमें हिन्दी देशी के विभास, काफी, सोरठ, आदि वैतालिक रागों का माध्यम छन्द के रूप में व्यवहृत है।

३-४ 'वृषभ जिनस्तवन' तथा पुण्डरीकगिरिस्थ-'आदिजिनस्तवन' की रचना श्रीयशोविजयजी उपाध्याय (१७१३ई०) ने की है। इनमें आदिजिन श्रीऋषभदेवजी से सम्बद्ध गीतिमय स्तुतियाँ हैं।

इस प्रकार आचार्य श्री आनन्दसागर सूरीश्वरजी ने भी स्वतन्त्र अनेक उपदेशप्रद गीतियों का निर्माण किया है। जिनका प्रकाशन 'आगम ज्योति'—कपड़वंज के प्रकाशन में मुनि श्री अभयसागरजी महाराज ने किया है।

गीतिकाव्यसम्बन्धी विभिन्न धारणाएँ—

विद्वानों ने गीतिकाव्य के मुख्यतः दो भेद किये हैं—१. आत्मनिष्ठ तथा २. अनात्मनिष्ठ। पहले में कवि प्रत्यक्षरूप से अपने भावों की अभिव्यञ्जना करता है और दूसरे में किसी कल्पित पात्र की भावाभिव्यक्ति होती है।

यूरोपीय 'लिरिक' शब्द इस बात का साक्षी है कि इस प्रकार की कविता प्रायः वीणा अथवा अन्य सङ्गीत-यन्त्रों की सहायता से गायी जाती थी। कालान्तर में सङ्गीत-साधन का सम्बन्ध समाप्त हो गया, परन्तु आज तक इस की रागमयता अक्षुण्ण बनी हुई है। आज भी 'लिरिक' की परिभाषा गीतात्मक भावाभिव्यक्ति है। इसके लिये यह भी आवश्यक है कि भाषा तथा शैली में सहज उद्गार का आभास हो। गीतिकाव्यकार केवल स्रष्टा नहीं, वह गायक भी है जिसका गान पक्षियों के कलरव के समान सहजभावों से पूर्ण होना चाहिये। ऐसी भाव लहरी में लिखे गये 'संस्कृत गीतकाव्यों की अपनी एक परम्परा है तथा इस परम्परा के परिशीलन से ज्ञात होता है कि इसमें प्रायः चार प्रकार की धाराएं प्रवाहित हुई हैं।

१—गीतगोविन्द के अनुकरण पर लिखे गये काव्य,

२—सामान्य गीतिकाव्य,

३—कीर्तन-मूलक गीतियाँ तथा

४—भजनात्मक गीतियाँ

इनमें उपर्युक्त गीतकाव्य गीतगोविन्दानुकृतिमूलक कहे जा सकते हैं इसी प्रकार अन्यन्य धाराओं में भी पर्याप्त रचनाएँ हुई हैं। जिनका स्वतन्त्र अध्ययन अपेक्षित है।

नाटकीय गीतिकाव्य—

प्राचीन काल से ही संस्कृत-नाटकों में गीतों की योजना परम्परागत रूप से प्रचलित है। इन गीतों में कवि आत्मगोपन-पूर्वक किसी पात्र के माध्यम से अपने भावों को प्रकट करता रहा है। ये गीत प्राकृत भाषाओं में अधिक रूप से उपलब्ध होते हैं जबकि मध्ययुग के नाटककारों ने संस्कृतभाषा में भी गीत प्रस्तुत किये हैं। इन गीतों में सभी प्रकार के भावों की उपलब्धि होती है। महाकवि कालिदास के नाटकों में ऐसे गीत हैं जो प्रतीकरूप में आगन्तुक घटनाओं का सङ्केत करते हैं तथा प्राकृतिक सौन्दर्य को पुरस्कृत करते हुए श्रोताओं को आनन्द विभोर कर देते हैं। संस्कृत भाषा की 'नाटक' गत सम्पदा अतिसमृद्ध है और इस धारा पर स्वतन्त्र शोध की नितान्त आवश्यकता है।

स्वतन्त्र गीतिकाव्य—

भारतीय जनजीवन में स्वतन्त्रता-प्राप्ति के लिये उठनेवाले विचारों के साथ ही स्वतन्त्र गीत-गीतकाव्यों का भी पर्याप्त विकास होने लगा। संस्कृत-पत्र-पत्रिकाओं में ऐसे गीतों की परम्परा देखी जा सकती है। स्वातन्त्र्य

से पूर्व श्रीगङ्गाधर शास्त्री, श्री दुःखभञ्जन कवि, श्री देवीप्रसाद शुक्ल कविचक्रवर्ती आदि अनेक ख्यातनामा कवि हुए हैं जो सुललित गीतों की रचना करके संस्कृत भाषा का शृङ्गार करते रहे हैं। यह प्रक्रिया स्वातन्त्र्योत्तराकाल में और भी बलवती हुई तथा अनेक कवियों ने अनेक रूप में गीतियाँ लिख कर संस्कृत समाज तथा भारतीय जनता को उद्‌बुद्ध करने का प्रयास किया। भट्ट मथुरानाथ जी शास्त्री ने गजल एवं सवैया जैसे छन्दों में संस्कृत गीतियाँ लिखीं। कुछ कवियों ने हिन्दी के मात्रिक गीतछन्दों के अनुकरण पर गीत लिखे तो कुछ ने तत्तत् समय प्रचलित चल-चित्र अथवा ग्रामीण गीतों की पद्धति के आधार पर भी गीतों का निर्माण किया। ऐसे गीत सामयिक, राष्ट्रीय, प्राकृतिक, स्तुतिरूप तथा लोकमङ्गल-भावनारूप बहुत ही प्रसिद्ध हुए हैं। चरित्रमूलक गीतों द्वारा नायक के प्रति श्रद्धा तथा विश्वास का अङ्कुरण भी इन्हीं भी इन्हीं मधुर गीतों से सुलभ होता रहा है, आज भी ऐसे अनेक गीतों का प्रणयन हो रहा है। कहीं भी किसी भी कार्यक्रम में मङ्गलाचरण और स्वागत जैसे कार्य तो गीतमय होने से ही मधुर प्रतीत होते हैं।[1] इसी प्रकार राजनीतिक चेतना का विकिरण भी संस्कृत गीतों के माध्यम से होता रहा है।

'श्रीराघवाह्निकम्'—

कविवर श्री सोमनाथ व्यास ने ऐसी ही गीतिकाव्य की परम्परा से प्रेरित होकर 'श्रीराघवाह्निकं गेयकाव्यम्' की सृष्टि की है। हमने उपर्युक्त गीतिकाव्यों में देखा है कि कवियों ने प्रायः शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और सीताराम की भक्ति को ही लक्ष्य में रखकर ऐसे काव्यों की रचना की है। रामभक्त होने के नाते श्री व्यासजी ने सीताराम की दिनचर्या का वर्णन किया है। स्तुतियों के विभिन्न-प्रकारों में अष्टयाम पूजा-वर्णन और उस समय गाई जानेवाली लीला-गीतियाँ अपना विशेष महत्त्व रखती हैं। पुष्टिमार्ग सम्प्रदाय के मन्दिरों में आज भी प्रातः जागरण से शयन-काल तक आठ दर्शन यथासमय खुलते हैं तथा दर्शनार्थी भक्तमण्डल प्रत्येक दर्शन के समय वहाँ के कीर्तनकारों द्वारा उन-उन दर्शनों से सम्बद्ध लीलाओं का गान सुनते हैं—गाते हैं। यह प्रक्रिया नाथद्वारा (राजस्थान) में श्रीनाथजी के मन्दिर में अतिभव्य रूप में दर्शनीय है।

श्रीरामचन्द्रजी और सीताजी की आह्निकचर्या का वर्णन सम्भवतः इसी पर आधारित है। वैसे 'रामगीत-गोविन्द' काव्य से कवि ने विषय-वर्णन की प्रेरणा ली है। ऐसी कई पदावलियाँ हैं जो उक्त काव्य में तथा राघवाह्निक में बहुत कुछ साम्य रखती हैं।

प्रस्तुत काव्य की पाण्डुलिपि को उज्जयिनी से प्राप्त कर उसका सम्पादन मित्रवर **प्रो. श्री बाबूलालजी शुक्ल शास्त्री'** ने बहुत समय पूर्व कर लिया था। 'अध्ययनमाला' में प्रकाशनार्थ जब मैंने उनसे निवेदन किया तो सहर्ष उन्होंने यह ग्रन्थ प्रदान किया। रचनागत-माधुर्य तथा अभिनव-वर्ण्य विषय के कारण जब इसका पुनः पुनः पान करने पर कतिपय पाठस्थल विचारणीय प्रतीत हुए तो मैंने ऐसे पाठों की शुद्धि का यह उत्तम उपाय सोचा कि इसका सर्वसुलभ राष्ट्रभाषा में अनुवाद किया जाए। तदनुसार अनुवाद से अपेक्षित पाठों में सुधार हुआ भी है।

'कवि श्रीसोमनाथ व्यास'—

मध्य प्रदेश के मालवभूभाग में उज्जयिनी के निकट 'शाजापुर' गाँव हैं जहाँ की भूमि ने कई कवियों को जन्म दिया है। वर्तमानकालिक स्वर्गीय बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' भी इसी भूमि पर उत्पन्न हुए थे। उसी भूमि पर अठारहवीं शती के अन्त में **'श्री ओङ्कार द्विज'** ओम् प्रकाश व्यास नामक गुर्जरगौड़ ब्राह्मण के पुत्र के रूप में **श्री सोम-**

---

१. ऐसी गीतियों के लिये डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी रचित 'प्रेरणा, निर्झरिणी, भारतीय-नवरत्न-समुच्चयः' तथा 'मालव-मयूरः' संस्कृत मासिक पत्र के अंक भी द्रष्टव्य हैं।

नाथ व्यास' का जन्म हुआ। आपके बड़े भाई श्री भोलानाथ व्यास थे। अपनी उत्तम शिक्षा-दीक्षा से परिपुष्ट होकर श्री व्यास जी ने संस्कृत सेवा की दृष्टि से—१. **आर्यावरवर्णिनी** तथा उसकी स्वोपज्ञटीका **'भावप्रकाशिनी सहचरी'** तथा २. **रामसभा नाटक** (अपूर्ण) की रचना की। इसी प्रकार एक संस्कृत के **'अभिनव शब्दकोष'** का भी आपने निर्माण किया था जो अभी प्राप्त नहीं हो पाया हैं। सम्भव है उनकी और भी कृतियाँ हों, जो काल कवलित हो गई हों।

गीतिकाव्यों की परम्परा में **'राघवाह्निक गेयकाव्य'** एक लघु गीतिकाव्य है। इसमें ७ सर्ग हैं, १२ प्रकार के २८ पद्य तथा १४ प्रकार के २० प्रबन्धों (गीतियों) की रचना है। कवि ने राम-सीता-विषयक केवल एक दिन की चर्या का वर्णन करके अपनी रामभक्ति को व्यक्त करते हुए प्राचीन-परम्परा का निर्वाह तो किया ही है, साथ ही चौपाई, घनाक्षरी जैसे छन्दों का प्रयोग करके कवि-कर्म की निपुणता का भी प्रकटन किया है। काव्य का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

'श्रीराघवाह्निक-गेय काव्य'-समीक्षा

भगवान् श्रीराघवेन्द्र की दिनचर्या को ध्यान में रखकर इस गेयकाव्य की रचना की हुई है यह इसके नाम से ही स्पष्ट है। इसमें ७ सर्ग हैं जिनका नामकरण कवि ने स्वयं इस रूप में किया है—

१. प्रबद्ध-राघवः। २. सरस-राघवः।
३. भूपाल-भूषणः। ४. सुप्रीत-सीतापतिः।
५. सानन्द-रघुनन्दनः। ६. कुशल-कोशलेश्वरः।
७. सविलास-कोशलापतिः।

इनका संक्षिप्त सारांश क्रमशः इस रूप में है—

१. प्रबुद्ध-राघव—इस प्रथम सर्ग में कवि ने वस्तु-निर्देशात्मक मङ्गल के रूप में सर्वप्रथम कहा है कि—'प्रत्यूषकाल में ब्रह्मा, शिव, इन्द्र तथा अन्यान्य देवगण सोये हुए भगवान् श्रीराम के महल में उनके द्वार पर स्तुति करते हुए पहुँचे।' और इसी प्रसङ्ग से भैरव-राग में एक गीत प्रस्तुत किया जिसमें प्रातःकाल का परम्परा-मूलक किन्तु मनोरम वर्णन किया है। इस स्तुति के घोष एवं मङ्गल-वाद्यों के साथ-साथ पक्षिगणों का कूजन सुनकर श्रीजानकी जी प्रभु को जगाती हैं। द्वितीय गीत में यहाँ जगाने की प्रक्रिया वर्णित है। श्रीराम प्रिया के मधुर-संस्पर्श से जागते हैं तथा स्नानादि क्रिया की निवृत्ति-पूर्वक उत्तम आभरणादि से अलङ्कृत होकर वरासन पर सीताजी के साथ विराजमान होते हैं।

इस प्रकार इसमें श्रीराम के जागरण का वर्णन होने से उपर्युक्त नाम सार्थक ही बन पाया है।

२. 'सरस-राघव' नामक द्वितीय सर्ग में रत्नसिंहासन पर बैठी हुई श्रीसीताराम की जुगल-जोड़ी का रूपाङ्कन किया गया है जिसमें सीताजी और रामचन्द्रजी की अङ्गकान्ति, आभरण-सज्जा एवं प्रासङ्गिक मार्दव, रूप-माधुर्यादि का सजीव चित्रण है। ऐसे युगल-स्वरूप की उपासना के लिये यहाँ कवि ने सीताराम के गौरासित तेज के स्मरण, कीर्तन, ध्यान तथा सेवा की प्रेरणा दी है। द्वितीय गीत में 'श्रीराम का स्मरण करो' यह कहते हुए सखी के माध्यम से एक पंक्ति में सीता के और दूसरी में राम के 'स्वरूप तथा वैशिष्टच' का वर्णन है। तीसरा गीत भी इस युगल-स्वरूप के अनवरत दर्शन की प्रेरणा से परिपूर्ण है।

कवि अपनी ओर से चौथे गीत में कहता है कि—सीता और राम के स्वरूप-चिन्तन में बहुत विवेक करने पर भी इनमें न्यूनाधिकता का विश्लेषण नहीं किया जा सकता। और इसी सन्दर्भ में वह दोनों 'सीता राम' की शारीरिक-शोभा का संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित वर्णन करता है।

सम्भवतः रूप-माधुरी की अनुपमता को लक्ष्य में रखकर ही इस सर्ग का 'सरस-राघव' नाम रखा गया है। यह सरसता वस्तुतः सहृदय-गम्य है।

३. **'भूपाल-भूषण'** नामक तृतीय सर्ग में—श्रीजानकीजी सहित प्रभु श्रीरघुनन्दन देवसभा के तुल्य अपनी राजसभा में रत्नसिंहासन पर विराजमान हैं। ऊँचे सिंहासन पर एक श्वेतच्छत्र है तथा दोनों भागों से चँवर डुलाये जा रहे हैं। नर, वानर, असुर एवं देवगण सेवा में उपस्थित हैं। उस समय गन्धर्व, अप्सराएँ तथा किन्नरगण सङ्गीत-सेवा करते हैं। बड़े उत्साह के साथ उर्वशी नृत्य प्रस्तुत करती है। उसके द्वारा की जानेवाली नृत्य-मुद्राएँ और अङ्ग-प्रदर्शन बड़े ही मनमोहक थे। तदनन्तर तुम्बुरु, नारद आदि प्रणतिपूर्वक स्तुति करते हैं। इस स्तुति-गीत में श्रीराम के अङ्ग, आभरण एवं लीलाओं का स्मरण करते हुए अपने हृदय में निवास तथा बाह्य विमोहक-वस्तुओं से पराङ्मुख रहने की कामना की गई है। एक अन्य गीत से—भगवान् के चरण-चिह्न हमारे हृदय से कभी दूर न हों, यह कहते हुए सीता-राम के चरण-युगलों में अङ्कित चिह्नों का वर्णन हैं। यहीं भगवान् शिव जिनकी स्तुति करते हैं ऐसे राम के गुण-गणों का वर्णन घनाक्षरी छन्द में हुआ है। यहाँ मध्याह्न काल हो जाने से माध्याह्निक-क्रिया के लिए श्रीरघु-नन्दन पधार जाते हैं।

एक राजाधिराज की राजसभा में दिखाया गया यह कर्म-कलाप वस्तुतः 'राम-राज्य' की महत्ता को व्यक्त करता है। जहाँ 'न दण्ड्यो न च दाण्डिकः',—न मे स्तेनो जनपदे न कदर्यो न मद्यपः। नानाहिताग्निर्नाविद्वान् न स्वैरी स्वैरिणी कुतः॥ और 'दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज काहू नहीं व्यापा॥' जैसी स्थिति हो, वहीं ऐसी शान्त-सभाएँ होती हैं। अतः रामचन्द्रजी को 'भूपाल-भूषण' कहने में पर्याप्त साफल्य मिला है।

४. **'सुप्रीत-सीतापति'** नामक चतुर्थ सर्ग में 'सोमकवि' श्रीरामचन्द्रजी के द्वारा माध्याह्निक-क्रियापूर्ति के पश्चात् तीनों भाइयों के साथ भोजन करने का वर्णन करते हैं। **भोज्य**-गले के नीचे उतारने योग्य, **भक्ष्य**-दाँतों से चबाने जैसी वस्तुएँ, लेह्य—चाटने योग्य, **चोष्य**-चूसने योग्य और **चर्व्य**-चबाकर रस लेने योग्य वस्तुओं का वर्णन अपने-आप में अप्रतिम है। यहाँ दी गई भोज्य-सामग्री की नामावली देव-मन्दिरों में (दीपावली के द्वितीय दिन) होनेवाले अन्नकूट का स्मरण करा देती हैं। कवि ने पूरे पाण्डित्य के साथ चुन-चुन कर वस्तुओं के नाम दिए हैं और उनसे उनके शब्द-कोष-ज्ञान की झलक सहज उपलब्ध होजाती है। श्रीरघुनन्दन की इस अशन-क्रिया का वर्णन दो गीतों में हुआ है तथा अन्त में शतपदी और ताम्बूल-वीटिका-सेवन को भी नहीं भुलाया गया है।

सीतापति श्रीराम अपने भाइयों के साथ भोजन करके प्रसन्न हों यह स्वाभाविक ही है। 'क्व भ्रात्रा सह भोजनम्' भाई के साथ भोजन कहाँ मिलता है? अर्थात् वह सदा सुलभ नहीं माना गया है। अतः इस सर्ग को 'सुप्रीत-सीतापति' नाम से अभिहित करना कवि की सूक्ष्म प्रतिभा का परिचायक है।

५. **'सानन्द-रघुनन्दन'** नामक पाँचवें सर्ग में मध्याह्न-विश्राम का वर्णन है। शयनागार में सीताजी को बुलवाकर उनके साथ श्रीरामचन्द्र जी 'चतुष्पटी-क्रीडा' चौपड़ का खेल खेलते हैं। यह क्रीड़ा पति-पत्नी के बीच चल रही है तथा उसी के बीच हास-विलास संलाप हो रहे हैं। जय-पराजय का आनन्द लिया जा रहा है तथा बीच-बीच में श्रीसीताजी ताम्बूल-वीटिकाएँ भी अर्पित करती हैं जिनका चर्वण एवं आस्वादन आनन्दवर्धक है। ३ पद्य और दो गीतों का यह छोटा-सा सर्ग आनन्द-मन्दाकिनी के सुशीतल निःष्यन्दों से पाठकों को अभिषिक्त करता है अतः 'सानन्द-रघुनन्दन' नाम भी रमणीय ही है।

६. **'कुशल-कोशलेश्वर'** नामक सातवें सर्ग का आरम्भ सायङ्कालीन-क्रिया का परिचायक है। वेत्रवती, के द्वारा चतुरङ्गसेना की सन्नद्धता और उनकी द्वार पर प्रतीक्षा में उपस्थिति को जानकर श्रीरामचन्द्रजी स्वयं शस्त्रास्त्र

से सुसज्ज होते हैं और रथ पर बैठकर परिभ्रमण के लिए निकल पड़ते हैं। सैनिकों के विविध शस्त्र चमक रहे हैं, उनमें उत्साह है तथा अधिक दूर नहीं, कोशलापुर (अयोध्या) के उपकण्ठ-गाँव की सीमा वाले भाग में ही बने उत्तम बाग-बगीचों में लगे फल और फूले हुए पुष्पों का आनन्द लेते हुए तथा बीच-बीच में विशिष्ट अनुचरों के साथ आनन्द संलाप करते हुए, कभी उन्हें वन की वस्तुओं से परिचित कराते हुए, निशामुख-रात्रि के आरम्भ काल में वापस लौट आते हैं। पुर-बधूटियाँ उनके स्वागत में पुष्प एवं लाजा बरसाती हैं तथा मनमें अनेक प्रकार के विचार करती हुई अनेक रूपों में उनके दर्शन करती हैं। एक-दूसरी से श्रीरघुनन्दन की तथा जानकीजी के सौभाग्य की सराहना करती हैं। महल के द्वार पर उनके पधार जाने पर आत्मीयजन उनकी आरती उतारते हैं। यहाँ प्रचलित भाषा की आरतियों के समान ही संस्कृत आरार्तिका प्रस्तुत है। महल में पहुँचकर भगवान् लोकशिक्षण के लिये वैदिक कर्म—सायं सन्ध्या, देवार्चन, जपादिकर्म और अशनक्रिया आदि नित्यक्रिया करते हैं—तथा कुछ समय सुमन्त्र आदि प्रधान अमात्यादि के साथ मन्त्रणा करके शयनागार में पधारते हैं।

कोशलेश्वर के क्रिया-कौशल को लक्ष्य में रखकर '**कुशल-कोशलेश्वर**' नामवाला यह सर्ग भी वर्ण्य विषयों की मञ्जुलता से पूर्ण रमणीय बन पाया है।

७. **सविलास-कोशलापति**' नामक यह सातवाँ सर्ग शयन से पूर्वकालिक वर्णन से ओतप्रोत है। इसमें सर्वप्रथम शयनगृह में सीताजी की अनुपस्थिति से उत्पन्न विरह का वर्णन है। जिसमें मदन-कैलिसदन में मदनाकुलितात्म श्रीराघव द्वारा 'सुचरित्रा' को कहा गया है कि 'सीताजी को लाओ।' फलतः वह सीताजी के पास जाती है और राम की मदन-विकलता का चित्रण प्रस्तुत करती है। साथ-ही-साथ सीता जी से यह आग्रह करती है कि आप मदन-गृह में पधार कर दर्शन दें और उनके मदन-ताप को शान्त करें। इस प्रसङ्ग में दिये गए ३ गीत बहुत मधुर एवं सीता और राम के अनुराग को बढ़ानेवाले हैं। राम का वैकल्य और उसके निवारण की दृष्टि से दिये गये कर्तव्यों के सङ्केत 'गीत-गोविन्द' की शब्दच्छटा से साम्य लिये हुए हैं। सखी के आग्रह पर सीता जी शयनगृह में आईं और मञ्च पर कुछ लज्जित होती हुई बैठती हैं तभी सखियाँ कुछ न कुछ बहाने बनाकर मन्द-मन्द मुस्कराती हुई धीरे-धीरे बाहर चली जाती हैं। श्रीसीताजी श्रीरामके चरण दबाती हैं, मध्य-मध्य में मधुर वचनों द्वारा विनोद करती हैं, उस समय इस किशोर-युगल का रूप-वैभव 'चौपाई-छन्दों' में कवि ने अत्यन्त मनोरम किया है। और अन्त में 'देवादि-विषयक रति' के इस स्वरूप के हृदय-स्पर्शी वर्णन से होनेवाले पातकभय से अपराधशमन हेतु कवि कहता है कि 'मेरे द्वारा किया गया यह वर्णन मेरा नहीं है, अपितु ऐसा 'भगवान् शिव गुरु' नित्य वर्णन करते रहते हैं उन्हीं के उपदेश से मैंने यह लेशमात्र वर्णन किया है। इस भक्ति-काव्य को जो पढ़ता है, गाता हैं, उसे विषयासक्त होते हुए भी वैकुण्ठ-प्राप्ति होती है।'

इस प्रकार इस अन्तिम सर्ग को '**सविलासकोशलापति**' नाम से सम्बोधित कर '**सोम कवि**' ने '**राघवाह्निक-गेयकाव्य**' को पूर्ण किया है।

इस प्रकार यह काव्य गीत-गोविन्द काव्य की परम्परा में अपना एक अभिनव-स्वरूप प्रस्तुत करता है। कवित्व की दृष्टि से भी यह पर्याप्त सफल-प्रयोग है। यही कारण था कि इसे विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत करने का लोभ संवृत नहीं हो सका।

मैं इस काव्य के उत्तमोत्तम प्रकाशन की सुविधा देने के लिए **प्राचार्य डॉ० पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा जी** का आभार मानते हुए त्रुटि-परिमार्जनपूर्वक इसके आस्वादन की अभ्यर्थना के साथ विद्वज्जनों के कर-कमलों में अर्पित करता हूँ। धन्यवाद।

सुरसरस्वती का सामान्य सेवक
डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी

कवि-श्रीसोमनाथव्यास-विरचितम्

श्रीराघवाह्निकम्

गेयकाव्यम् ।

—०×०—

अथ प्रथमः सर्गः

प्र बु द्ध-रा घ वः

(शिखरिणी-वृत्तम्)

सुरेन्द्रा निस्तन्द्रा शिवविधिशचीशप्रभृतयः,
समेत्य प्रत्यूषेऽखिलसमयभूषे कृतधियः ।
स्वपन्तं श्रीरामं जनहृदभिरामं विनयिनः,
स्तुवन्तोऽस्य स्वान्तोपवनमुपवव्रुः प्रणयिनः ।। १ ।।

['प्रबुद्ध-राघव' नामक प्रथम सर्ग का आरम्भ करते हुए कवि श्रीसोमनाथ व्यास प्रातःकाल में भगवान् राम को जगाने के लिए शिव, ब्रह्मा और इन्द्रादि देवताओं द्वारा स्तुति एवं उनकी वहाँ उपस्थितिरूप वस्तु-निर्देशात्मक मङ्गलाचरण करते हैं—]

सभी कालों में श्रेष्ठ ऐसे उषःकाल में शीघ्र ही प्रबुद्ध होकर भक्तिभाव से युक्त शिव, ब्रह्मा और इन्द्र आदि देव (श्रीरामचन्द्रजी के भवन में) पहुंचकर शयन करते हुए परमाराध्य, कृपालु एवं समस्त प्राणियों के हृदय में निवास करनेवाले श्रीराम को जगाने के लिये (बन्दीगणों के समान) विनय-पूर्वक स्तुति करते हुए उनके अन्तःपुर के द्वार पर उपस्थित हुए ।। १ ।।

पदं भैरवरागेण गीयते । (प्रथमः प्रबन्धः)

[१] जय जय जनजीवातु-विलोकन लोकनमस्कृत नाथ हरे ।
विकचय लोचनकुवलयमुकुले किमपि सुधारससारधरे ।। ध्रुवपदम् ।।
तव कुलगुरुरथसारथिररुणः स हरिदिशामुखमरुणयते ।
वदनविलोकनलोलुप इव तव रविरुदयाद्रिनिकटमयते ।। १ ।।

तारापतिरपि तव वदनद्युति-जितरुचिरम्बुधिमाविशते ।
सैन्यमनायकमिव तारककुलमपि तु पलायनमादिशते ।। २ ।।

स्वपतिपराभवजातभयेन निशापि दिशागतिमातनुते ।
परवनितासु पराङ्मुखतामपि सभयतया न हि सा मनुते ।। ३ ।।

अयमपि बन्दिगणो वयसां निवहस्तव संस्तवमुद्गिरते ।
'कविसोमे' सदयो भव राघव परिचारिणि तव पादरते ।। ४ ।।

[वहां पहुँच कर भगवान् श्रीराम को जगाने के लिये बन्दीगणों के समान स्तुति करते हुए देवताओं ने **'भैरव राग'** में यह गीत प्रस्तुत किया—]

प्राणियों को अमृतमयी दृष्टि से देखनेवाले हे नाथ ! सकल-जनवन्दित, हे हरि ! [अपने] अमृतरस के सार को धारण करनेवाले मुंदे हुए नेत्र-कमलों को कुछ उन्मीलित कीजिये । आपके कुलगुरु के रथ का सारथि अरुण पूर्वदिशा के मुख को (अपने आगमन से) लाल-लाल बना रहा है और आपके मुख को देखने की तीव्र इच्छावाला सूर्य भी उदयगिरि के निकट आ पहुँचा है । इधर चन्द्रमा आपके मुख की कान्ति के समक्ष हतप्रभ होकर समुद्र में डूब रहा है (और उसके चले जाने से) उसके सैनिकरूपी सभी तारे भी (सेनापति के न रहने से) नायकहीन होकर (एक-दूसरे को) पलायन का आदेश दे रहे हैं । अपने पति की पराजय से उत्पन्न भय के कारण रात्रि भी दिशा की ओर जा रही है तथा भयभीत होने के कारण शत्रु की रमणियों के प्रति जो स्वाभाविक वैर-भाव होता है, उसे भी वह नहीं मान रही है । अपने साथियों के साथ आया हुआ यह बन्दीजनों का समूह भी आपकी स्तुति कर रहा है । हे राघव ! आपके चरणों की भक्ति में रत सेवक **'सोम-कवि'** पर कृपा कीजिये ।। १-२-३-४ ।।

(शार्दूल-विक्रीडितवृत्तम्)

सद्वृन्दारकवृन्दवन्दिनिवहानन्दानुमन्दस्वरं,
गुञ्जद्भृङ्गविहङ्गमङ्गलरवोन्मीलन्मृदङ्गध्वनिम् ।
प्रत्यूषं प्रसमीक्ष्य पक्ष्मलदृगम्भोरुट्-कटाक्षच्छटा-
निद्राणं रमणं रघूत्तमवधूः प्रोद्बोधयामास सा ।। २ ।।

[भगवती सीताजी देवताओं की स्तुति एवं प्रातःकालिक मङ्गल-वाद्य आदि की मधुर ध्वनि से मञ्जुल उषः-काल का ज्ञान कर भगवान् रामचन्द्रजी को जगाने का उपक्रम करती हैं—]

उत्तम देववृन्दरूप बन्दिजनों के (स्तुतिमय) आनन्दपूर्ण मन्द-स्वर, गुञ्जन करते हुए भ्रमर तथा चहचहाते हुए विहगों के मङ्गल-रव के साथ उठती हुई मृदङ्ग की ध्वनिवाले प्रातःकाल को देखकर स्वल्पोन्मीलित कमल के समान अधखुली पलकों से युक्त निद्रित पतिदेव (भगवान् राम) को सीताजी ने जगाया ।। २ ।।

पदं [भैरव] रागेण गीयते । **(द्वितीयः प्रबन्धः)**

[२] जनकनन्दिनी जीवनमूलं जागरयति जगदीशम् ।
स्पृशति पल्लवाभेन करेण प्राणयति च सुदतीशम् ।। ध्रु० ।।

वैतालिकनिकरे कलभाषिणि बहिरुपवीणयतीयम् ।
नाकौकसि वयसामनुरूपिणि रुवति किमपि कमनीयम् ॥ १ ॥

विकसय नयनं प्रिय जहि शयनं श्लथय सखे भुजबन्धम् ।
तव मुखकमलं जनततिरमलं पश्यतु सुरभि सुगन्धम् ॥ २ ॥

जलनिधिमधुना गतमुत विधुना नम दिनपतिमुदयन्तम् ।
भज दिनकृत्यं प्रियसख नित्यं स्मर विधिमनुगमयन्तम् ॥ ३ ॥

स्वयमतिभूषणमपि जितदूषण भूषय वपुरनुवेलम् ।
विजिततमालं धृतवनमालं भूषय रुचिमनु चेलम् ॥ ४ ॥

काञ्चनरचितं मणिगणखचितं स्वीकुरु रथमुपनीतम् ।
सुरगिरिशृङ्गं गुञ्जितभृङ्गं घन इव कमपि पुनीतम् ॥ ५ ॥

नृपतिसभायामनुपमभायामुपविश मृगपतिपीठम् ।
तडिदुपवीतो मरुदुपनीतो जलधर इव हि कृपीटम् ॥ ६ ॥

कुरु सुखकारणमातपवारणमुपरि शशिनमवतंसम् ।
धुनु सिततामरसच्छवि चामरयुगमभिनवकलहंसम् ॥ ७ ॥

शृणु सुखसारं विनयमुदारं 'सोमकवे'रनुदारम् ।
उषसि विबोधे भवदवरोधे व्याहरति श्रुतिसारम् ॥ ८ ॥

[जनकनन्दिनी जानकीजी के द्वारा भगवान् श्रीराम को जगाने की क्रिया का वर्णन करते हुए "भैरवराग" में यह गीत प्रस्तुत किया गया है—]

अपने प्राणाधार, जगदीश, भगवान् राम को श्री जानकीजी जगाती हैं, पल्लव के समान कोमल हाथ से उनका स्पर्श करती हैं तथा सुन्दर दन्तपङ्क्तिवाली वे प्राणप्रिय को अनुप्राणित करती हैं। समवयस्क देवगणरूप बैतालिकगणों के बाहर द्वारपर कुछ मधुर स्तुति करने पर वे प्रार्थना करती हैं कि—हे प्राणनाथ ! हे सखे ! आँखें खोलो, शय्या का त्याग करो तथा अपने भुजबन्धन को शिथिल करो। आपके निर्मल एवं सुगन्धित मुख कमल का जनसमुदाय दर्शन करे। इस समय चन्द्रमा समुद्र में प्रवेश कर चुका है, अतः उदित होते हुए दिनपति सूर्य को प्रणाम करो। हे प्रियसख ! आप अपने दैनिक-कृत्य सम्पन्न करें तथा प्रतिदिन करणीय कार्यों का स्मरण करें। हे जितदूषण (दूषण नामक राक्षस को जीतने वाले तथा दोषरहित) ! यद्यपि आप स्वयं परमविभूषण हैं तथापि तमाल-पत्रों की शोभा को जीतनेवाले एवं वनमाला से विभूषित अपने शरीर को रुचि के अनुसार वस्त्रों से विभूषित कीजिये। और सेवकों द्वारा लाये गये सुवर्ण-निर्मित एवं मणियों से जटित पवित्र रथ को भ्रमरों से गुञ्जित सुमेरु पर्वत के शृङ्ग पर मेघ के समान विराजमान होने के लिये स्वीकृत कीजिए। (तदनन्तर यहाँ से रथ में बैठकर) अनुपम शोभावाली राजसभा में पधारें, वहाँ जैसे बिजली की यज्ञोपवीतवाला वायु द्वारा लाया गया जलधर अग्नि पर बैठता है उसी प्रकार आप भी सुवर्ण सिंहासन पर बैठें। वहीं सुखकर श्वेत-छत्र को ऊपर विभूषित कीजिए तथा श्वेत कमल की कान्तिवाले तरुण हंसों के समान चामर-युगल डुलवाइये। इसी समय 'सोमकवि' की सुखप्रद सामान्य प्रार्थना सुनें। इस प्रकार प्रातः जागरण के लिए आपके अन्तःपुर में श्रीसीताजी वचन प्रस्तुत कर रही हैं ॥ १ से ८ तक ॥

(शार्दूलविक्रीडितवृत्तम्)

निष्पीय प्रणयानुकूलममलं तत्कोमलं प्रेयसी-
वक्त्रेन्दोर्विगलत्सुधासमवचः प्रोन्निद्रमुन्मुद्रयत् ।
नेत्रेन्दीवरयोर्युगं दृढपरीरम्भेन बिम्बाधरं,
पीत्वोपोढपरस्पराभिलषितौ तावुत्थितौ दम्पती ।। ३ ।।

(भगवान् राम ने भी) अपनी प्रियतमा के मुखचन्द्र से निकले हुए उन अमृत के समान मधुर, प्रणयानुकूल, निद्रा से जगानेवाले वचनों को सुनकर दोनों नेत्रकमल खोले और दृढ आलिङ्गन-पूर्वक अधरामृत का पान कर एक दूसरे के प्रति आसक्त रहते हुए वे दोनों दम्पती उठे ।। ३ ।।

(हरिणी-वृत्तम्)

पृथगथ निज-स्नानागारे पृथङ् मिथुनं गतं,
मनुजमनुकृत्याचारस्य प्रचारमचीचरत् ।
परिजनजनैः स्वैराचीर्ण-प्रसाधनसंविधि,
स्थितमथ मणिस्वर्णोत्कीर्णे चतुष्पदपीठके ।। ४ ।।

तदनन्तर वे दोनों (भगवान् राम और सीता) पृथक्-पृथक् अपने-अपने स्नानागार में गये और वहाँ मानवोचित कृत्य के द्वारा आचार का निर्वाह किया ।[1] तथा जहाँ उनके सेवकों ने प्रसाधन की सामग्री सज्जित की थी, वहाँ स्नानागारों में मणि और सुवर्ण से उत्कीर्ण चौकियों पर वे विराजमान हुए ।। ४ ।।

(शार्दूलविक्रीडितवृत्तम्)

सम्प्रक्षालितपाणिपादयुगलं पाद्येन चार्घ्येण च,
प्रेम्णा पादसरोजसेवकगणस्तैः स्नापयामास तत् ।
तैलाभ्यङ्गमनङ्गवर्धनकरं चोद्वर्तनं कान्तिदं,
यत्पञ्चामृतमङ्गमङ्गलधरं प्रत्येकमम्भोऽन्तरम् ।। ५ ।।

पाद्य एवं अर्घ्य द्वारा हाथ-पैरों का प्रक्षालन कर लेने पर उन (भगवान् राम तथा सीताजी) के चरण-कमलों की सेवा करनेवाले अनुचरों ने भक्ति-पूर्वक उनके शरीर पर अनङ्ग को बढ़ाने वाला तैलाभ्यङ्ग किया, कान्तिप्रद उबटन लगाया और अङ्ग के लिये मङ्गलरूप पञ्चामृत—(दूध, दही, घृत, मधु और शर्करा) से प्रत्येक के बीच-बीच में जलाभिषेक करते हुए उन्हें स्नान कराया ।। ५ ।।

---

१. कवि का आशय यह है कि देवता लोक-शिक्षण के लिये ही अवतार ग्रहण करते हैं और इसीलिए वे मनुष्य के समान सभी क्रियाओं को करते हैं । अतः भगवान् राम और सीता ने भी मनुष्य का अनुकरण करके आचार का प्रचार किया । —अनुवादक

(तोटक वृत्तम्)

उचिते वसने परिधाय ततः समयादनु भूषणभारमलम् ।
समुपेत्य वरासनमेकमिमौ समलञ्चक्रतुः स्वजनस्य मुदे ॥ ६ ॥

तदनन्तर उचित वस्त्रों को धारण कर रुचि के अनुसार उन दोनों ने स्वयं को आभूषणों से सज्जित किया तथा आत्मीयजनों की प्रसन्नता के लिये यथासमय बाहर आकर एक ही वरासन पर दोनों (भगवान् राम और सीताजी) विराजमान हुए ॥ ६ ॥

इति श्रीराघवाह्लिके गेयकाव्ये व्यासोपनामकसोमनाथकृतौ **'प्रबुद्धराघवो'** नाम प्रथमः सर्गः ॥

यहाँ व्यासोपनामक **'सोमकवि'** द्वारा रचित **'राघवाह्लिक गेयकाव्य'** का **'प्रबुद्ध-राघव'** नामक प्रथम सर्ग समाप्त हुआ ।

अथ द्वितीयः सर्गः

—स र स—रा घ वः—

पदं बिलावलरागेण गीयते ।		**(तृतीयः प्रबन्धः)**

[१] जयति जगदेकमिह मिथुनमनुमैथिलीमिलितरघुनाथललिताभिधानम् ।
प्रथमपुर-मध्यमणि-सदनसुरसाल-तल-रत्नसिंहासने राजमानम् ॥ध्रु०॥

अरुणचरणाब्जतलतत्त्वरेखामयस्पष्टलक्ष्मावलीललितललितम् ।
वदनरुचिविजितचरचारुचन्द्रावलीचरितनतिनिभनखरकान्तिकलितम् ॥ १ ॥

गौरचरणाब्जयुगमञ्जुमञ्जीरधरमङ्गुलीरणितमणिमीनशोभम् ।
श्यामपदयुगलगतशृङ्खलाकटकमणिजटितजाम्बूनदप्रथितलोभम् ॥ २ ॥

किङ्किणीरणितमणिमेखलामिलितशितिविपुलपरिधानपरिभङ्गरङ्गम् ।
मञ्जुमाणिक्यमयशृङ्खलाखचितरुचिरुचिरपीताम्बरभ्राजदङ्गम् ॥ ३ ॥

निम्ननाभीसरःस्मरमिथुनसम्प्लवप्रसरदमृतत्रिवलिसत्तरङ्गम् ।
केलिकुतुकक्रमितरतिमदनवर्तिनीतुलिततनुरोमततिराजदङ्गम् ॥ ४ ॥

सुतनुजठरोपरिस्फुरितमदनामृतस्तनकलशपट्टिकापुरटभासम् ।
विपुलवक्षःस्थलोल्लासिविमलच्छटाश्लिष्टकञ्चुकचमत्कारचासम् ॥ ५ ॥

कम्बुकण्ठस्फुरत्सुभगसौभाग्यगुणगुणितमणिमौक्तिकस्फारहारम् ।
कौस्तुभोल्लासिगलविमलमुक्तावलीतुलसिदलकुसुमवनमालभारम् ॥ ६ ॥

मृदुलभुजवल्लिकेयूरवलयावलोकनकमणिकङ्कणक्वणनलासम् ।
करकमलदलविलसदङ्गुलीनखरमणिरत्नरुचिराङ्गुलीयकविलासम् ॥ ७॥

कुङ्कुमागुरुसुरभि-पीनभुजदण्ड-लसदङ्गदं मणिकटक-भासमानम् ।
ललितकरपल्लवोल्लासि-शरकार्मुकं कटिजटित-खड्गसायकनिधानम् ॥ ८ ॥

सुभगचिबुकोपरि स्फुरदधरमाधुरी-दरदशनरोचि-रुचिरस्मितास्यम् ।
श्रवणमणिकुण्डलोल्लासिगण्डस्थलं कमलदललोचनोच्चलितलास्यम् ॥ ९ ॥

सुभगनासाग्र-लसदमल-मुक्ताफलं भालमृगमद-लसद्रत्न-तिलकम् ।
कामकार्मुकनिभ-भ्रूलतं कौङ्कुमोदग्र-सरसोल्लसत्-तिलकफलकम् ॥ १० ॥

दाडिमी-तरुणकुसुमारुण-क्षौम-चीनोत्तरासङ्गवासो वसानम् ।
चारु-चामीकरोज्ज्वल-विमलकोमल-प्रावरण-रोचिसीमावसानम् ॥ ११ ॥

तरुण-सिन्दूरसीमन्तमणिचन्द्रिकाचारु-चिकुरस्फुरद्रत्नलतिकम् ।
मणिमुकुटकोटिकरकोटितरणिच्छटं वसतु 'कविसोम' हृदि सदयमतिकम् ॥ १२ ॥

[द्वितीय सर्ग के आरम्भ में कवि 'वरासन पर विराजमान भगवान् सीताराम के युगल-स्वरूप की शोभा का वर्णन कर अपने हृदय में उनकी मङ्गल-मूर्ति के निवास की कामना करता है।']
यह पद '**बिलावल राग**' में गाया जाता है—

प्रथमपुर—अयोध्या में मध्यमणि के समान शोभित राजमहल के प्रधान-कक्ष में रत्न के सिंहासन पर विराजमान मैथिली और रघुनाथजी के ललित नामवाली जुगल-जोड़ी इस जगत् में विजय को प्राप्त हो रही है ॥ १ ॥ इस युगल-स्वरूप के अरुण चरणकमलों के तल विशिष्ट (सामुद्रिक) रेखाओं के लक्षणों से सुशोभित हैं तथा उन चरणों के नखों की कान्ति ऐसी प्रतीत होती है, मानो अपने मुख की कान्ति के पहले से ही जीत लेने के कारण स्वयं चन्द्रमा तारकों के साथ नमन कर रहा हो ॥ २ ॥ उन चरणों में गौर वर्णवाले सीताजी के चरण सुन्दर मञ्जीर-नूपुर धारण किये हुए हैं तथा उनकी उँगलियों में मछलियों के आकारवाली मणियों से खचित बिछिया पहनी हुई हैं तथा श्याम वर्ण-वाले (रामचन्द्रजी के) चरण-युगल शृंखलावाले, मणि-जटित सोने के कड़े से शोभित हो रहे हैं ॥ ३ ॥ उन दोनों में सीताजी के अङ्ग की शोभा किङ्किणियों से युक्त मणिमय मेखला और श्याम-श्वेत साड़ी आदि के कारण विचित्र और रमणीय है तथा रघुनाथजी का अङ्ग सुन्दर माणिक्यमयी शृंखला और मनोहर पीताम्बर की कान्ति से शोभायमान है ॥ ३ ॥ सीताजी का उदरभाग गहरी नाभिरूप तलैया में मानो रति तथा कामदेव की जलक्रीड़ा हो रही हो और उसी के कारण अमृतमयी त्रिवलियों वाली तरगें उठ रही हों ऐसा शोभित हो रहा है जबकि रामचन्द्र के उदर-प्रदेश में रति और मदन की क्रीड़ा में सम्मिलित होने के लिए नीचे की ओर जाती हुई रोमराजी विराज रही है ॥ ४ ॥ सीताजी के जठर-प्रदेश के ऊपरवाला भाग मदनामृत से पूरित स्तनकलशों पर लगी हुई सुनहरी कुचपट्टिका से स्फुरित है तथा रामचन्द्रजी के विशाल वक्षःस्थल पर उल्लसित विमल छटावाले कञ्चुक के आकर्षण से नीलकण्ठ-पक्षी के वर्ण के समान सुनहरे नीलवर्ण की शोभा है ॥ ५ ॥ सीताजी के शङ्खाकार कण्ठ में सुन्दर सौभाग्य-सूत्र और मणि तथा मोतियों के विशाल हार विराजमान हैं जबकि रघुनाथजी का कण्ठ कौस्तुभ मणि से युक्त निर्मल मुक्तावली, तुलसीदल, पुष्प और घुटनों तक लम्बी ऋतुकुसुमों की माला के समूह से विभूषित है ॥ ६ ॥ सीताजी की कोमल भुजलताएँ बाजूबन्द, चूड़ियाँ तथा मणियों से जटित सुवर्ण के कंगनों की मधुर ध्वनि से पूर्ण हैं और दोनों कर-कमलों की उँगलियाँ

नखों की कान्ति तथा मणि-रत्नों की अँगूठियों के विलास से युक्त हैं जबकि भगवान् श्रीराम के केशर तथा अगरु की सुगन्ध से सुवासित मांसल भुजदण्ड भुजबन्ध और मणिमय सोने के कडे से शोभित हैं तथा कोमल कर-पल्लवों में बाण और धनुष विराजमान हैं। उनकी कटि में तलवार लगी हुई है और पीठ पर तूणीर बँधा हुआ है ॥ ७-८ ॥ दोनों की ठुड्डी पर अधर की माधुरी झलक रही है तथा मृदुमुसकान से मण्डित मुखारविन्द श्वेत दाँतों की काँति से कमनीय है। उनके गण्ड-स्थल-कपोल कानों में पहने हुए कुण्डलों से दीप्तिमान् हैं तथा कमल-दल के समान लोचनों में अनुराग से पूर्ण लास्य है ॥ ९ ॥ सीताजी की सुन्दर नासिका का अग्रभाग निर्मल मुक्ताफल-बुलाक से शोभित है तथा उनका भाल कस्तूरी के तिलक-रत्न से मण्डित है और रामचन्द्रजी का कामदेव के धनुष के समान भौंहोंवाला ललाट ताजा केशर के उत्तम तिलक-खौर से विभूषित है ॥१०॥ भगवती सीताजी दाड़िम के स्वल्पविकसित पुष्प के समान लाल रंग की रेशमी चूनर-ओढ़नी धारण की हुई हैं तथा भगवान् राम सुन्दर, सुनहरी, चमकीला, स्वच्छ कोमल दुपट्टा धारण किये हुए हैं ॥ ११॥ सीताजी की माँग में ताजा सिन्दूर भरा हुआ है और वहीं मणियों की छटा से मिश्रित और केश-कलापों से स्फुरित रत्न का-टीका पहन रखा है तथा रामचन्द्रजी का मस्तक दमकती हुई करोंड़ों किरणों से युक्त सूर्य की छटावाले मणिमय मुकुट से मण्डित है। ऐसी भगवान् रघुनाथजी और सीताजी की यह जुगल-जोड़ी कवि '**सोमनाथ**' के हृदय में निवास करे ॥ १२ ॥

(शार्दूलविक्रीडितवृत्तम्)

विद्युद्दीप्तनवाम्बुदप्रतिभटं राकाशशाङ्कानन,
नानावर्णपुरन्दरायुधसुहृत्पाणिस्फुरत्कार्मुकम् ।
रत्नाकल्पविकल्पना-प्रगुणितं किञ्चित् किशोरद्वयं
प्रत्नं प्रेम परस्परं हृदि महः स्मेरास्यमभ्यस्यताम् ॥ १ ॥

[कवि ऐसे महनीय तेजोमय युगल-स्वरूप का ध्यान करने के लिये भक्तजनों को प्रेरित करते हुए कहता है कि—]

(हे भक्तजनों), अपने हृदय में दामिनी की दमक से युक्त नवीन मेघ के समान, पूर्णिमा के चन्द्रमा जैसे मुख-बाले, इन्द्रधनुष जैसे बहुरंगे, हाथ में धनुषधारण किये हुए, रत्नों के आभरणों की विचित्र रचना से समृद्ध, पारस्परिक पुरातन अनुरागमय प्रसन्नवदन तेजःस्वरूप किसी '**किशोर युगल**' का अभ्यास—ध्यान करो ॥१॥

शोणञ्चाधरपाणिपादयुगले नीलं स्फुरत्कुन्तले,
मुक्तारत्नसुवर्णशोभि वपुषि प्रेमाकुलं मानसे ।
तुङ्गं वक्षसि पक्ष्मलं नयनयोर्दाम्पत्यमाप्तं महो,
मध्ये क्षीणमधस्तु मांसलमिदं गौरासितं गीयताम् ॥ २ ॥

[सीताराम के युगल-शरीर में विराजमान तेज का ही गुणगान करने की प्रेरणा देते हुए कवि कहता है—]

(हे सज्जनों), अधर, हाथ एवं चरण-युगल में लाल, चमकीले केशपाश में नील, शरीर में मोती, रत्न और सुवर्ण की शोभावाले, मन में प्रेम से परिपूर्ण, वक्षःस्थल पर उन्नत, नेत्रों में सुन्दर बरौनी बाले, कटिभाग में क्षीण और मध्यभाग में मांसल ऐसे 'दाम्पत्य' को प्राप्त (युगलस्वरूप के) गौर-श्याम तेज का गुण-गान-कीर्तन करो ॥२॥

नीलेनाप्रपदीन-चीनलहरीवर्गेण विस्तारिणा,
काञ्चीनद्धमनर्गलाकणरुचिप्रावारवस्त्रेण तु।
पीतं कञ्चुलिकावरुद्धशिखरिद्वन्द्वेन यद्वक्षसि,
श्लिष्टं तेन तडित्पिशङ्गवसनं श्यामं महः सेव्यताम् ॥ ३ ॥

[सीता जी एवं भगवान् राम के परस्पर पीत-श्याम वर्णों की एकरूपता से विकीर्ण, ललाई लिये हुए भूरे रंग के वस्त्र से आवृत श्यामतेज की सेवा-उपासना करने का आग्रह करते हुए कवि पुनः कहता है—]

(हे उपासकों), काञ्ची—(करधनी और नाड़ी) से बँधे हुए पैरों तक पहुँचने वाले रेशमी नीले लहँगे की विस्तृत लहरियों से युक्त, निरन्तर जल-सीकरों के समान आभावाली पीली ओढ़नी से अलङ्कृत तथा अँगिया-चोली में घिरे हुए उच्च अग्रभागवाले स्तनों से आश्लिष्ट, बिजली के समान गौर शरीरवाली सीता जी के वक्षःस्थल-हृदय में विराजमान श्यामवर्णी भगवान् रामचन्द्रजी की अङ्गकान्ति की आभा के मिश्रण से ललाई लिये हुए भूरे रंग के वस्त्र वाले 'श्याम' तेज की उपासना करो[1] ॥ ३ ॥

चैले यस्य यदङ्गभङ्गलतिकालीलातुला लम्बते,
यस्याधोंऽशुकमेकमेव कमते (?) यत्कायकान्तिच्छटाम्।

---

१. इस पद्य में कवि ने लहँगे के लिये **'आप्रपदीन'** शब्द का प्रयोग कर उसका **'लहरीवर्ग'** विशेषण दिया है। अतः यह प्रयोग मालवीय ललनाओं के लहँगे की बनावट की ओर संकेत करता है। वहाँ लहँगे में लम्बे तिकोने कपड़े से बनाये गये घेरे (कलियाँ) रहते हैं और वे अधिकाधिक कलियों के होने से बड़े घेरे वाले बनते हैं जिसका सूचन **'विस्तारिणा'** पद से मिलता है। ये लहँगे रेशमी नाड़े-नीवि से बाँधे जाते हैं जिसे **'काञ्ची-नद्ध'** से व्यक्त किया है जब कि कटि में सोने-चाँदी की मेखला या करधनी पहनने की भी परम्परा है। अथवा लहँगे के नीचे वाले भाग में जरी की किनारी-पट्टी भी लगाई जाती है उसके लिये भी 'काञ्ची' शब्द का प्रयोग किया गया हो, ऐसा **'स्फुरत्काञ्ची शाटी'** इत्यादि शङ्कराचार्य जी के स्तुति-पद्यांश से स्पष्ट है। ओढ़नी के लिये **'प्रावार'** शब्द प्रयुक्त है और उसकी आँचलिक झाँकी दिखाने के लिये **'अनर्गला-कण'** पद के द्वारा ज़री के छोटे-छोटे सलमी-सितारे लगे होने का सङ्केत किया है। और वे कण सीकर जैसे शोभित हो रहे हैं। ओढ़नी में भी किनारियाँ लगाई जाती हैं अतः इस **'प्रावार'** के साथ भी 'काञ्ची' का प्रयोग माना जा सकता है। ऐसी ही एक **'लहरिया'** नाम की साड़ी भी मालव-प्रान्त में पहनी जाती है जिसमें इन्द्रधनुषी रंगों में लहरें-पट्टियाँ रहती हैं और उसमें भी सितारे आदि लगाये जाते हैं। ऐसे ही वस्त्र वे वहाँ आज भी पहनती हैं। अतः यह कवि-कालीन समाज की वेष-भूषा की प्रतीकरूप विशेषता कही जा सकती है। इसी प्रकार महाकवि **'बिहारी'** के प्रसिद्ध दोहे—

मेरी भवबाधा हरौ राधानागरि सोय।
जा तन की झांई परे, श्याम हरित द्युति होय ॥

का आभास भी इस पद्य में दिखाये गये विभिन्न रंगों के मिश्रण में भी राम के श्याम तेज का प्रभाव सहृदयैकगम्य है —अनुवादक।

संव्यानन्तु सुधाधिकाधरतुलां वक्षोंऽशुकं वाससा,
तद्दाम्पत्यपदोपयातमतुलं तेजस्तनोतु श्रियम् ॥ ४ ॥

[पुनः उसी युगल-स्वरूप के तेज की विशेषता व्यक्त करते हुए कवि मङ्गल-कामना करता है—]

(हे साधक जनों !), जिस 'युगल-जोड़ी' के वस्त्र में उनकी अङ्ग-भङ्गरूप लतिकाओं की शोभा झलक रही है, जिनके अधोवस्त्र ही उनके अंगों की कान्तिच्छटा को प्रकट कर रहे हैं, और जो वक्षोंऽशुक और उत्तरीय वस्त्र के रूप में उस दम्पती (सीताराम) के चरणों में पहुँचा हुआ है, ऐसा वह उनका अतुल तेज हमारा कल्याण करे ॥४॥

पदं [.......] गीयते । **(चतुर्थः प्रबन्धः)**

[२] सखि सुखमन्दिरं नखशिखसुन्दरं धरणिपुरन्दरं भज भज रामम् ।
परिभृतभूषणं परिहृतदूषणं जितखरदूषणं तनुजितकामम् ॥ ध्रु० ॥

अरुणतरुणतर-तामरसच्छविचरण-कमलतल-कोमलशोभम् ।
नखमणिगणनवकिरणविसारणरीण-विषयविष-विषमविलोभम् ॥ १ ॥

तडिदिव पीत-लसित-पीताम्बर-मरकतमणिम-मशैलविलासम् ।
मुख-कमलोपरि नयनेन्दीवरमधर-मधुरिमणि सुन्दरहासम् ॥ २ ॥

विपुलतरोरसि मणि-मुक्तावलि-विमलविलम्बितचञ्चलहारम् ।
भुजगपति-प्रतिभट-बाहूपरि परिमल-रत्नविभूषण-भारम् ॥ ३ ॥

मणिगणभूषण-शितिशोणांशुक-विलसत्तनु-दयितायुतवामम् ।
सफलित-'**सोम**'नयन-पङ्करुहमिह परिजन-परिपूरित-कामम् ॥ ४ ॥

[भगवती सीता और भगवान् राम की वरासन पर विराजमान उपर्युक्त दिव्य तेजोमय रूप-माधुरी का वर्णन करने के पश्चात् भगवान् राम के स्मरण की प्रेरणा देते हुए कवि 'गीत' प्रस्तुत करताहै—]

हे सखि ! सुख के आगार, नख से लेकर शिखा तक सर्वांग-सुन्दर, पृथ्वी के इन्द्र, अनन्त आभूषणों को धारण किये हुए, निर्दोष, खर और दूषण नामक राक्षसों के जेता तथा अपने शरीर की सुन्दरता से कामदेव को परास्त करनेवाले, लाल एवं खिले हुए कमल की छवि के समान चरण-कमल—तल की कोमल शोभा से अङ्कित, नखरूपी मणियों की कोमल किरणों के फैलाव से विषय-वासना-रूपी विष की विषम मूर्च्छा को दूर करने वाले, बिजली के समान स्वरूप-पीतिमा से मण्डित पीताम्बर के द्वारा मरकत-मणिमय पर्वत की शोभा को धारण किये हुए, मुखकमल पर नयन-कमल और अधर-मधुरिमा पर सुन्दर हास्य से युक्त, विशाल वक्षःस्थल पर मणि और मोतियों के निर्मल, लम्बे, चञ्चल हारवाले, शेषनाग के समान मांसल भुजाओं पर परिमल एवं रत्नाभरणों से विभूषित, मणि-गण एवं नील-रक्त वस्त्रों से अलङ्कृत कोमल देहवाली दयिता (श्री सीता जी) से सज्जित वाम भागवाले, परिजनों की कामनाओं के पूरक तथा '**सोम**' कवि के नेत्र-कमल को सफल बनानेवाले भगवान् राम का बार-बार भजन-स्मरण कर ॥ १-४ ॥

पदं [……] गीयते । (पञ्चमः प्रबन्धः)

[३] निरुपमरूपं रघुकुलभूपं निगमकुसुममकरन्दम् ।
विपुलविलोचनपुटपरिपूरं पिब सखि परमानन्दम् ॥ ध्रु० ॥
रविकुलहंसं रत्नवतंसं दिनकरतुलितोत्तंसम् ।
विस्फुरदलकं मृगमदतिलकं सुमनसमघौघध्वंसम् ॥ १ ॥
भ्रुकुटीकुटिलं लोचनचटुलं मरकतमुकुरकपोलम् ।
बन्धूकाधरमधरस्मितधरमपि मुनिमानसलोलम् ॥ २ ॥
तरुणीततिहृदयायसकर्षण-चुम्बक-शकलसमानम् ।
यत्र चिबुकमपि मरकतमणिमयमिव परिहरदुपमानम् ॥ ३ ॥
शारदसकल-शशाङ्कशतैरपि निरुपममाननमेतम् ।
'सोमकविः' कथमिव कथयति बत हरिमुपमानसमेतम् ॥ ४ ॥

[ऐसे परमानन्दरूप भगवान् की रूप-माधुरी का अनवरत पान करने के लिये साग्रह निवेदन करते हुए कवि सखी के माध्यम से कहता है—]

हे सखि ! अनुपम सौन्दर्यशाली, रघु-कुल-शिरोमणि, निगम-शास्त्ररूपी पुष्प के मकरन्द, सूर्यकुल के हंस, सूर्य के समान देदीप्यमान, रत्नमुकुटधारी, चमकीली अलकोंवाले, कस्तूरी के तिलक से युक्त, पाप समूह के नाशक, देव-रूप, तिरछी चितवन से युक्त चञ्चल नेत्रवाले, मरकत-मणि के समान स्वच्छ-कपोल तथा बन्धूक पुष्प जैसे अधरवाले, अधरों पर मन्द मुसकान लिये हुए, मुनियों के मन में विराजमान, युवतियों के हृदयरूपी लोहे को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिये चुम्बक-खण्ड के समान तथा जिसकी कोई उपमा नहीं दी जा सकती ऐसे मरकत-मणितुल्य चिबुकवाले भगवान् राम की रूप-माधुरी के परम आनन्द का अपने विशाल लोचनपुटों से आकण्ठ पान कर । सोमकवि ऐसे सैंकड़ों शारदीय पूर्णचन्द्र से अधिक सुन्दर भगवान् हरि-राम का उपमानों के सहित कैसे वर्णन कर सकता है ? यह खेद की बात है ॥ १-४ ॥

पदं [……] गीयते । (षष्ठः प्रबन्धः)

[४] अनयोरिह बहुविहितविवेकं सखि कलयति कं व्यतिरेकम् ॥ ध्रु० ॥
बालतमालसालमुपनीता कोमलकनकलतेव सुपीता ॥ १ ॥
विपुलोरस्कमतुलकुचकुम्भा पीताम्बरमनुधृतकौसुम्भा ॥ २ ॥
कर्णरसिकमनु नूपुररणिता केलिकुशलमनु मञ्जुलभणिता ॥३ ॥
रघुकुलतिलकमनु क्षितितनया 'सोमकवेः' (विः) सरसापि च सवयाः ॥४॥

[रघुनाथ जी के उपर्युक्त वैशिष्ट्य का वर्णन करके जानकीजी को भी ऐसे ही वैशिष्ट्य से अलङ्कृत बताने के लिये कवि अन्य सखी के द्वारा कहलाता है—]

हे सखि ! भगवान् राम के पास बैठी हुई सीताजी—बाल तमाल वृक्ष के पास सुनहरी कोमल कनकलता

के समान प्रतीत होती हैं। श्रीराम विशाल वक्षःस्थल वाले हैं तो सीता जी विपुलकुचकलशवाली हैं, एक ने पीताम्बर धारण किया है तो अन्य ने कुसुमवर्णी-लाल ओढ़नी पहन रखी है, एक कानों से मधुर सुनने के रसिक हैं तो अन्य अपने नूपुरों से शब्द करती हैं, वे केलि-कुशल हैं तो वे मधुर भाषिणी हैं और श्रीराम युवा हैं तो वे सरसा-सुन्दरी हैं। अतः इन दोनों के बारे में बहुत सूक्ष्मता से परीक्षण करने पर भी किसी प्रकार का अन्तर-व्यतिरेक सोमकवि नहीं बता सकता है ? किसी भी प्रकार का इनमें अन्तर नहीं है, अतः सीताराम (दोनों ही) स्मरणीय हैं, भजनीय हैं ॥१-४॥

इति श्रीराघवाह्लिके गेयकाव्ये व्यासोपनामकसोमनाथकृतौ **'सरस-राघवो'** नाम द्वितीयः सर्गः ॥

यहाँ **'सोमनाथ व्यास'** द्वारा रचित **'राघवाह्लिक गेय काव्य'** का
'सरस-राघव' नामक द्वितीय सर्ग पूर्ण हुआ ॥

अथ तृतीयः सर्गः

— भू पा ल - भू ष णः —

(अनुष्टुप्-वृत्तम्)

सधर्मया सुधर्मायामागत्य नृपसंसदि ।
रत्नसिंहासने रेजे राजराजो रघूत्तमः ॥ १ ॥

['भूपाल-भूषण' नामक तीसरे सर्ग का आरम्भ करते हुए कवि श्रीरामचन्द्रजी के सपरिकर राजसभा में रत्नसिंहासन पर बैठने तथा उनके समक्ष गन्धर्वादि के द्वारा प्रस्तुत सङ्गीत-सेवा का वर्णन करता है—]

राजराजेश्वर रघुकुलतिलक श्रीरामचन्द्रजी सहधर्मिणी श्रीजानकीजी के साथ देव-सभा के समान राज-सभा में पधार कर रत्नसिंहासन पर विराजमान हुए ॥१॥

(शार्दूलविक्रीडितवृत्तम्)

राजच्चामरमातपत्रशशिनं तं मेरुमूर्द्धस्फुरत्-
स्निग्धाम्भोधरसोपमं रघुपतिं रत्नासने संस्थितम् ।
सानन्दं नरवानरासुरसुरैरासेवितं सादरं,
गन्धर्वाप्सरसः सकिन्नरगणाः सङ्गीतसेवां व्यधुः ॥ २ ॥

उनके दोनों ओर चँवर डुलाये जा रहे थे और ऊपर श्वेत छत्र शोभित हो रहा था, बीच में रत्न सिंहासन पर श्रीरामचन्द्रजी सुमेरु पर्वत के शिखर पर चमकते हुए घने बादल के समान आसीन थे। तथा नर, वानर, असुर और देवगण प्रसन्न मुद्रा से आदरपूर्वक उनकी सेवा कर रहे थे। (ऐसे रमणीय प्रसंग पर) वहाँ किन्नर-गणों के साथ गन्धर्व और अप्सराओं ने संगीत सेवा प्रारम्भ की ॥२॥

पदं [—] रागेण गीयते (सप्तमः प्रबन्धः)

[१] परिनृत्यति सुरवनितातिलकं रघुवरपुरतः सदसि सपुलकम् ॥ ध्रु० ॥
अनुनर्तित-करचरण-नितम्बं चल-कुचकुम्भहारनिकुरम्बम् ॥ १ ॥
चल-कुण्डलमाकुल-कुचभारं दोलदधर-मुक्ताफल-सारम् ॥ २ ॥
पीन-पयोधर-भार-सखेदं तनुतर-मध्यविशङ्कितभेदम् ॥ ३ ॥
चञ्चल-तुलाकोटि-कलनादं तरल-चलत्पद-कमलवसादम् ॥ ४ ॥
प्रसरद्वीचि-पटल-परिधानं दाडिम-कुसुम-सरस-संव्यानम् ॥ ५ ॥
तडिदुज्ज्वल-कुच-कञ्चुकशोभं कृतकामुकजन-मदनक्षोभम् ॥ ६ ॥
विपुलविलोचन-सूचित-हावं कर-किसलय-कन्दलदनुभावम् ॥ ७ ॥
धिंधिमधिंधिम-निनदमृदङ्गं 'सोमकविः' कलयसि(ति) रसरङ्गम् ॥८॥

[संगीत आरम्भ होने पर देवाङ्गना उर्वशी के नृत्य की छटा का दिग्दर्शन कराने के लिये कवि गीत प्रस्तुत करते हुए कहता है—]

राजसभा में रघुनाथजी के समक्ष सुरललनाओं में सर्वोत्तम अप्सरा उर्वशी बड़े उत्साह से नृत्य कर रही है। उस नृत्य में वह अपने हाथ, पैर, कटि, कुचकुम्भ तथा हारावली को भी नचा रही है। उसके कुण्डल और पीन पयोधर हिल रहे हैं, मुक्ताफल के साररूप अधर डोल रहे हैं, पीनस्तनों के भार से वह श्रान्त है, उसकी अत्यन्त पतली कटि से अङ्ग के अवयवों का भेद ज्ञान होता है। चञ्चल करधनी की किङ्किणियों से मधुर नाद हो रहा है तथा कोमल पद-कमलों की गति में कहीं शैथिल्य नहीं है। दाडिम के पुष्प के समान अरुणरंग का मनोरम दुपट्टा एवं लहरिया लहँगा लहरा रहा है। उसके कुच-कञ्चुक की शोभा बिजली के समान उज्ज्वल है जो कामुकजनों की कामवासना को उत्प्रेरित कर रही है। (नृत्यमुद्राओं के माध्यम से) वह अपने विशाल नयनों के द्वारा हाव का सूचन करती है तथा कोमल हाथों से अनुभाव व्यक्त हो रहे हैं। 'सोमकवि', कहता है कि इस सङ्गीत-सेवा में 'धिंधिम धिंधिम' ऐसा मृदङ्ग का निनाद रस की अभिवृद्धि कर रहा है ॥१-८॥

(वंशस्थ-वृत्तम्)

अथोर्वशीनृत्यवशीकृतान्तरे सभान्तरे तारपदावलिस्वरम्।
यशो हरेस्तुम्बुरुनारदादयः कृतप्रणामा निजगुर्जगद्गुरोः ॥ ३ ॥

इस प्रकार उर्वशी के नृत्य से सभी के मन आकृष्ट होने पर सभा के बीच तुम्बुरु और नारद आदि ने प्रणाम करके उच्चस्वर से जगद्गुरु भगवान् श्रीराम का यशोगान किया ॥ ३ ॥

पदं [—] रागेण गीयते (अष्टमः प्रबन्धः)

[२] जय जनरञ्जन सहजनिरञ्जन खञ्जनलोचन चारुरुचे !
स्मरमदभञ्जन रिपुगणगञ्जन कञ्जनयन कृतभक्तरुचे ॥ ध्रु० ॥

दशमुखदण्डन खलकुलखण्डन मण्डनमसि मनसो महताम् ।
नलिनपिचण्ड-नमुचिकुलचण्डन वण्ड-नराहित मित्र सताम् ।। १ ।।

भृतमणिभूषण परिहृतदूषण दूषणदमन दयाम्बुनिधे ।
दुरितविभीषण निजजनपोषण जोषण जगदानन्दविधेः ।। २ ।।

परिचलचामर नमदखिलामर तामरसच्छविकरचरणे ।
मुनिजनसामरवप्रिय पामर-कामरसच्छिदि हृच्छरणे ।। ३ ।।

रमतु मनो हरनयनमनोहर नोऽहरहः कलिकलुषहरे ।
भवतु न मोहरतिषु परमोहरमोहरसेषु तथैव हरे ।। ४ ।।

शिवविधिकारण दुरितनिवारण वारणराज-समुद्धरणे ।
असुरविदारण भवभयहारण मारण रिपुनिवहस्य रणे ।। ५ ।।

अशरणरक्षण परमविचक्षण-लक्षणयुत कर-पादतले ।
क्रतुहुतभक्षण रिपुतनुलक्षण सक्षण सन्मानसकमले ।। ६ ।।

इति सुरगायकनुतरघुनायक सायकधर '**कविसोम**'कृतिम् ।
कुरु वरदायक भक्तसहायक सायकलित (?) सरसप्रकृतिम् ।। ७ ।।

[इस पद में श्रीराम के गुण-वर्णन द्वारा कवि भक्ति-पूर्वक उनकी कृपा-प्राप्ति की कामना करते हुए तुम्बुरु-गन्धर्व तथा देवर्षि नारद के माध्यम से कहता है—]

हे जनरञ्जन, सहज निरञ्जन, खञ्जन-चञ्चल नयन, उत्तम कान्तिमय, कामदेव के अभिमान को नष्ट करनेवाले, शत्रुसमूह के विध्वंसक, कमल-नेत्र, भक्तों पर दया करने वाले, आपकी जय हो। हे रावण को दण्ड देनेवाले, दुष्टों के संहारक आप महात्माओं के मन के भूषण हैं अर्थात् उनके हृदय में निवास करते हैं। हे नलिन-पिचण्ड—कमल-कोश के समान मनोहर, राक्षसकुल-नाशक, उद्दण्ड-आवारा लोगों के शत्रु एवं सज्जनों के मित्र आपकी जय हो। हे मणिभूषणधारी, दोषरहित, दूषणनामक राक्षस के दमनकर्ता, दया के सागर, पाप-विमोचन, अपने भक्तों के पालक तथा समस्त प्राणियों का आनन्द बढ़ानेवाले आपकी जय हो। जिनके दोनों पार्श्व में चामर डुल रहे हैं और समस्त देव-गण प्रणाम कर रहे हैं, जो मुनिजनों के साम-स्वर के अनुरागी हैं तथा भक्तों के हृदयरूपी गृह में बैठे हुए तुच्छ काम-रस को नष्ट करनेवाले हैं ऐसे, हे हरनयनमनोहर ! (भगवान् शिव के नेत्रों को प्रिय लगनेवाले) आपके कलियुग के पापों को हरनेवाले कमल के समान चरणों में हमारा मन निरन्तर लगा रहे। इसी प्रकार हे हरि ! हमारा मन दूसरों के मन को मुग्ध करनेवाले लक्ष्मी के विलास में तथा मोहक वस्तुओं में कदापि न लगे। हे मङ्गल-विधानों के कर्ता, दुरित-निवारक, राक्षसों के नाशक, भव-भयहारी, रण में शत्रुसमूह के मारनेवाले, गज और ग्राह के युद्ध में भक्तवर गजराज के उद्धार में तत्पर, अशरण-शरण, परम विचक्षण, यज्ञों में हवन की गई हव्य-वस्तु के ग्रहणकर्ता, शत्रुओं के शरीर को (अपने बाणों का) लक्ष्य बनाने वाले, सत्पुरुषों के हृदय-कमल में विराजमान आपके उत्तम लक्षणों से युक्त कर-तल और पदतल में हमारा मन लगा रहे। इस प्रकार हे सायकधारी, देवगायक-तुम्बुरु नारद आदि से नमस्कृत, वरदाता, भक्त-सहायक, राक्षसों का अन्त करनेवाले रघुनायक '**सोमकवि**' की कृति को सरस प्रकृतिवाली बनाइये ।। १-७ ।।

पद्द—[?] रागेण गीयते । (नवमः प्रबन्धः)

[३] मा माधव तावकपदलेखा मम हृदयादपयातु कदाचित् ।
कामादिकखलखण्डनकारणमेकमुदञ्चति याऽपि सदाचित् ॥ ध्रु० ॥

अङ्कुश-कुलिश-कमलाम्बर-जम्बूफल-कम्बुध्वजरूपा ।
गोष्पद-रथपद-चन्द्र-शकल-यव-बिन्दु-विशेष-सुधामयरूपा ॥ १ ॥

स्वस्तिकझषपुरुषोर्ध्वगरेखा षट्कोणाकृति-शतमखचापा ।
अष्टकोण-कोणत्रय-सहिता भवति सतामपहृतहृत्तापा ॥ २ ॥

दक्षिण-वाम-पदद्वय-तलयोरनुपम-लक्षणतामुपयाता ।
व्यत्ययिता क्षितितनयापदयोर्हृदि '**सोमस्य**' कवेरनुशाता ॥ ३ ॥

[इसी प्रकार एक अन्य गीत के द्वारा हृदय में विराजमान सीता और रामचन्द्रजी के चरण-कमलों की स्मृति कभी दूर न होने की कामना करते हुए कहा गया है—]

हे माधव ! काम आदि खलों का खण्डन करने में सदैव एकमात्र कारणभूत अङ्कुश, वज्र, कमल, बिन्दु, जम्बूफल-जामुन, शङ्ख, ध्वज, गोपद, चक्र, चन्द्र-शकल, यव और सुधामयरूप बिन्दु-विशेष, स्वस्तिक, मत्स्य, पुरुष, ऊर्ध्वरेखा, षट्कोण तथा इन्द्रधनुष की आकृति, अष्टकोण एवं त्रिकोण सहित बने चिह्न जो सज्जनों के हृदय के ताप को दूर करते हैं, तथा दक्षिण और वाम चरणों के दोनों तलों में अनुपम लक्षणता को प्राप्त वे लक्षण ही पृथ्वी की पुत्री सीता जी के चरणों में भी व्यत्यय-वैपरीत्य को प्राप्त हैं (अर्थात् भगवान् राम के दक्षिण और बामचरणों के चिह्न भगवती सीताजी के वाम और दक्षिण चरणों में विराजमान हैं,) ऐसे 'सीताराम' के चरणों की स्मृति जो '**सोमकवि**' के हृदय में दीप्तिमती हो रही है वह मेरे हृदय से कभी दूर न हो ॥१-२-३॥

(अनुष्टुब्-वृत्तम्)

गिरिशो गिरिजोपेतस्मस्तौत् प्रस्तुताकृतिम् ।
वस्तु श्रुतिशिरोगीतं सर्वं श्रुतिमयः स्वयम् ॥ ३ ॥

ऐसे (सिंहासन पर विराजमान), उपर्युक्त आकृतिवाले, वेदों के शिरोरूप प्रणव द्वारा स्तुत, पूर्णब्रह्मरूप सीताराम-युगल की पार्वती सहित साक्षात् श्रुतिरूप भगवान् शिव ने भी स्तुति की ॥ ३ ॥

(घनाक्षरीवृत्तम्)

लोकपालमौलिमणिमिलितमरीचिमाल—
लालितपदारविन्दपीठमशठप्रियम् ।
कौशलपुरेशमीश पेशलसुरूपशील—
मतुलकलितलीलमाश्रिते कृतश्रियम् ।
इन्दीवरदलश्याममीक्षणाभिराम राम—
मगणितगुणग्राममीडेऽगुणमक्रियम् ।

चामरचपलकलहंसमवतंसरवि—
मातपत्रहिमकरमरीचिरुचिरश्रियम् ॥ ४ ॥

[घनाक्षरी-वृत्त में निबद्ध शिव द्वारा की गई स्तुति प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि—]

लोकपालों के मस्तक पर पहने हुए मुकुटों की मणियों की कान्ति के साथ चरणनख की कान्ति के मिलन द्वारा लालित चरणकमल के पीठवाले, विनम्रजनों के प्रिय, कौशलपुर के अधिपति, महाराजाधिराज के अनुरूप रूप और शील सम्पन्न, अनुपम लीलाधारी, आश्रितजनों पर कृपा करनेवाले, कमल-दल के समान श्याम, नयनाभिराम, अगणित गुणशाली, निर्गुण, निष्क्रिय, चपल चामर-युगल के बीच विराजमान राजहंस के समान, सूर्य के भामण्डल तथा चन्द्रमारूप छत्र की किरणों से उत्तम शोभावाले श्रीरामचन्द्रजी की मैं स्तुति करता हूँ ।।४।।

(शार्दूल-विक्रीडितवृत्तम्)

इत्थं वेद-पुराण-शास्त्र-कविता-सन्नाटकज्ञैरलं,
नीतिज्ञैर्व्यवहार-सार-चतुरैराराधितो राघवः ।
सन्तोष्याथ यथोचितं कृतरुचिः सम्मानदानादिभिः,
शुद्धान्तं विविशे विशाम्पतिरुपाकर्त्तुं स माध्याह्निकम् ॥ ५ ॥

इस प्रकार वेद, पुराण, शास्त्र, कविता-काव्य और उत्तम नाटकों के ज्ञाताओं तथा व्यवहार-क्रिया में चतुर नीतिज्ञों के द्वारा स्तुति-आराधना करने पर लोकनायक भगवान् राम उनकी अभिरुचि के अनुसार यथोचित सम्मान और दान आदि से उन्हें सन्तुष्ट कर माध्याह्निक-क्रिया सम्पन्न करने के लिये अन्तःपुर में प्रविष्ट हुए ।।५।।

इति श्रीराघवाह्नि के गेयकाव्ये व्यासोपनामकसोमनाथकृतौ **'भूपाल-भूषणो'** नाम तृतीयः सर्गः ।।

यहाँ **'सोमनाथ व्यास'** रचित **'राघवाह्निक-गेयकाव्य'** का
'भूपाल-भूषण' नामक तृतीय सर्ग समाप्त हुआ ।

अथ चतुर्थः सर्गः

— सु प्री त - सी ता प तिः —

(रथोद्धता-वृत्तम्)

रामचन्द्रमवलोक्य मैथिली-प्रेमवारिधिरवर्द्धताधिकम् ।
तद्वपुर्मधुरिमाणमुच्चकैः सा चकोरनयना चिरं पपौ ॥ १ ॥

[**'सुप्रीत-सीतापति'** नामक चतुर्थ सर्ग का आरम्भ करते हुए कवि कहता है कि—]

(वहाँ अन्तःपुर में) भगवान् रामचन्द्र जी को देखकर सीता जी का स्नेह-समुद्र हिलोरें लेने लगा और चकोर

के समान नेत्रवाली वे उनके श्रेष्ठ अङ्ग की मधुरिमा को चिरकाल तक पीती-देखती रहीं ॥१॥

(मालिनी-वृत्तम्)

अथ विधिविहितं स स्नानसन्ध्याऽर्चनादि—
प्रथितमखिलकर्म प्रीतिपूर्वं विधाय।
हरिरनुज-समेतः काञ्चने चित्रपीठे,
न्यविशत शिवचेतोवल्लभो वल्भनाय ॥ २ ॥

तदनन्तर शिवजी के चित्त में निवास करनेवाले भगवान् रघुनाथजी शास्त्रोक्त विधि के अनुसार स्नान, सन्ध्या एव पूजन आदि समस्त आवश्यक कर्म प्रीतिपूर्वक सम्पन्न करके अपने अनुज (भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न) सहित सुवर्ण की चौकी पर भोजन के लिये विराजमान हुए ॥ २ ॥

पदं सारङ्गरागेण गीयते। (दशमः प्रबन्धः)

[१] मणिसुवर्णमयविचित्र-विपुलपात्र-परिवेषित-
मिह हरिरभ्यवहरति हि सरसभोजनम्।
विविध-षड्रसप्रभेदभावना-विभक्त-
भक्ष्य-भोज्य-लेह्यचोष्य-चर्व्य-योजनम् ॥ ध्रु० ॥
रुचिरचन्द्रहासलपसि-भीमसेनलपसि-
चमसपोलिशष्कुलीन्दुरसाचूर्णमोदकम्।
सघृतपूर-पूरिका-कचोरि-कुण्डली-गुलोरि-
गुह्यपूप-शालिपूप-बिन्दुमोदकम् ॥ १ ॥
मधुरपूरणादिगर्भ-पोलिकावली-प्रभेद-
तन्तुफणि-सेविकार्द्धचन्द्र-भासितम्।
चटकपर्पटप्रभेदचणकवटीरोटिकादि—
सत्तृटी (त्पटीर ?) लवङ्गकुङ्कुमादिवासितम् ॥ २ ॥
कृतिविभक्तभक्तमाज्यशर्करात्तपायसं
रसालयावलेहरागखाण्डवानवम्।
विपुलपानकानि सरससट्टकानि लवण-
मरिचजीरकार्द्रधान्यचूर्णकल्कतानवम् ॥ ३ ॥
कनकवाटिका-विलासि-माषमुद्गराजमाष-
तुवरिका-मकुष्ठ-वर्तुलादिसूपकम्।
क्वथिलिका-विशेष-शोभि-क्वथिकया
विचित्रनैकरूपया प्ररोचनाप्रचाररूपकम् ॥ ४ ॥
विविधशाकभाजिकाभटित्रकूर्चिकाकिलाटि-
तक्र-तक्रसार-दधिपयोऽनुरोचनम्।

भरतलक्ष्मणारिसूदनैः सहादनं विभो-
रिदन्तु नन्दयत्वसीम सोम-लोचनम् ॥ ५ ॥

[सारङ्ग-राग में भगवान् के समक्ष निवेदित की गई भोज्य-वस्तुओं का वर्णन करते हुए कवि कहता है—]

मणि और सुवर्णमय विचित्र विशाल पात्रों में परोसे हुए, विविध षड्रस के प्रभेदों की भावना से विभक्त, भक्ष्य, भोज्य, लेह्य-चाटने योग्य, चोष्य-चूसने योग्य और चर्व्य-चबाने योग्य वस्तुओं की योजना की गई है। उनमें श्रेष्ठ चन्द्रहास-लपसी=सफेद सूजी का हलुआ, भीमसेन लपसी—गेहूँ के बड़े फाड़ों का हलुआ या खीरान्न, चमसपोली-पापड़ी, पूरी, इन्दुरसा—मठड़ी-ठोर, चूर्ण मोदक—चूरमा, घेवरिया पूरी अथवा घेवर, कचोरी, जलेबी, गुड़ की राब के पूए, चावल के आटे से बने पूए, मोतीचूर के लड्डू, मधुर विविध प्रकार की वस्तुओं की पूर्ति से युक्त पूरण-पोली, तन्तु-फणि—फेनी, सेविका—सेंवई, अर्द्धचन्द्र—मीठे गुँजे, चटपटे पापड़, विभिन्न प्रकार की पकौड़ियाँ अथवा बेसन के मसालेदार दाने, रोटी और सतूटी(?),[१] उत्तम चन्दन लवङ्ग और केशर से सुवासित सत्तू, घृत और शर्करा से युक्त अनेक विभाग से सजाये गये भात तथा क्षीरान्न, रस से सिक्त अवलेह, खट्टी-मीठी चटनी, कई प्रकार के बहुत से पेय पदार्थ, सरस सट्टक-जीरा आदि मिलाया हुआ मट्ठा (रायता), नमक, मिर्च, जीरा, अद्रक तथा धान के चूर्ण की पिठी से बनी नमकीन पपड़ी, कनक-वाटिका-बड़े दानोंवाली बाटी अथवा हल्दी मिलाये हुए आटे से बनी तथा उबली हुई बाटियाँ और उड़द, मूंग, बड़ी नीली उड़द, तूवर, मोठ, मटर आदि की दालें, विशेष प्रकार से सजाई गई क्वथिलिका-कढी तथा अनेक प्रकार की वस्तुओं से बनी हुई पतली, गाढ़ी, और घण्टेदार-पकौड़ी आदि डालकर बनाई गई विशेष प्रकार की—कढ़ी से सुसज्जित, तरह तरह की शाक-भाजियाँ, बेंगन का भुरता[२], फटे हुए दूध का छैना, फटे हुए दूध से बनाया हुआ पनीर, मट्ठा, मक्खन, दही और दूध परोसे गये हैं। ऐसी उत्तम सामग्री द्वारा भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ भगवान् रामचन्द्र की यह भोजन-क्रिया 'सोम-कवि' के नेत्रों को असीम आनन्द प्रदान करे ॥५॥

पदं [सारङ्ग] रागेण गीयते । (एकादशः प्रबन्धः)

[२] अशनं कुरुते रघुनन्दनः ।
सिञ्चितकरदयिताकृतवीजितमानतदुरितस्कन्दनः ॥ ध्रु० ॥
जलवल्ली-घृतपूरक-रञ्जापूपमङ्गधृतचन्दनः ।
कंसार-श्रीखण्डखाण्डवं निजजनहृदयानन्दनः ॥ १ ॥
जातीदलत्वगेलाऽमरसुमसौरभमरिकुलकन्दनः ।
सरसलवणशाकपाकादिकमानतपङ्क्ति-स्यन्दनः ॥ २ ॥
नानाव्यञ्जनक्वथिकासूपं शिवसुरमुनिकृतवन्दनः ।
सुरुचिविलासहाससंलापं निगमनिकरकृतमन्दनः ॥ ३ ॥
यथातृप्तिकृतघसिराचामति विहितभक्तजन-भन्दनः ।
'सोम'करादूररीकृतवीटिक आनमनादभिनन्दनः ॥ ४ ॥

---

१. यहाँ 'सतूटी' यह पाठ भ्रष्ट है। अतः 'सत्पटीर' ऐसा पाठ मानकर अर्थ किया गया है।

२. यहाँ 'भंटित्र' शब्द का प्रयोग है, जो शूलपक्व मांस के अर्थ में प्रयुक्त होता है किन्तु यहाँ उसे अनुपयुक्त मानकर यह अर्थ किया गया है। अनु०

[सारङ्ग राग में गाये जानेवाले प्रस्तुत पद से कवि भोजन करते हुए श्रीरामचन्द्रजी की अनुपम शोभा का वर्णन करता है—]

कंगन आदि की ध्वनि से युक्त हाथवाली प्रिया श्रीसीताजी अपने करकमलों से पंखा डुला रही हैं और भक्त-जनों के दुरित का नाश करने वाले, अङ्ग पर चन्दन धारण किये हुए, आत्मीय-जनों के आनन्ददाता, शत्रुकुल के नाशक, दशरथजी के प्रति विनम्र, भगवान् शिव, देवगण और मुनिजनों से वन्दित, शास्त्र-समूह से स्तुत, भक्तजनों के भन्दन-कल्याण कर्ता तथा नम्र-सेवकों के हर्ष को बढ़ाने वाले श्रीरघुनन्दन जलेबी, घेवर, चटपटे पूए, कंसार-सतुआ, जावित्री, इलायची और केवड़े की सुगन्ध से युक्त श्रीखण्ड-शिखरण, मठड़ी, रसवाली नमकीन शाक-भाजी तथा अनेक व्यञ्जनों-मसालों से बनी हुई कढ़ी एवं दाल आदि का सुरुचिपूर्ण विलास, हास और संलाप करते हुए भोजन कर रहे हैं। तदनन्तर यथेच्छ तृप्तिपूर्वक भोजन करके भगवान् श्रीरामचन्द्र **'सोमकवि'** के हाथों से अर्पित बीटी-ताम्बूल को का स्वीकार कर आचमन कर रहे हैं ॥ १-४ ॥

(पृथ्वी-वृत्तम्)

सुधाखदिरसारसत्क्रमुकजातिपत्रीफल-
त्वचाऽमरसुमैलिकासुहिमबालुकासौरभाम् ।
सुवर्णसमवर्णसत्परिणताहिवल्लीदलैः,
कृतामतुलवीटिकामकपटं मुदाऽऽस्वादयत् ॥ ३ ॥

तदनन्तर श्री रामचन्द्रजी चूना, कत्था, सुपारी, जायफल, जावित्री, केवड़ा तथा लोंग, इलायची और बरास कपूर के छोटे-छोटे कणों से सुरभित, सुनहरे वर्णवाले पके हुए नागर बेल के पत्तों से बनाई गई वीटिका (पान के बीड़े) बड़ी ही सरलता से प्रसन्नतापूर्वक आस्वाद लेने लगे ॥ ३ ॥

(अनुष्टुब्-वृत्तम्)

स आसीनः क्षणं पश्चादाचान्तः शतपद्धतिम् ।
विधाय विधिवत् स्वैरं शय्यागारमगात्ततः ॥ ४ ॥

तत् पश्चात् भगवान् राम कुछ क्षण बैठे, आचमन किया और विधिवत् शतपदी[1] करके स्वच्छन्दता-पूर्वक शय्यागृह में पधारे ॥ ४ ॥

इति व्यासोपनामक-सोमनाथकृतौ राघवाह्निके गेयकाव्ये **'सुप्रीत-सीतापति'**र्नाम चतुर्थः सर्गः ॥

यहाँ **'सोमनाथ व्यास'** कृत **'राघवाह्निक-गेयकाव्य'** का
'सुप्रीत-सीतापति' **नामक** चतुर्थ सर्ग पूर्ण हुआ ॥

---

१. शतपदी के सम्बन्ध में आयुर्वेद का यह पद्य प्रसिद्ध है—भोजनान्ते शतपदं गत्वा ताम्बूलभक्षणम् । इत्यादि

अथ पञ्चमः सर्गः

— सानन्द-रघुनन्दनः —

(रथोद्धता-वृत्तम्)

वामपार्श्वशयनं स मुहूर्त्तं स्वीचकार रघुवंश-वतंसः ।
प्रैषयत् प्रियसखीमथ काञ्चित् प्रेयसीमुपसमाह्वयनाय ॥ १ ॥

[**'सानन्द-रघुनन्दन'** नामक **'पञ्चम-सर्ग'** का आरम्भ करते हुए कवि श्रीसीताराम की मध्याह्न के विश्राम-काल की क्रीड़ा का वर्णन करता है]

(भोजन से निवृत्त होकर अन्तःपुर में) भगवान् राम ने कुछ क्षणों के लिये वाम-पार्श्व से शयन किया[1] और तदनन्तर प्रेयसी जानकीजी को वहाँ बुलाने के लिए किसी एक प्रिय सखी को भेजा ॥ १ ॥

पदं धनाश्रीरागेण गीयते । (द्वादशः प्रबन्धः)

[१] चल सखि हे चपलविलोचने ॥ ध्रु० ॥
त्वामाकारयते तव रमणः शयनगृहे रवितापमोचने ॥ १ ॥
सुदति विना त्वां न रमति निपुणः सुखनिवहे रतिरोचने ॥ २ ॥
अतिरमणीये कुरु कमनीये चलति वहे प्रियमयि रोचने ॥ ३ ॥
नखशिखसारे सुतनु विहारे शमनुवहेस्तिलकितरोचने ॥ ४ ॥
अपगततन्द्रे सुमुखि विनिद्रे रमय महे हृदयमशोचने ॥ ५ ॥
स्पृहयति केलिकलायै कमनः स्फुरति महे किङ्किणिकोचने ॥ ६ ॥
'सोम'सखीकृतमनुनयमेतं मनसि महेरपसङ्कोचने ॥ ७ ॥

[वह प्रियसखी सीताजी से निवेदन करती है, जिसे **'धनाश्री'** रागवाले पद से प्रस्तुत किया गया है—]

हे चञ्चल नेत्रवाली सखी, आपके पतिदेव श्रीरामचन्द्रजी आपको सूर्य के ताप से छुड़ानेवाले शीत-शयनगृह में बुला रहे हैं, हे सुदती, अत्यन्त सुखप्रद एवं अनुराग-जगानेवाले उस शयनगृह में तुम्हारे बिना वे निपुण-प्रवीण अथवा वायु बहते हुए उस शयनागार में पूर्ण होते हुए भी आनन्दित नहीं हो रहे हैं इसलिये हे कान्तिमती, अत्यन्त रमणीय अपने पतिदेव की इच्छा पूर्ण करो, हे कुङ्कुम के तिलकवाली सुतनु ! सर्वाङ्ग-मनोहर विहार में संगिनी बनकर आप मंगल शान्ति प्रदान करो, हे सदा प्रसन्न रहनेवाली सुमुखि, तन्द्रा मिटाकर जगे हुए प्राणप्रिय के साथ सानन्द क्रीडा करो, अपनी मधुर वाणी से किङ्किणियों के शब्द को भी सङ्कुचित-लज्जित करनेवाली हे सखी, इस आनन्दपूर्ण समय में आपके प्राण-वल्लभ क्रीड़ा-कुतूहल द्वारा मनोरञ्जन की इच्छा रखते हैं इसलिये हे निःसङ्कोच स्वभाववाली सखी, 'सोम' कवि के द्वारा किये गये इस अनुनय को मन में धारण करो और शयनगृह में चलो ॥ १-७ ॥

---

१. वहीं यह उक्ति भी प्रसिद्ध है—'कोऽरुक् कोऽरुक् ?' इस प्रश्न के उत्तर में—हितभुङ् यितभुग् **वामशायी च । सोऽरुक् सोऽरुक् । इति ।' इसी के आधार पर यहाँ शतपदी एवं ताम्बूल-भक्षण का सूचक है ।**

(वसन्ततिलका-वृत्तम्)

मञ्जीरमञ्जुलितसिञ्जितपादपद्मां पद्मां नवातिरमणीयतनुं त्रपन्तीम् ।
तामागतां प्रणयिनीमुपवेश्य पार्श्वे रामश्चतुष्पटिकया रमयाम्बभूव ॥ २ ॥

(इस प्रकार श्रीरामचन्द्रजी के सन्देश को सुनकर) नूपुरों के मञ्जुल-रव से मुखरित चरणकमलवाली, तरुण एवं अत्यन्त रमणीय शरीरवाली तथा लजाती हुई प्राणप्रिया लक्ष्मीरूपिणी-सीताजी के आने पर उन्हें अपने पास बिठाकर श्रीरघुनाथ जी चौपड़ खेलने लगे ॥२॥

पदं [बहाररागेण] गीयते । **(त्रयोदशः प्रबन्धः)**

[२] रामे मम मानसमासक्तम् ।
पश्यति यन्मुखमम्भोजाभं मैथिलसुतानुरक्तम् ॥ ध्रु० ॥
गाढ़प्रेमभरालसया प्रियया सह कुर्वति खेलाम् ।
पश्यति मोदभरेण महोदय-सालस-दयिताहेलाम् ॥ १ ॥
अष्टापद-लसदष्टापदके चतुर्वर्ण-मणि-शारे ।
रत्नजटित-मातङ्गदशनमय-पाशक-पातनसारे ॥ २ ॥
करपल्लवपरिचित-परिणाये नखरमरोचिविलासे ।
कुचकलशाभशारिकाकरभवभणितमणितपरिहासे ॥ ३ ॥
दयितार्पित-ताम्बूलवीटिका-दशन-दशन-रुचिरम्ये ।
'सोमकवे'रनुराग-वशंवदमागम-गतिभिरगम्ये ॥ ४ ॥

[क्रीड़ा में रत भगवान् राम के प्रति अपनी भक्ति प्रकट करते हुए कवि सीता और राम की **'चौसर-क्रीड़ा'** का वर्णन **'बहार राग'** में गाये जानेवाले गीत से करता है—]

जिनके कमल जैसे मुख को जानकीजी अनुराग-पूर्वक देख रही हैं ऐसे गाढ प्रेमातिरेक से अलस प्रिया के साथ खेलते हुए अति समृद्धि के कारण अलसाई हुई दयिता के क्रीडा-नैपुण्य को सानन्द निरखते हुए आठ कोष्ठकों में सुवर्ण-मय चार रंग की मणियों से निर्मित बहुरंगी रत्नों से जड़े हुए हाथीदाँत के पासे डालने में निपुण, नखों की कान्ति से चमकते हुए तथा चौसर की गोटों को चारों ओर चलाने में परिचित हाथ वाले, कुच-कलश के समान शारिका गोटों को गिराने से उत्पन्न जय-पराजय सम्बन्धी उक्ति एवं सिसकारियों पर परिहास करते हुए, बीच-बीच में सीताजी द्वारा प्रदत्त पान के बीड़े को चबाने के समय दाँतों की मनोहर कान्तिवाले तथा आगमों की गति से भी अगम्य भगवान् श्रीराम में उन प्रभु के अनुराग से वशीभूत मेरा **'सोमकवि'** का मन आसक्त हो रहा है ॥१-४॥

(शार्दूल-विक्रीडितवृत्तम्)

ह्रेषच्चारुतुरङ्गसङ्गतरथैस्तुङ्गैस्तुरङ्गैर्युतं,
मातङ्गैः कटनिर्गलन्मदभरैरुत्तंसितं पत्तिभिः ।
सज्जं ते चतुरङ्गमङ्गलमयं वलगद्बलं सद्बलं,
श्रीमन्नित्थमथार्थयन् मधुरवाक् तं वेत्रहस्ताऽबला ॥ ३ ॥

(इस प्रकार क्रीड़ा चल रही थी, कि उसी समय अपराह्ण में) मधुरभाषिणी स्त्री वेत्रवती ने —'हे श्रीमन्! हिनहिनाते हुए घोड़ोंवाले रथ, ऊँचे-ऊँचे घोड़े, गण्डस्थल से झरते हुए मद से सुशोभित हाथी तथा पैदल सैनिकों से युक्त परम बलशालिनी आपकी श्रेष्ठ चतुरङ्ग सेना सुसज्जित है' —इस प्रकार श्रीराम के प्रति निवेदन किया ॥३॥

इति श्रीराघवाह्लिके गेयकाव्ये व्यासोपनामकसोमनाथकृतौ '**सानन्द-रघुनन्दनो**' नाम पञ्चमः सर्गः।

यहाँ कवि सोमनाथ व्यास द्वारा रचित '**राघवाह्लिक गेयकाव्य**' का
'**सानन्द-रघुनन्दन**' नामक पञ्चम सर्ग पूर्ण हुआ।

अथ षष्ठः सर्गः

— कुशल-कोशलेश्वरः —

(अनुष्टुब्-वृत्तम्)

अथोत्थितः सः पर्यङ्काद् बद्ध्वा परिकरं दृढम्।
धनुर्बाण-कृपाणादि-परभागो बहिर्ययौ ॥ १ ॥

['**कुशल-कोशलेश्वर**' नामक छठे सर्ग का आरम्भ करते हुए कवि श्रीरामचन्द्रजी के विहार का वर्णन करता है—]

(इस प्रकार वेत्रवती द्वारा चतुरङ्ग सेना की उपस्थिति सुनकर) श्रीरामचन्द्रजी पर्यङ्क से उठे और कमरबन्द को दृढ़ता से कसकर धनुष, बाण एवं कृपाण आदि से सुसज्जित होकर बाहर (विहार के लिये) गये ॥ १ ॥

(घनाक्षरी) पूर्वीरागेण गीयते। (चतुर्दशः प्रबन्धः)

[१] कामिनीकुचाभकुम्भकुम्भिघनघटाशोभि-
तरलतुरङ्गततिरिङ्गिततरङ्गितम्।
सुन्दरसुमन्दिराभस्यन्दनसमूहयुतं
प्रचुरपदातिगणचारुचतुरङ्गितम्।
कम्पितकरालकरवालशक्तिशालि— (शूल)?[1]
तोमरभुशुण्डिभिन्दिपालपरिरङ्गितम्।
चालयन् बलं चचाल भूमिपालभालमणि-
रखिलकोशलापुरं रचयन् रसरङ्गितम् ॥ १ ॥

---

१. अत्र 'शूल' इति पाठः सम्भाव्यते। अनु०

कोशलापुरोपकण्ठपालितोपवन-क्षोणि-
वीक्षणे कृतक्षणोऽथ चक्षुषी विनोदयन्,
कोमलामलप्रवाललोलफुल्लफलितबाल-
सालमालिकासुसैन्यमन्यतोऽपि नोदयन्।
कोपयँस्तुरङ्गमङ्ग मङ्गलं मतङ्गजाय
साथयन् मनोरथं स सद्रथं प्रचोदयन्,
कोशनिस्सरत्कृपाणपाणिरित्थमाविहृत्य
सायमाययौ पुरं निशेशवद् रुचोदयन्॥ २॥

[पूर्वी राग में गाये जाने योग्य 'घनाक्षरी' छन्द से रचित दो पद्यों से कवि श्रीराम के अपराह्णभ्रमण का वर्णन करता है—]

राजाओं के सिरमौर भगवान् श्रीरामचन्द्रजी कामिनियों के कुच-कलशों के समान गण्डस्थलवाले हाथियों की घनघटा से शोभित, चञ्चल तुरग-पङ्क्ति की गति से तरङ्गित, सुन्दर मन्दिरों के समान रथ-समूह से युक्त एवं अत्यधिक पैदल चलनेवाले सैनिकों की चमचमाती हुई तलवार, शक्तिशाली शूल, तोमर-भाले, भुशुण्डी-बन्दूकें, तथा भिन्दिपाल-हाथ से फेंके जानेवाले छोटे डण्डेवाले अस्त्रों से चारों ओर व्याप्त चतुरङ्गिणी सेना के सञ्चालन से पूरे कोशलापुर को रस-रञ्जित बनाते हुए भ्रमण के लिये निकले॥ १॥

वे श्रीराम कोशलापुर की सीमा के भीतर बने उपवन की भूमि को देखकर नेत्रों को आनन्दित करते हुए, दूसरी ओर (उपवन में लगे हुए) कोमल, तथा निर्मल दल एवं चञ्चल और फूले-फले छोटे छोटे पौधे और उनके पुष्पादि से सैन्य को प्रेरित करते हुए, कहीं उत्तम शरीरबाले घोड़ों को क्रोध दिलाते हुए, कभी हाथी को उसकी रुचि के अनुसार घुमाते हुए तो कभी उत्तम रथ को चलाते हुए तथा कभी म्यान से तलवार निकालते हुए इस प्रकार इधर-उधर भ्रमण करके सायङ्काल होने पर चन्द्रमा के समान अपनी किरणों से आह्लादित करते हुए अयोध्या में आये॥ २॥

(चौपाई-वृत्तम्—)

सायमुपागतमिन-कुल-हंसं । लोलन्मणिमय-मकरवतंसम् ।
नयनपुटैरनुपिबन् सहर्षं । युवतिजनोऽकृत कुसुम-सुवर्षम्॥ २॥
नवयौवन-विलसन्मुखचन्द्रा । ललना लुलुके काचिदतन्द्रा।
कापि वलम्बितरत्नकपाटा । मृदुल मुजामणि-तिलकललाटा॥ ३॥
कापि नितम्बघनस्तनभारा । कनक-लता-तनुतरलितहारा ।
दध्यक्षतमनुवर्षति रामा । रघुकुल-नायकमनुगतकामा ॥ ४॥
निजनिजहर्म्यगता कुलललना । रामचन्द्रमुख-सुषमा-कलना ।
किमपि परस्परमनुगतरागा । जगदे जगति विदितबहुभागा॥ ५॥

[भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के नगर में लौटकर आते समय पुरवनिताओं के द्वारा किये गये अभिनन्दन का वर्णन चौपाई छन्दों में इस प्रकार है—]

डोलते हुए मणिमय कुण्डलों को धारण किये हुए सूर्यकुल-कमल-दिवाकर, भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के सायङ्काल उपवन-बिहार करके लौटते समय हर्षपूर्वक नयनों से अवलोकन करती हुई अयोध्या की युवतियों ने उन पर पुष्पवर्षा की । उस समय कोई नवयौवन से उल्लसित मुखचन्द्रवाली और कोई कोमल-भुजाओं में मणि और ललाट पर तिलक धारण की हुई रत्न के किवाड़ों का सहारा लेकर खड़ी हुई ललना एक टकटकी से उन्हें देख रही थी । कोई रघुकुलनायक के प्रति आसक्त, नितम्ब और घने स्तनों के भारवाली, स्वर्णलता के समान कृश शरीर पर हार पहनी हुई स्त्री दधि और अक्षत-लाजा बरसा रही थी और कुछ कुलललनाएँ अपने-अपने महल में ही श्रीरामचन्द्रजी के मुख की सुषमा का वर्णन करती हुई संसार में प्रसिद्ध परम सौभाग्यवाली अनुराग से युक्त परस्पर कुछ कहने लगीं ॥२-५॥

पद गौडरागेण गीयते । (पञ्चदशः प्रबन्धः)

[२] सखि हे राजति रघुकुलदीपः ॥ ध्रु० ॥

कार्मुकबाणकृपाणनिषङ्गी निर्जितजगत्प्रदीपः ।
पुरवनिताकरकुसुमविकीर्णः प्रणमति यं तु सतीपः ॥ १ ॥

अतसीकुसुमसमश्यामलतनुरतिमधुराधरमी(नी)पः[1] ।
पीताम्बरमनुकनकविभूषः परिकुसुमित इव नीपः ॥ २ ॥

चटुलतुरङ्गमदान्धमतङ्गजरथभटसेनानीपः ।
समधिरूढ इह तुङ्गतुरङ्गं रथमानयदवनीपः ॥ ३ ॥

[अतुलित-शौर्यदिवाकर-वर-करतर्जिततमःप्रतीपः ।[2]]
पुरनारीनरनिकरकराञ्चितकुसुमः प्राप्तसमीपः ॥ ४ ॥

[गौडराग में गाने योग्य गीत द्वारा कवि महिलाओं में चल रही बातों के आधार पर भगवान् श्रीरामचन्द्र की तत्कालीन शोभा का वर्णन करता है—]

हे सखी, धनुष, बाण, कृपाण और तूणीर को धारण किये हुए सूर्य के तेज को भी मन्द कर-देनेवाले, जिन्हें सती के पति शिवजी सदा प्रणाम करते हैं, पुरनारियों के हाथों से जिन पर पुष्प बरसाये गये हैं, अलसी के पुष्प के समान श्यामल शरीर, अत्यन्त मधुर-अधर पुष्पवाले, पीताम्बर तथा सुवर्ण के आभरणों से अलङ्कृत, खिले हुए नीप वृक्ष जैसे, चञ्चल घोड़े, मदान्ध हाथी, रथ और पैदल सेना के नायक, ऊँचे-ऊँचे घोड़ोंवाले रथ पर विराजमान होकर आते हुए, (अपने अतुलित शौर्यरूपी सूर्य की किरणों से शत्रुरूपी अन्धकार को दूर करते हुए), पुरवासी नर-नारियों के करों से बरसाये गये पुष्पों से पूजित, निकट आये हुए, रघुकुलदीपक, महाराजाधिराज श्रीरामचन्द्रजी अत्यन्त शोभित हो रहे हैं ॥१-४॥

---

१. अत्र 'नीप' इत्येव पाठः साधीयान् प्रतिभाति । 'ईप-मीप' शब्देन वा न कोऽप्यर्थोऽवभासते । अनु० ।
२. अत्रैकार्द्धाली विलुप्ता विद्यते सा च सम्भावित-पाठेनात्र पूरिता तथैव चानूदिताऽपि । अनु० ।

(वंशस्थ-वृत्तम्)

अथोपयातं भवनं प्रियायुतं नीराजयामास स तं निजो जनः ।
प्रसून-दूर्वाक्षत-चन्दनोक्षिते पात्रे सुकर्पूरमय-प्रदीपकैः ॥ ६ ॥

तदनन्तर राजमहल में आये हुए श्रीरामचन्द्रजी की सीताजी के साथ उनके आत्मीयजनों ने पुष्प, दूर्वा, अक्षत और चन्दन से सजे हुए पात्र में जलाये गये कर्पूरमय दीपकों द्वारा आरती उतारी ॥६॥

पदं [?] रागेण गीयते । **(षोडशः प्रबन्धः)**

[३] जय जय जगतामीश्वर जय जगदेकात्मन् !
नीराजनदीपावलिमवलोकय भगवन् ॥ ध्रु० ॥
प्रणमज्जनकरुणाकर दिनकरवंशपते !
परिशीलितनिगमागम-सम्मति-साधुमते ॥ १ ॥
स्वीकृतशिवविधिसनकादिकसुरराजनते ।
त्वयि सुखरूपे मुनिजनमानसमनुरमते ॥ २ ॥
तव महिमानमपारं नेति श्रुतिरयते ।
भजति भवन्तं स भवानिह यस्मै दयते ॥ ३ ॥
मनसि मुनीनामनुदिनसाधनसुप्रयते ।
निवसन्तं भगवन्तं मम चेतो ह्वयते ॥ ४ ॥
अनुजैरनुचरनिकरैरनुसेवितमनिशम् ।
सन्ततमनुतनुते यत् सेवनमनुमुनि शम् ॥ ५ ॥
दयितासंयुत ! तदिदं तडिदम्बुदसदृशम् ।
तव रमणीयं रूपं रमयतु '**सोम**'दृशम् ॥ ६ ॥

[आरती के समय की गई प्रार्थना इस प्रकार है—]

हे जगत् के अधिनायक, जगद्रूप, भगवान् ! आपकी जय हो। आप नीराजन के लिये प्रस्तुत दीपावली का अवलोकन कीजिये। हे सूर्यवंश के अधिपति, नमनशील भक्तों पर दया करनेवाले, निगम और आगम से सम्मत उत्तम बुद्धि सम्पन्न, भक्त-शिव, ब्रह्मा, सनकादि मुनि तथा इन्द्रादिक देवताओं द्वारा वन्दित पूर्णब्रह्मरूप, मुनिजनों का मन आपमें रमण करता है। आपकी अपार महिमा का वर्णन वेदों में नेति-नेति कहकर गाया गया है, जिस पर आप कृपा करते हैं वह आपका स्मरण करता है। निरन्तर साधना में लीन मुनिजनों के मानस में निवास करनेवाले भगवान् को मेरा हृदय बुला रहा है। तथा छोटे भाई भरत, लक्ष्मण शत्रुघ्न और सेवकगणों द्वारा अहर्निश सेवित जिन भगवान् की मुनिजन सदा सेवा करके मङ्गल-कामना करते हैं ऐसे बिजली और बादल जैसे सीताजी और रामचन्द्रजी का रमणीय रूप '**सोमकवि**' के नेत्रों को आनन्दित करे ॥१-६॥

(पञ्चचामर-वृत्तम्)

स लोकसङ्ग्रहानुकूलमाचरन् कुलोचितं,
चकार कर्म वैदिकं निशामुखे यदञ्चितम् ।
सुमन्त्रमुख्यमन्त्रिभिर्न्यमन्त्रयत् स्वतन्त्रकं,
प्रयातयामिकां निशामथोत्थितः स्वतन्त्रकम् ।। ७ ।।

[इस प्रकार आरातिका हो जाने पर] श्रीरघुनाथजी ने सायङ्काल में अपने कुल के अनुरूप लोक-सङ्ग्रह के अनुकूल आचरण करते हुए उचित वैदिक कर्म किया । तदनन्तर सुमन्त्र आदि प्रमुख मन्त्रियों के साथ राज्य-तन्त्र से सम्बन्धित मन्त्रणा की और एक प्रहर रात्रि बीत जाने पर स्वेच्छा से उठे ।। ७ ।।

इति श्रीराघवाह्लिके गेयकाव्ये व्यासोपनामकसोमनाथकृतौ **'कुशलकोशलेश्वरो'** नाम षष्ठः सर्गः।

यहाँ 'सोमनाथ व्यास' द्वारा रचित **'राघवाह्लिक-गेयकाव्य'**
का **'कुशल-कोशलेश्वर'** नामक छठा सर्ग पूर्ण हुआ ।

अथ सप्तमः सर्गः

— स वि ला स-को श ला प तिः —

(?) वृत्तम्—

मदनकेलिसदने सुगतः सन् दयितया (वि) रहिते रघुराजः ।
प्रियतमासहचरीं सुचरित्रामनुजगाद मदनाकुलितात्मा ।। १ ।।

[**सविलास-कोशलापति'** नामक सप्तम सर्ग में श्री सीताराम की प्रणय-लीला का वर्णन करते हुए कवि कहता है कि—]

(उस समय) श्री रामचन्द्रजी 'मदन-केलि-सदन' में पधारे । वहाँ प्राणवल्लभा सीताजी नहीं थी, अतः काम-वासना से व्याकुल होकर प्रियतमा की सहचरी सुचरित्रा को कहा ।। १ ।।

पदम् अडाणारागेण गीयते । **(सप्तदशः प्रबन्धः)**

अयि सुचरित्रे दयितामानय ।
इह सुखशयने कृतसुमचयने सरसमनङ्गसुखं मम तानय ।।ध्रु०।।
सौरभसारे सरसविहारे जनकनरेशसुतामभिसारय ।
परिचितचारे मदभृतमारे विपदम्बुधितो मामनुपारय ।। १ ।।
मनसिजखेदे हृदयविभेदे दयितावदनामृतमनुपायय ।
नयनसरोजे विजितमनोजे चुम्बनकलया मामनुधायय ।। २ ।।

मनसिजसमये मम कामयते सरसकलावति निपुणे पालय ।
रघुवरवचने मधुरिमरचने कवयति 'सोमे' दुरितं दालय ।। ३ ।।

['अडाणा' राग में गाने योग्य पद द्वारा श्रीरामचन्द्रजी की कामव्याकुलता का वर्णन करते हुए कवि उनके मुख से कहलाता है कि—]

हे सुचरित्रे ! प्राणप्रिया सीताजी को लाओ और इस 'मदन-केलि-सदन' में फूलों से बनी हुई सुखशय्या पर मेरे सरस अनङ्ग-सुख की अभिवृद्धि करो । पूर्ण सुगन्धित इस रमणीय विहार में जनक-नरेश की पुत्री सीताजी को प्रेषित करो तथा जिसके अनुचर कामोद्दीपक सामग्री सर्वत्र सुसज्जित हैं ऐसे मदमत्त कामदेव के व्याप्त होने से पीड़ित मुझ श्रीराम को विपत्ति के समुद्र से पार उतारो । हृदय को बींधनेवाले काम-सन्ताप की शान्ति के लिये प्राण-प्रिया के मुखामृत का पान कराओ क्योंकि कामदेव को जीतनेवाले नयन-कमलों में व्याकुल मेरा मन इस समय दयिता की कामना कर रहा है अतः तुम मेरे आदेश का पालन करो । इस प्रकार मधुर रचना से युक्त रघुनाथजी के वचनों को काव्यमय-रूप में प्रस्तुत करने से 'सोमकवि' द्वारा जो अपराध हुआ है उसे हे प्रभो ! आप क्षमा करें ।। १-३।।

पद कानडारागेण गीयते । **(अष्टादशः प्रबन्धः)**

पिब सखि, रामरूपमद्भुतमति ।। ध्रु० ।।
केलि-सदनमनुयाहि मदन-धनुरधुनाऽधिज्यमनङ्ग-रङ्गवति ।। १ ।।
कुरु नूपुरमनुरणित-हंसरुचि कोमल-पाद-कोकनद-सङ्गति ।। २ ।।
मेखलया कलकलकलनं कुरु डिण्डिममिव मनसिज-नृपसंयति ।। ३ ।।
दयित-भुजान्तर-भूषणमिदमपि वपुरारचय भूषण-सन्तति ।। ४ ।।
कज्जल-कलित-विशालविलोचन-फलमाकलय कुन्द-कुड्मल-दति ।। ५ ।।
परिचर चारुतर-स्मरसङ्गर-कलया कामिनमनुपम-रुचिमति ।। ६ ।।
'सोमे' भणति सखीजन-वचनं जनकसुता जीवितपतिमञ्चति ।। ७ ।।

['कानड़ा राग' में प्रस्तुत इस पद के द्वारा श्रीजानकीजी की प्रियसखी सुचरित्रा उनसे अभिसार के लिये निवेदन करती हुई कहती है—]

हे सखी ! रामचन्द्रजी के अद्भुत रूप का पान करो । हे अनङ्गरङ्गवती, इस समय कामदेव ने अपने धनुष पर प्रत्यञ्चा चढ़ा रखी है अर्थात् भगवान् राम काम-पीड़ा से व्याकुल हैं, इसलिये तुम केलि-सदन में जाओ । हंसों के समान अनुरणन करनेवाले नूपुर कोमल चरण-कमलों में पहनो, कामराज के युद्ध में डिण्डिमनाद के समान मेखला के द्वारा कल-कल निनाद करो, हे भूषणस्वरूपिणी, अपने इस शरीर को प्राणप्रिय की भुजाओं में आवेष्टित करो, हे कुन्दकलिका के समान सुन्दर दाँतोंवाली ! कज्जल से अलङ्कृत इन विशाल लोचनों का (प्राणप्रिय के दर्शन से) फल प्राप्त करो तथा हे अनुपम शोभाशालिनी ! अत्युत्तम स्मर-सङ्ग्राम की कला से कामी प्राणवल्लभ की सेवा करो । **'कविसोम'** कहते हैं कि इस प्रकार सखी के वचन कहने पर जनकनन्दिनी सीताजी अपने प्राणनाथ श्रीरामजी के पास पधारती हैं ।।१-७।।

पदं सोरठारागेण गीयते । (ऊनविंश: प्रबन्धः)

शयनतलमेहि सुधारससारे ॥ ध्रु० ॥
नलिनदलाभे मम निधिलाभे रचय पदेन हि चारे ॥ १ ॥
वलिभकृशोदरि काञ्चनसोदरि पीनघनस्तनभारे ॥ २ ॥
अनुगुणगुम्फित-मणिगणमौक्तिकतरलतावलिहारे ॥ ३ ॥
लोचन-चपलतर-स्फुरदञ्चल-चञ्चित-काम-विकारे ॥ ४ ॥
परिणत-बिम्बफलाधर-सुधया जीवितहर-हतमारे ॥ ५ ॥
नासा-वंश-पुरः-परिविलसन्नव-मुक्ता-फल-तारे ॥ ६ ॥
कुण्डल-कलित-कपोल-तल-द्युति-दीपित-शयनागारे ॥ ७ ॥
कुसुमित-केशपाश-रुचि-निर्जित-भुजगति-भोगाकारे ॥ ८ ॥
'सोम'नुते रघुनन्दन-भणिते नन्दति दयितोदारे ॥ ९ ॥

[अन्तःपुर में सीताजी के आने पर 'सोरठा' राग में गाये जानेवाले इस पद में भगवान् श्रीरामचन्द्रजी, सीताजी से अनुनय करते हैं—]

हे त्रिवली-विराजित कृशोदरी, स्वर्णाङ्गी, पीन एवं घने स्तनोंवाली, समान गुणवाली, मणि और मोतियों से गूँथी हुई मध्यमणि से युक्त लतावलीरूप हार से अलङ्कृत, चञ्चल नेत्र एवं अञ्चल के स्फुरण से काम-विकार को जगानेवाली, पके हुए बिम्बाफल के समान अधर की सुधा से प्राणों के हरनेवाले कामदेव को मार देनेवाली, नासिका के अग्रभाग पर नवीन एवं उज्ज्वल मुक्ताफल को धारण करनेवाली, कुण्डलों एवं कपोल-युगल की कान्ति से शयनागार को प्रकाशमय बनानेवाली तथा फूलों से सजे हुए केशपाश की कान्ति से सर्प की गति को जीतनेवाली सुधारस के साररूप, नलिनपत्र जैसी मेरे (रामचन्द्र के) सर्वस्व को दिलानेवाली मनोहर शय्या पर आओ तथा अपने चरणों से उसे कृतार्थ करो ॥ १-९ ॥

पदं [बहार] रागेण गीयते । (विंशः प्रबन्धः)

मञ्चे चञ्चति जनकसुता ।
कुन्दकुसुमदलधवलतूलिके रसिकशिरोमणियुता ॥ ध्रु० ॥
तरुणतमालश्यामलकोमलदयितभुजावलिता ।
वरचामीकरलतातनुद्युतिरतनुबाणदलिता ॥ १ ॥
पीनस्तनस्तबकभरनम्रा स्मितसुमनोललिता ।
कोकनदाभपाणिपदपल्लव-नयनविहगकलिता ॥ २ ॥
नीराजिता सखीगणनयनैरपि लज्जाचकिता ।
सुकृती'सोम'भणितसुषमा यदि सादरमवलोकिता ॥ ३ ॥

['बहार' राग में गाये जानेवाले इस पद्य से शय्या पर श्रीरामचन्द्रजी के साथ विराजमान सीता जी की शोभा का वर्णन करते हुए कवि कहता है—]

नवीन तमाल-पत्र के समान श्याम तथा कोमल प्रिय की भुजा में ग्राश्लिष्ट, श्रेष्ठ सुवर्ण की लता के समान शरीर की कान्ति से युक्त. कामदेव के बाण से दलित, पीन स्तनगुच्छों के भार से झुकी हुई, खिले हुए पुष्प जैसी, प्रसन्न, कमल के समान हाथ और पद-पल्लव वाली तथा नेत्र-रूपी खञ्जन से युक्त एवं स्त्रीजनों के नेत्रों से नीराजित होने पर भी लज्जा से चकित ऐसी **'कविसोम'** द्वारा जिनकी सुषमा का वर्णन किया गया है और यदि उनका सादर अवलोकन किया जाए तो वह धन्य हो जाए ऐसी जानकीजी रसिक-शिरोमणि श्रीरामचन्द्रजी के साथ कुन्दपुष्प की पँखुड़ियों के समान श्वेत रुईसे भरे हुए गद्देवाले पर्यङ्क पर शोभित हो रही हैं ॥१-३॥

(वंशस्थ-वृत्तम्)

तयोरमन्दं मुदिते तरङ्गिते स्फुरत्यनङ्गस्मयसङ्गरेरिते ।
सखीजनोऽपि स्मितलोललोचनः शनैर्बहिः कृत्यमिषेण निर्ययौ ॥ २ ॥

(वहाँ केलिसदन में पर्यङ्क पर श्रीसीताजी एवं श्रीरामचन्द्रजी के) परस्पर काम-सम्बन्धी हास्य-विनोदजन्य क्रिया-कलाप से प्रेरित अतिशय आनन्द में मग्न हो जाने पर, सखियाँ भी मन्द-मन्द मुसकाती हुईं कुछ काम के बहाने से धीरे-धीरे बाहर चली गईं ॥२॥

(चौपाई-वृत्तम्)

प्रियतमपङ्कजमथ सा रामा । सापि सिषेवे तडिदभिरामा ॥
स्मितसुभगप्रियवचनविनोदा । विहितप्रियतमहृदयामोदा ॥ ३ ॥

रमणचरणतललालनसरसा । प्रियचरिते चकितेव च तरसा ।
रमण-करस्पर्शन-सानन्दा । प्रियलोचनरतिलतिका-कन्दा ॥ ४ ॥

मदनमुदितवदनेन्दुविलासा । कमनकलितकलकामकला सा ।
विकसितमुखपङ्कजदरहासा । प्राणप्रियमनुरमयति भासा ॥ ५ ॥

जनकसुताजितजगदातङ्का । दलितदासजनसकलकलङ्का ।
दयतामपि दयितारससक्तः । श्रीरघुपतिरनुरञ्जितभक्तः ॥ ६ ॥

'सोम'कवेरिदमतिसुखसारम् । रघुपतिपदरतसुखदमुदारम् ।
भणितमतिप्रीणितहरिभक्तम् । नयति विकुण्ठं विषयासक्तम् ॥ ७ ॥

श्रीरघुनायकवासरकृत्यम् । श्रीशिवगुरुरनुगायति नित्यम् ॥
मामुपदिशतीव निजापत्यम् । किमपि ततो लवमितमनुभृत्यम् ॥ ८ ॥

(सखियों के बाहर चलेजाने पर) विद्युत् के समान सुन्दर प्रिय के हृदय को आनन्दित करती हुई, श्रीराम के चरणतल को दबाती हुई तथा उनकी लीला में सहसा चकित बनी हुई, प्रिय के कर-स्पर्श से आनन्दित, प्राणनाथ के

नेत्रों में आनन्दलता को अङ्कुरित बनाने के लिए कन्दरूप, कामवासना से प्रसन्न मुखचन्द्रवाली, प्रिय की अभिरुचि के अनुसार कामकला करनेवाली, विकसित कमल के समान मुख पर मञ्जुल हास्ययुक्त, जगत् के आतङ्क को जीतनेवाली तथा अपने भक्तजनों के समस्त कलङ्क को नष्ट करनेवाली श्रीजानकीजी ने प्रियतमरूपी कमल की सेवा की और अपनी दीप्ति से प्राणप्रिय को अनुरञ्जित किया। इस प्रकार दयिता प्राणप्रिया के प्रेम में आसक्त होते हुए भी भक्तजनों पर कृपा करनेवाले श्रीरघुनाथजी हम पर दया करें। यह अत्यन्त सुख का साररूप, श्रीरामचन्द्रजी के चरणों में भक्ति बढ़ानेवाला, सुखद तथा उदार, विषयासक्त रहते हुए भी हरिभक्तों को अत्यन्त प्रसन्न करनेवाला **'सोमकवि'** द्वारा वर्णित (सीताराम की प्रणयलीला का) वर्णन (अध्येता, श्रोता और वक्ता को) वैकुण्ठ में वास दिलाता है।

इस प्रकार के इस रघुनाथजी के दैनिक कृत्य का श्रीशिव-गुरु नित्य गान करते हैं तथा उसी में से अतिसंक्षिप्त कर अपने पुत्र के समान मुझ चरणसेवक को उपदेश देते हैं। अर्थात् भगवान् शिव की प्रेरणा से ही मैंने (सोम कवि ने) यह 'राघवाह्लिक-गेयकाव्य' लिखा है जिसको कि साक्षात् शिव-गुरु ने अतिसंक्षेप में मुझे बतलाया है ॥३-८॥

इति श्रीराघवाह्लिके गेयकाव्ये व्यासोपनामकसोमनाथकृतौ **'सविलास-कोशलापति'**नाम सप्तमः सर्गः समाप्तः

यहाँ **'श्री सोमनाथ व्यास'** द्वारा प्रणीत 'राघवाह्लिक-गेयकाव्य' का
'सविलासकोशलापति' नामक सप्तम सर्ग पूर्ण हुआ।

॥ समाप्तञ्चेदं श्रीराघवाह्लिकं गेयकाव्यम् ॥



[मूल-काव्य-सम्पादकस्य परिचय-पुष्पिका—]

आवन्त्यः शुक्लवंश्यस्त्रिदशवरगिराभक्तिमान् शास्त्रनिष्ठः,
प्रत्नग्रन्थप्रकाशे प्रणिहित-मतिकोऽध्यापयन् मन्दसौरे।
'श्रीबाबूलालशास्त्री' रघुपतिचरण-प्रीतिसान्द्रं सुकाव्यं
सोमस्यैतद् न्यवेदीत् बुधजनमनसां साधु सम्पाद्य तुष्टयै ॥

प्रस्तुत श्री सोमनाथ व्यास विरचित **'राघवाह्निक गेयकाव्य'** उज्जयिनी-निवासी, शुक्लवंशोत्पन्न, संस्कृतभक्त, शास्त्रनिष्ठ, प्राचीन ग्रन्थों के प्रकाशन में दत्तचित्त **'श्री बाबूलाल शास्त्री'** ने मन्दसौर (म. प्र. के महाविद्यालय में) अध्यापन करते हुए उत्तम प्रकार से सम्पादित कर विद्वज्जनों के मन को आनन्दित करने के लिये निवेदित-समर्पित किया।

[अनुवादकस्य परिचय-पुष्पिका—]

परम-विमल भक्ति-प्राप्त—**'सीता'**ऽङ्गजन्मा,
वर-**'दशपुर'**वासी **'श्रीरमाकान्त'**सूनुः।
रघुपति-पद-भक्त्या **'रुद्रदेवस्त्रिपाठी**,
रघुपति-दिनकृत्यं राष्ट्रवाच्यन्ववादीत् ॥ १ ॥

परम-विमल भक्तिमती माता **'सीता'** के गर्भ से उत्पन्न, ज्योतिषी पं. **श्रीरमाकान्त** जी शर्मा के पुत्र, **दशपुर-मन्दसौर** (मध्य प्रदेश) निवासी **'रुद्रदेव त्रिपाठी'** ने श्रीरघुपति के चरणों में भक्ति रखते हुए **'राघवाह्निक-गेयकाव्य'** का राष्ट्रभाषा में अनुवाद किया ॥ १ ॥

वर्षे चन्द्र[१]-त्रि[३]-शून्याक्षि[०२]- सम्मिते माधवेऽसिते।
पूर्णकुम्भ-दिने पूर्णोऽनुवादः सप्तमी-तिथौ ॥ २ ॥

सं० २०३१ वैशाख कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि शनिवार, तदनुसार मेष सङ्क्रान्ति को हो रहे हरिद्वार के पूर्णकुम्भ पर्व के दिन यह अनुवाद पूर्णता को प्राप्त हुआ ॥ २ ॥

'कृष्ण'-तीर्थाप्त-विद्येन 'रुद्रेणा'नूदितं मुदा।
श्रीराघवाह्निकं गेय-काव्यं' मोदाय जायताम् ॥ ३ ॥

परमपूज्य दण्डी स्वामी श्रीकृष्णानन्दजी तीर्थ से विद्या प्राप्त **रुद्रदेव त्रिपाठी** के द्वारा प्रसन्नता-पूर्वक किया हुआ **'श्रीराघवाह्निक गेय-काव्य'** का यह अनुवाद सबके आनन्द के लिये हो ॥ ३ ॥

"इति शुभम्"

—:०:—

श्रीराघवाह्निक-गेयकाव्यस्थ-पद्यानामनुक्रमणिका

'श्रीराघवाह्निक' गेयकाव्यस्थ-गेयपदानामनुक्रमणिका

श्रीराघवाह्लिक-गेयकाव्ये प्रयुक्तानि वृत्तानि

१. अनुष्टुप्	(३-१, ३-३, ४-४, ६-१)	चत्वारि पद्यानि
२. गीतिभेदः	(७-१)	एक पद्यम्
३. घनाक्षरी	(३-४)	एकं पद्यम्
४. चौपाई	(६-२ तः ५ यावत् ७-३ तः ८ यावत् च)	दश पद्यानि
५. तोरकम्	(१-६)	एकं पद्यम्
६. पञ्चत्यामरम्	(६-७)	एकं पद्यम्
७. पृथ्वी	(४-३)	एकं पद्यम्
८. मालिनी	(४-२)	एकं पद्यम्
९. रथोद्धता	(४-१, ५-१)	द्वे पद्ये
१० वसन्ततिलका	(५-२)	एकं पद्यम्
११. वंशस्थम्	(३-४, ६-६, ७-१)	त्रीणि पद्यानि
१२. शार्दूलविक्रीडितम्		द्वादश पद्यानि

द्वादश प्रकारकाणि वृत्तानि — सम्भूय सर्वाणि अष्टत्रिंशत् पद्यानि

श्रीराघवाह्लिक-गेय-काव्यस्थ-प्रबन्धानां राग-सूची

	सर्ग० गीत	प्रबन्धसंख्या	पदसंख्यासहिता
१. अडणा०	७-१	१७	३
२. कानडा०	७-२	१८	७
३. गौड़०	६-२	१५	४
४. धनाश्री०	५-१	१२	७
५. पूर्वी धनाक्षरी)	६-१	१४	३
६. [बहार०]	५-१३	१३	४
७. [बहोर]	७-४	२०	१२
८. बिलावल	२-१	३	३
९. भैरव	१-१	१	४
१०. [११]	१-२	२	८
११. सारङ्ग	४-१,	१०	५
१२. [११]	४-२	११	४
१३. सोरठा	७-३	१८	९
१४ अपरिचिता असूचिताश्च			

एवं दश रागाणां नामनिर्देशः विंशतिप्रबन्धाश्चात्र विद्यन्ते ।

हमारे प्रकाशन

१. काश्मीरेतिहासः		पं. श्री हनुमत्प्रसादशास्त्री	रु. १५.००
२. गीतिकादम्बरी		श्री अमीरचन्द्रशास्त्री	रु. २०.००
३. अध्वरमीमांसाकुतूहलवृत्तिः	भाग I	सं० श्रीपट्टाभिरामशास्त्री	रु. ३०.००
४. " "	भाग II	"	रु. ३०.००
५. " "	भाग III	"	रु. १५.००
६. " "	भाग IV	"	यन्त्रस्थ
७. पाणिनि, कात्यायन एण्ड पतञ्जलि		श्री के० माधवकृष्णशर्मा	रु. १५.००
८. ऋग्वेदकविविमर्शः		डॉ० मधुकर गो० माईणकर	रु. ३.००
९. पञ्चामृत		डॉ० नाकामुरा, डॉ० वी० वी० मिराशी, डॉ० एस० एम० कत्रे, डा० लूथर लुट्ज तथा डा० नगेन्द्र के भाषणों का संग्रह	रु. १५.००
१०. प्रमाणप्रमोदः		म० म० चित्रधरशर्मा, सं० श्रीमती उज्ज्वला शर्मा	रु. ७.५०
११. नित्यकर्मप्रकाशः		श्री भवानीशङ्कर त्रिवेदी	रु. ४.००
१२. संस्कृत-साहित्य में शब्दालङ्कार (शोध प्रबन्ध)		डा० रुद्रदेव त्रिपाठी	रु. ४०.००
१३. ऋतु इन संस्कृत लिटरेचर		डा० वी० राघवन्	रु. १६.००
१४. रससिद्धान्तः		डा० नगेन्द्र, अनु० श्री अमीरचन्द्रशास्त्री	रु. १[illegible]
१५. बौद्धालङ्कारशास्त्रम्		अनु० तथा सं० डा० ब्रह्ममित्र अवस्थी	रु. १५.००
१६. संचारी भावों का शास्त्रीय अध्ययन (शोध-प्रबन्ध)		डा० रघुवीरशरण व्यथित	रु. २[illegible]
१७. अध्ययन-माला (प्रथम कुसुम)		प्र० सं० डा० पुष्पेन्द्रकुमार शर्मा	रु. १[illegible]
१८. प्रवचन-पारिजातः		श्रीचारुदेवशास्त्री एवं श्रीश्रीजीवन्याय तीर्थ के भाषणों का संग्रह	रु. ६.००
१९. म० म० श्री परमेश्वरानन्दशास्त्रिस्मृतिग्रन्थ (अध्ययनमाला विशेषाङ्क)			रु. ३५.००
२०. चान्द्रव्याकरणवृत्तेः समालोचनात्मकमध्ययनम् (शोधप्रबन्धः)		डा० हर्षनाथ मिश्र	
२१. जीवन-परिमल (म० म० परमेश्वरानन्द शास्त्री जी का परिचय तथा संस्मरण)		ले० तथा सं० डा० रुद्रदेव त्रिपाठी	
२२. भाषण-भूषणम् (६ भाषणों का संग्रह)		पं० श्री दीनानाथ शास्त्री तथा डा० सत्यव्रतशास्त्री	
२३. राघवाह्निकम् गेयकाव्यम् (हिन्दी अनुवाद सहित)		ले० श्री सोमनाथ व्यास सं. प्रो० बाबूलाल शास्त्री एवं अनु० डा० रुद्रदेव त्रिपाठी	
२४. रसमीमांसा (हिन्दी अनुवाद सहित)		ले० श्री गङ्गाराम जड़ी अनु० तथा सं० डा० रुद्रदेव त्रिपाठी	
१. तैत्तिरीय संहिताभाष्य		म० म० श्री परमेश्वरानन्दशास्त्री	
२. देवीपुराणम्		सं० डा० पुष्पेन्द्रकुमार शर्मा	

प्राप्तिस्थान—

श्रीलालबहादुरशास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ,

नई दिल्ली-२१